सूर्योदय 6:06 सूर्यास्त 6:43

आज का तापमान

शिमला	10.0 न्यू	20.0 अधि
धर्मशाला	12.0 न्यू	22.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	73,320
निफ्टी	22,713

सोना 1,46,300 | चांदी 2,25,200

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 5 अप्रैल 2026 | 23 चैत्र, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 96, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

दादरा और नगर हवेली के गोदाम में धमाका, 4 मौतें

एजेंसी, दादरा। केंद्र शासित प्रदेश दादरा नगर हवेली के सिलवासा में एक नाइट्रोजन गोदाम में जोरदार विस्फोट हुआ। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं, छह घायल हैं। घटना देमनी स्कूल फलिया क्षेत्र की है। यहां शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे के करीब जोरदार धमाका हुआ, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। यह गोदाम एक व्यस्त सड़क पर एक चाल के पास स्थित था और स्कूल से महज करीब 30 मीटर की दूरी पर था, जिससे सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह गोदाम बिना अनुमति के संचालित हो रहा था। (अनंत ज्ञान)

सुरक्षाबलों ने मणिपुर में चार उग्रवादी किए अरेस्ट

एजेंसी, इंफाल। उग्रवादी गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई करते हुए मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले के मोरेह पुलिस स्टेशन के तहत यांगोबुंग गांव में चलाए गए एक ऑपरेशन के दौरान घाटी-आधारित उग्रवादी समूह (वीबीआईजी) के चार कैडरों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस ने शनिवार को बताया कि इन्हें बीते वीरवार को गिरफ्तार किया गया था। इनकी पहचान केइशम सुमंता मैतेई (25, पीएलए से जुड़ा), अंगोम सोमरजीत सिंह उर्फ नोंगाबा (32, जो एनआरएफएम से जुड़ा), युमनाम नाओबा सिंह उर्फ शिनसांगम्बा (26, जो केसीपी/एमएफएल से जुड़ा) और खुंड्राकपम श्यामसन मैतेई उर्फ मंगनलेइबा (25, जो केसीपी से जुड़ा) के रूप में की गई है। (अनंत ज्ञान)

जर्मनी में पुरुषों के देश छोड़ने पर रोक

एजेंसी, बर्लिन। जर्मनी में 17 से 45 साल के पुरुषों की विदेश यात्रा को लेकर बड़ा बदलाव सामने आया है। सरकार ने नई व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत इस आयु वर्ग के पुरुषों को तीन महीने से ज्यादा समय के लिए देश छोड़ने से पहले अनुमति लेनी होगी। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब जर्मनी अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब अगर कोई पुरुष तीन महीने से ज्यादा समय के लिए पढ़ाई, नौकरी या किसी अन्य कारण से विदेश जाना चाहता है, तो उसे जर्मन सेना यानी बुंडेसवेहर से मंजूरी लेनी होगी। यह नियम 1 जनवरी 2026 से लागू किया गया है। पहले यह नियम सिर्फ आपात स्थिति या युद्ध जैसे हालात में लागू होता था, लेकिन अब इसे सामान्य समय में भी लागू कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

केरल में शशि थरूर के काफिले पर हमला

एजेंसी, तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस सांसद

शशि थरूर के काफिले को निशाना बनाते हुए उनके गनमैन और ड्राइवर पर कथित हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, यह घटना शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे वांडूर के तिरुवाली के पास चेल्लीथोडे इलाके में हुई। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सस्ते विदेशी सेब से बागवान चिंतित, आयात नीति पर नजर -पेज 2
- शिक्षा के मंदिर से ही देश का समग्र विकास संभव: पठानिया -पेज 4
- मनाली में सीजन से पहले ही 'हांफने' लगी ट्रैफिक व्यवस्था -पेज 11

चेस्टर हिल्स मामले की होगी जांच

सुक्खू सरकार ने डीसी सोलन मनमोहन शर्मा को सौंपा जांच का जिम्मा

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल की सुक्खू सरकार ने बहुचर्चित चेस्टर हिल-2 और चेस्टर हिल-4 प्रोजेक्ट से जुड़े जमीन विवाद मामले में डीसी सोलन मनमोहन शर्मा को जांच के आदेश जारी किए हैं। सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मामले में हिमाचल प्रदेश टेनेंसी एंड लैंड रिफॉर्म एक्ट 1972 की धारा 118 के तहत उल्लंघन का केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार ने 6 दिसंबर, 2025 को डीसी सोलन को लिखे पत्र को भी निरस्त कर दिया है, जिसमें चेस्टर हिल विवाद में कार्रवाई रोकने को कहा गया था।

सरकार ने यह भी कहा है कि संबंधित सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद कानून के अनुसार उचित निर्णय लिया जाए। इन आदेशों के बाद चेस्टर हिल्स जमीन सौदों में कथित अनियमितताओं और संभावित घोटाले में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की संभावना तेज हो गई है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जांच में बेनामी लेनदेन सिद्ध होता है, तो संबंधित जमीन सरकार में निहित (वेस्ट) की जा सकती है।



मनमोहन शर्मा डीसी, सोलन

मामले में अब विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश किरायेदारी और भूमि सुधार अधिनियम की धारा 118 के तहत पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की जाएगी, जो गैर-कृषकों को भूमि हस्तांतरण से संबंधित मामलों को नियंत्रित करती है। इस निर्णय का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना बताया जा रहा है कि कहीं नियमों की अनदेखी कर विशेष लाभ तो नहीं दिया गया। इस पूरे प्रकरण ने राजनीतिक हलकों में भी हलचल पैदा कर दी है।

विभिन्न दलों के नेताओं ने न केवल व्यापक जांच की मांग उठाई है, बल्कि उन अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की भी बात कही है, जिन्होंने इस परियोजना को मंजूरी देने में भूमिका निभाई।

एसडीएम सोलन की जांच से हुआ फर्जीवाड़े का खुलासा

इस पूरे मामले की पृष्ठभूमि में सोलन के एसडीएम की विस्तृत जांच रिपोर्ट है, जिसमें चेस्टर हिल्स रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में गंभीर अनियमितताओं के संकेत दिए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रोजेक्ट से जुड़ी जमीन भले ही कागजों में एक स्थानीय कृषक के नाम पर दर्ज है, लेकिन वास्तविक विकास, निर्माण, मार्केटिंग और फ्लैटों की बिक्री एक गैर-कृषक फर्म द्वारा संचालित की जा रही थी। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि संयुक्त विकास समझौते के जरिए जमीन से जुड़े अधिकांश अधिकार डेवलपर को हस्तांतरित कर दिए गए थे। दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि फ्लैट खरीदारों से प्राप्त भुगतान सीधे डेवलपर फर्म के खातों में जमा हुए। खरीदारों द्वारा प्रस्तुत एग्रीमेंट, रसीदें और बैंक लेनदेन भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि परियोजना का वास्तविक वित्तीय और व्यावसायिक नियंत्रण डेवलपर के पास था।

किसान आयोग गठन से मिलेगी किसानों को मजबूती: सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने गेहूं, मक्की, कच्ची हल्दी और पांगी घाटी के जौ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित कर पहले ही लाखों किसानों को सीधा लाभ पहुंचाया है। अब सरकार ने एमएसपी में और वृद्धि करने के साथ पहली बार अदरक को भी इसके दायरे में शामिल किया है, जिससे बागवानी और नकदी फसलों से जुड़े किसानों को भी सीधा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य में किसान आयोग का गठन किया जा रहा है, जिसकी घोषणा विधानसभा के बजट सत्र में की गई थी। यह आयोग किसानों से जुड़े मुद्दों का गहराई से अध्ययन कर व्यावहारिक और दीर्घकालिक समाधान सुझाएगा, जिससे नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि यह कदम किसानों की आवाज को सीधे नीति निर्माण तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों के हाथों में सीधा पैसा पहुंचाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

किसान बनेंगे आत्मनिर्भर

मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसपी में वृद्धि और किसान आयोग के गठन जैसे निर्णयों से न केवल कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी, बल्कि गांवों में रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इन पहलों से प्रदेश के किसान आत्मनिर्भर बनेंगे और कृषि क्षेत्र नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

◆ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए ऐतिहासिक पहल

ऊंची चोटियों पर बर्फबारी, मैदानों में बारिश का दौर जारी

छह जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। मौसम विभाग केंद्र शिमला ने हिमाचल प्रदेश में 9 अप्रैल तक ओलावृष्टि-तूफान की चेतावनी दी है। पांच और छह अप्रैल को 6 जिलों में येलो अलर्ट की चेतावनी है, जबकि सात अप्रैल को 10 जिलों को अलर्ट जारी किया गया। आठ अप्रैल को फिर से ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी दी गई है। यह अलर्ट ओलावृष्टि और तूफान को लेकर दिया गया है।वहीं, शनिवार को भी पहाड़ी क्षेत्रों की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी और निचले मैदानी इलाकों में बारिश का दौर जारी रहा। लाहौल-स्पीति जिला की ऊंची चोटियों पर शनिवार शाम को एक बार फिर ताजा हिमपात हुआ। अटल टनल रोहतांग में बर्फबारी के बाद सड़क पर फिसलन बढ़ गई। इससे वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई।

अटल टनल के अलावा दारचा, गोंदला, रोहतांग दर्रा, शिंकुला दर्रा और स्पीति वैली में भी बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले छह दिन भी बारिश से राहत के आसार नहीं है। रविवार को कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिला में ओलावृष्टि व तूफान का ऑरेंज अलर्ट दिया गया है, जबकि लाहौल स्पीति और किन्नौर को छोड़कर अन्य सभी जिलों में येलो अलर्ट की चेतावनी दी गई।

दोपहर बाद शिमला जिला के ठियोग व आसपास के क्षेत्रों और हमीरपुर के सुजानपुर भी भारी ओलावृष्टि हुई।

बारिश-बर्फबारी से फसलों को नुकसान

पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश से गेंहू की फसल खेतों में लेट गई है। इसी तरह से सेब व अन्य फलों को भी आकार लेने के लिए धूप व गर्मी की जरूरत है। बीच बीच में ओले भी इन फलों के लिए कहर बन रहे हैं। ओले मटर की फसल के लिए कहर बन कर टूट रहे हैं। बारिश व बर्फबारी ने एक बार फिर से मौसम को ठंडा कर दिया है।

फर्जी वाहन पंजीकरण गिरोह का पर्दाफाश

सोलन पुलिस ने मामले में संलिप्त 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। जिला पुलिस ने साइबर एवं दस्तावेजी धोखाधड़ी से बाहरी राज्यों के माल वाहक वाहनों के फर्जी पंजीकरण गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मामले में संलिप्त 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार है। मामले में 26 जनवरी 2026 को पुलिस थाना सदर सोलन में क्षेत्रीय परिवहन एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण सोलन की अधिकारी डॉ. पूनम बंसल द्वारा पुलिस अधीक्षक सोलन के माध्यम से एक शिकायत पत्र प्रस्तुत किया गया। उक्त शिकायत में गंभीर आरोप लगाए गए कि आर एंड एल सोलन के कार्यालय अभिलेखों के परीक्षण एवं सत्यापन के दौरान यह उजागर हुआ है कि वाणिज्यिक वाहनों के पंजीकरण, लोडेड वेट में संशोधन तथा स्वामित्व हस्तांतरण की प्रक्रियाओं में सुनियोजित एवं गंभीर अनियमितताएं की गई हैं।

जांच के दौरान यह भी पाया गया कि संबंधित मामले में आवश्यक भौतिक पंजीकरण अभिलेख उपलब्ध नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, पंजीकरण उपरांत बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के अभिलेखों में अवैध संशोधन किए गए, जो स्पष्ट रूप से कदाचार एवं आपराधिक षड्यंत्र की ओर संकेत करता है।

वाहन पंजीकरण धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार आरोपी। अनंत ज्ञान

उपरोक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों से यह स्थापित होता है कि आधिकारिक अभिलेखों में जानबूझकर हेरफेर की गई, सरकारी लॉगिन क्रेडेंशियल्स का दुरुपयोग हुआ तथा बाहरी व्यक्तियों के साथ संभावित मिलीभगत के माध्यम से अवैध लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया गया। उक्त शिकायत के आधार पर एसपी सोलन द्वारा उप पुलिस अधीक्षक अशोक चौहान के नेतृत्व में एक विशेष अन्वेषण दल का गठन किया गया था। इस दल में साइबर तकनीकी से सुसज्जित दक्ष पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया है।

टीम ने गहन अन्वेषण/तफ्तीश के दौरान पाया कि उपरोक्त वाहनों का पंजीकरण निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए बिना किया गया था। पुलिस टीम द्वारा 3 अप्रैल को 6 आरोपियों जितेंद्र ठाकुर, अनिल कुमार, राज कुमार, जितेंद्र कुमार, नरेश कुमार व विकास सिंह उर्फ शालू को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, एसपी सोलन एसडी वर्मा ने कहा कि मामले की जांच अभी प्रगति पर है तथा इस प्रकरण में संलिप्त अन्य व्यक्तियों एवं संभावित नेटवर्क की पहचान की जा रही है।

मास्टरमाइंड के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। मामले में बिलासपुर से जुड़े कथित मास्टरमाइंड गौरव भारद्वाज के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। वह फिलहाल फरार है और पुलिस उसकी तलाश में कई जगह दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और आने वाले समय में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

बंजार में ट्रेवलर नाले में गिरी 10 लोगों की मौत की आशंका

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिले की बंजार घाटी के सोझा घियागी में शनिवार देर रात करीब नौ बजे पर्यटकों से भरा एक ट्रेवलर वाहन नाले में गिर गया। इस हादसे में करीब 10 लोगों के मारे जाने की आशंका है। ट्रेवलर वाहन में करीब 15 लोग सवार बताए जा रहे हैं। वहीं, एसपी मदन लाल कौशल पुलिस टीम के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। इस बीच, स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

उन्होंने इससे पहले सोशल मीडिया पर हादसे की जानकारी दी। उन्होंने बंजार के साथ-साथ जिला कुल्लू प्रशासन से कहा है कि वह हादसे में हताहत और घायल हुए लोगों का रेस्क्यू तुरंत करें। साथ ही उन्होंने जिला अस्पताल प्रशासन से भी घायलों के उपचार के लिए तैयार रहने के लिए कहा। वहीं, उन्होंने बंजार और कुल्लू अस्पताल के डॉक्टरों को इमरजेंसी में तैनात करने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय लोग भी सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंच गए थे, लेकिन अंधेरा होने के वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आई।

समाचार लिखे जाने तक अभी तक घटना के बारे में कोई भी पुष्ट जानकारी सामने नहीं आई थी। बचाव टीम देर रात तक राहत एवं बचाव कार्य में जुटी रही। बताया जा रहा है कि ये पर्यटक जलोड़ी जोत में घूमने के बाद वापस आ रहे थे। आशंका है कि प्रतिकूल मौसम और सड़क पर फिसलने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित हो गई, जिसके बाद यह हादसा हुआ।

◆ जलोड़ी जोत में घूमने के बाद वापस आ रहे थे पर्यटक

नौकरियां | अगले सप्ताह शुरू होगी सीबीएसई टीचर्स के 2068 पदों की भर्ती की प्रक्रिया

हिमाचल में डेढ़ दर्जन श्रेणियों की भर्ती इसी माह

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। शिक्षा और अन्य विभागों में करीब डेढ़ दर्जन श्रेणियों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर हमीरपुर स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग अब हर हफ्ते दो से तीन पदों की भर्ती के प्रोसेस के लिए पदों को विज्ञापित करेगा। सिलसिला शुरू हो चुका है और उम्मीद यही है कि अप्रैल माह के दौरान कम से कम डेढ़ दर्जन से ज्यादा पदों की भर्ती का प्रोसेस मुकम्मल तौर पर शुरू हो जाएगा।

अगले हफ्ते सीबीएसई स्कूलों में करीब 2068 टीचर्स की भर्ती के लिए भी प्रोसेस शामिल होगा। इसके लिए आयोग को डिपार्टमेंट ऑफ रिक्रूटमेंट से शनिवार को पत्र प्राप्त हो गया है, अब इसके लिए आयोग संभवत: अगले सप्ताह तक भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर देगा।

फिलहाल आयोग में जिन करीब 5326 पदों को भरने के लिए प्रक्रिया जारी है, उसमें कई रिजल्ट्स घोषित कर दिए गए हैं और उनकी रिकॉग्निशन संबंधित विभागों को भेज दी गई है। इसी कड़ी में शनिवार को टीजीटी आर्ट्स के पदों की भर्ती के लिए भी लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। सीबीएसई के 2068 पदों को भरने के लिए जो प्रक्रिया शुरू होने वाली है, उसमें करीब 12 कैटेगरी के टीचर्स भर्ती होंगे, जिनमें मैथ, इंग्लिश, पॉलिटिकल साइंस, हिंदी फिजिकल साइंस जैसे पदों को भरा जाएगा। इसके अलावा जेओए-आईटी के तकरीबन 350 पदों की भर्ती के लिए भी अगले कुछ दिनों में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए आयोग के पास करीब 46000 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। जेई सिविल के 149 पदों को भरने के लिए भी सोमवार को विज्ञापन प्रकाशित होने की उम्मीद है। इसके अलावा कुछ और पदों को भरने के लिए भी विज्ञापन जारी होगा।

◆ हर हफ्ते दो या तीन कोड के पद होंगे विज्ञापित

अनंत ज्ञान खास खबर

"अब हर हफ्ते दो या तीन अलग-अलग श्रेणियों की भर्ती के लिए पदों को विज्ञापित करने की प्रक्रिया का बीड़ा उठाया गया है। एक साथ कई कोड के विज्ञापन की बजाय थोड़े-थोड़े अंतराल के बाद व्यवस्था हो तो इससे अभ्यर्थियों को भी ठीक रहेगा और आवेदन करने के मामले में भी वेबसाइट पर एक साथ लोड नहीं पड़ेगा। आयोग के पास जो भी भर्ती प्रक्रिया के लिए आवेदन आएगा, कुछ ही समय में उस पर काम शुरू हो जाएगा। सीबीएसई के भी 2068 पदों की भर्ती की प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू कर दी जाएगी। 5326 पदों के लिए जो प्रक्रिया जारी है, वह भी बहुत जल्दी मुकम्मल हो जाएगी।

-विक्रम महाजन, सचिव, हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग, हमीरपुर

एक और भारतीय जहाज ने पार किया होर्मुज

ईरान बोला- भारत से सदियों पुराना रिश्ता, दोस्ती और मजबूत करेंगे

एजेंसी, नई दिल्ली/तेहरान

ईरान-इसराइल युद्ध के बीच एलपीजी लेकर आ रहा भारतीय जहाज ग्रीन संवी होर्मुज स्ट्रेट पार कर गया है। जहाज में करीब 46,650 मीट्रिक टन गैस लदी है। यह होर्मुज पार करने वाला भारत का 7वां एलपीजी टैंकर है।

सरकार के मुताबिक, खाड़ी क्षेत्र में इस समय 18 भारतीय जहाज और करीब 485 भारतीय नाविक मौजूद हैं। अब तक 964 से ज्यादा भारतीय नाविकों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है। इस बीच मुंबई स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास ने भारत के साथ ऐतिहासिक रिश्तों को याद करते हुए दोस्ती और सहयोग बढ़ाने की बात कही है। ईरानी कॉन्सुलेट ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'भारत और खासकर गुजरात हमारे साझा इतिहास में विशेष स्थान रखते हैं। सदियों पहले यहां के लोगों ने हमारे लोगों का स्वागत किया था।' वहीं, पश्चिम एशिया में जारी लड़ाई के बीच अभी होर्मुज के पश्चिम में 17 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं, जिनमें से दो ग्रीन आशा और जग विक्रम एलपीजी से लदे हुए हैं। 5 (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

समर हिल में पाइपलाइन बिछाने का काम आज से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला जिला प्रशासन ने शहर में जल आपूर्ति सुधार के लिए समर हिल क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने की मंजूरी दी है। यह कार्य 5 अप्रैल से 2 मई तक चरणबद्ध रूप से पैकेज-10 के अंतर्गत जोन-1 और जोन-2 में किया जाएगा। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि निर्माण के दौरान पर्यावरण, ध्वनि और यातायात मानकों का पालन हो। पैदल यात्री, एंबुलेंस और अग्निशमन वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराए जाएंगे। ट्रैफिक मार्शल, संकेतक और बैरिकेडिंग के माध्यम से आवाजाही सुचारू रखी जाएगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है ताकि शहर में बेहतर जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

डिप्टी सीएम 6 अप्रैल को कोटखाई दौरे पर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 6 अप्रैल, को शिमला जिला के जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह प्रातः 10:30 बजे कोटखाई के हुल्ली पहुंचकर प्रगतिनगर स्थित एचपीपीटीसीएल के 400/220/66 केवी उपकेंद्र से एचपीएसईबीएल के 66/22 केवी उपकेंद्र हुल्ली तक निर्मित 66 केवी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात वह हुल्ली से देओरी-खनेटी के लिए प्रस्थान कर नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का उद्घाटन करेंगे, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अपने दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री पब्बर नदी पर आधारित विभिन्न पंचायत बस्तियों के लिए लिफ्ट जल आपूर्ति योजना का भी लोकार्पण करेंगे, जिसे न्यू डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से तैयार किया गया है। यह योजना क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके अलावा वह स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनेंगे और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

तारादेवी स्कूल में बच्चों ने गायन-नृत्य में बिखेरा हुनर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। रोटरी क्लब शिमला द्वारा तारा देवी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आयोजित रायला कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान टैलेंट हंट का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य और कविता पाठ के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का परिचय दिया। स्कूल परिसर में पूरे समय उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को क्लब की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्नैक्स भी वितरित किए गए। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष करण बंबा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

शवाल नाला-बाउटी जुब्बड़ सड़क मार्ग की हुई पासिंग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। कोटखाई उपमंडल की ग्राम पंचायत बगाहर के अंतर्गत शवाल नाला से बाउटी जुब्बड़ संपर्क मार्ग की प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक पासिंग किए जाने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय जनता ने इस लंबे समय से प्रतीक्षित मार्ग के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि उनके निरंतर प्रयासों और क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह महत्वपूर्ण कार्य संभव हो पाया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस मार्ग से आवागमन सुगम होगा और किसानों-बागवानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। इससे क्षेत्र में कृषि और बागवानी गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, नायब तहसीलदार कलम सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

सस्ते विदेशी सेब से बागवान चिंतित, आयात नीति पर नजर

स्थानीय सेब उत्पादन पर दबाव, सरकार से संतुलित नीति की उम्मीद

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। पहाड़ों की ढलानों पर मेहनत से फलता-फूलता सेब अब कई मोर्चों पर दबाव झेलता नजर आ रहा है। कभी मौसम की मार, कभी बढ़ती लागत, तो कभी बाजार की अनिश्चितता, इन सबके बीच बागवान खुद को असहाय स्थिति में महसूस कर रहे हैं। अब सस्ते विदेशी सेब की संभावित आमद ने उनकी चिंताओं को और गहरा कर दिया है, मानो मेहनत का फल भी असुरक्षित हो गया हो।

सूत्र बताते हैं कि प्रदेश में सेब उत्पादकों के हितों को लेकर एक बार फिर चिंता गहराने लगी है। केंद्र सरकार की संभावित व्यापारिक नीतियों और आयात शुल्क में कमी के संकेतों ने बागवानों के बीच आशंका पैदा कर दी है। यदि सस्ते विदेशी सेब भारतीय बाजार में बड़ी मात्रा में आते हैं तो इसका सीधा असर स्थानीय उत्पादकों की आय पर पड़ेगा। राज्य की अर्थव्यवस्था बड़े स्तर पर बागवानी पर निर्भर है, ऐसे में किसी भी प्रकार की असंतुलित नीति व्यापक आर्थिक प्रभाव डाल सकती है।

मामले को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि यदि आयात शुल्क में कमी से बाजार में प्रतिस्पर्धा अचानक बढ़ जाएगी, जिससे स्थानीय सेब के दाम गिर सकते हैं। इससे बागवानों को उत्पादन लागत निकालना भी कठिन हो जाएगा। बागवानी विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि सस्ते आयातित सेब न केवल बाजार हिस्सेदारी छीन सकते हैं, बल्कि लंबे समय में प्रदेश की पारंपरिक बागवानी व्यवस्था को भी कमजोर कर सकते हैं। ऐसे में सरकार को संतुलित नीति अपनाने की आवश्यकता बताई जा रही है।

विधानसभा में पूर्व में पारित प्रस्तावों का हवाला देते हुए यह भी संकेत दिए गए हैं कि बागवानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। नीति निर्माण में स्थानीय परिस्थितियों और बागवानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखना जरूरी है। साथ ही पर्वतीय राज्यों के बीच समन्वय और एकजुटता पर भी जोर दिया जा रहा है, ताकि सामूहिक रूप से केंद्र पर दबाव बनाया जा सके और बागवानों के हित सुरक्षित रह सकें।

समय पर ठोस कदम उठाने की जरूरत

इस पूरे घटनाक्रम के बीच समय की नजाकत को समझते हुए विशेषज्ञों ने चेताया है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले सीजन में बागवानों को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। वर्तमान समय बागवानी क्षेत्र के लिए निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है, जहां सही नीतिगत फैसले न केवल किसानों की आजीविका को सुरक्षित करेंगे बल्कि प्रदेश की आर्थिक स्थिरता को भी मजबूती देंगे।

ऑरेंज अलर्ट के बीच शिमला में झमाझम बरसे बादल

बारिश में अपने गंतव्य की ओर जाते लोग।

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट के बीच राज्य में शनिवार को मौसम ने एक बार फिर करवट बदली। शिमला में दोपहर बाद झमाझम बारिश शुरू हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई और ठंडक बढ़ गई। पूरे शहर में बादलों का घना डेरा और लगातार बारिश ने लोगों को ठंड का अहसास करा दिया। साथ ही धर्मशाला सहित अन्य क्षेत्रों में भी बारिश का दौर जारी रहा, जबकि रोहतांग दर्रा समेत ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी दर्ज की गई।

जानकारी के अनुसार ऊपरी शिमला के क्षेत्रों में भी मौसम ने जोरदार असर दिखाया। ठियोग, कोटखाई और आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश के साथ कई स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। सेब बेल्ट माने जाने वाले इन क्षेत्रों में ओलों के गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है, जबकि ठंडी हवाओं ने पूरे इलाके को सर्द कर दिया। वहीं, सुन्नी क्षेत्र में मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने हालात बिगाड़ दिए। कुछ ही देर में सड़कों और गलियों में पानी भर गया, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। ओलों की मार और तेज बारिश के कारण लोगों को आवाजाही में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इतना नहीं बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था की खामियां भी उजागर हो गईं। कई स्थानों पर नालियां जाम होने के कारण पानी सड़कों पर बहता रहा, जिससे स्थिति और खराब हो गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नालियों की नियमित सफाई और बेहतर जल निकासी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं से राहत मिल सके और बरसात के दौरान जनजीवन सामान्य बना रहे।

शिक्षा मंत्री ने रावीं में दो संपर्क सड़कों का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान

विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए शिक्षा मंत्री।

ब्यूरो, शिमला। जुब्बल उपमंडल के ग्राम पंचायत रावीं में आज विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने दो नई संपर्क सड़कों का लोकार्पण किया। इनमें 35 लाख रुपए की लागत से निर्मित टुरान से हमरान संपर्क मार्ग तथा 20 लाख रुपए से तैयार टुरान से अपर प्रेम नगर संपर्क मार्ग शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय जनता को शुभकामनाएं दीं और आश्वस्त किया कि क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान की जाएगी।

हमरान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने शुराचली क्षेत्र से अपने भावनात्मक संबंधों को याद किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. ठाकुर रामलाल के समय से ही इस क्षेत्र के लोगों का स्नेह और आशीर्वाद उन्हें मिलता रहा है, जो आज भी उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने भरोसा जताया कि यह संबंध आगे भी इसी तरह मजबूत बना रहेगा और क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विकास कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सरस्वती नगर-झड़ाशली मार्ग को 17 करोड़ रुपए की लागत से स्तरोन्नत किया जा रहा है, जो इस क्षेत्र की जीवनरेखा है। इसके अतिरिक्त 4 करोड़ रुपए से 15 नई सड़कों का निर्माण, 11 सड़कों का पक्कीकरण तथा वार्षिक मरम्मत योजना के तहत 1 करोड़ रुपए से 5 किलोमीटर लंबी भोलाड़-छुपाड़ी सड़क का सुधार कार्य भी पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 1.75 करोड़ रुपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोलाड़ का निर्माण कार्य जारी है। पब्बर नदी पर चामशु में 5.55 करोड़ रुपए की लागत से पुल का निर्माण भी प्रगति पर है, जो जुब्बल और रोहड़ू क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगा।

ओवर-द-काउंटर गैस सिलेंडर लेने से एजेंसियों में बढ़ रही भीड़

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, नरेंद्र धीमान ने कहा कि एलपीजी सिलेंडरों की समयबद्ध और समान आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में गैस पहले से निर्धारित रूट चार्ट के तहत वितरित की जा रही है।

◆ शिमला प्रशासन ने एलपीजी वितरण में समयबद्ध व्यवस्था का दिलाया भरोसा

उन्होंने बताया कि मध्य-पूर्व क्षेत्र में वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जबकि घरेलू गैस सामान्य रूप से उपलब्ध है। बावजूद इसके, कुछ उपभोक्ता सीधे गैस एजेंसियों पर जाकर ओवर-द-काउंटर सिलेंडर ले रहे हैं, जिससे एजेंसियों पर भीड़ बढ़ रही है और वितरण प्रणाली बाधित हो रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ता केवल निर्धारित डिलीवरी व्यवस्था का पालन करें और एजेंसियां रूट चार्ट के अनुसार वितरण सुनिश्चित करें। जनता से अपील की गई है कि वे सहयोग करें, भीड़ से बचें और किसी असुविधा की स्थिति में संबंधित एजेंसी या अधिकारियों से संपर्क करें, ताकि सभी तक समान और सुचारु आपूर्ति बनी रहे।

'ज्ञान भारतम मिशन' से संरक्षित होगी देश की अमूल्य पांडुलिपि धरोहर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की महत्वाकांक्षी पहल 'ज्ञान भारतम मिशन' को प्रदेश में औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य देश की दुर्लभ और ऐतिहासिक पांडुलिपियों की खोज, दस्तावेजीकरण, संरक्षण और डिजिटलीकरण करना है, ताकि भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा को सुरक्षित रखा जा सके। इस दिशा में प्रदेश सरकार ने भी सक्रियता दिखाते हुए जिला स्तर तक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी उपायुक्तों को मिशन के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत सार्वजनिक और निजी संग्रहों में मौजूद पांडुलिपियों का व्यापक सर्वेक्षण किया जाएगा, 75 वर्ष से अधिक पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपियों का उन्नत तकनीकों के माध्यम से डिजिटलीकरण होगा, और राज्य व जिला स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षण एवं मानकीकरण के जरिए क्षमता निर्माण पर भी विशेष बल दिया जाएगा। विभाग ने शिक्षण संस्थानों, शोधकर्ताओं और आम जनता से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। 'ज्ञान भारतम ऐप' के माध्यम से लोग अपनी पांडुलिपियों का पंजीकरण करवा सकते हैं।

इसके अलावा, हिमाचल राज्य संग्रहालय शिमला में 'ज्ञान भारतम क्लस्टर केंद्र' की स्थापना की गई है, जहां पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटलीकरण की सुविधा उपलब्ध होगी। सरकार का मानना है कि यह पहल देश की सांस्कृतिक और बौद्धिक धरोहर को नई पीढ़ी तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगी।

सफलता की राह पर बढ़े 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' : अनुपम कश्यप

अमृत वर्मा व मोक्षित शर्मा को सम्मानित करते डीसी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने शिमला में चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के अमृत वर्मा और मोक्षित शर्मा को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ये नन्हे कदम भविष्य में बड़ी सफलता की नींव हैं और अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

अमृत वर्मा का चयन भारत सरकार की इंस्पायर योजना के तहत राज्य स्तरीय कार्यशाला के लिए हुआ, जहां उन्होंने दृष्टिबाधितों के लिए स्मार्ट हेल्पिंग स्टिक का अभिनव विचार प्रस्तुत किया। मोक्षित शर्मा ने राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के माध्यम से बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

जांगला स्कूल में सजे संवाद -संस्कृति के रंग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जांगला में जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय शिमला द्वारा अंतरपीढ़ीगत बंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में ग्राम नदला निवासी राम सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के पारंपरिक स्वागत से हुआ, जहां मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया गया तथा उन्हें सम्मानित कर उनके अनुभव और योगदान को सराहा गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्रताप शर्मा और जवाहरलाल शर्मा ने बदलते सामाजिक परिवेश में पीढ़ियों के बीच बढ़ती दूरी पर चिंता व्यक्त करते हुए आपसी संवाद और समझ को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से सांस्कृतिक छटा बिखेरी और वरिष्ठ नागरिकों के साथ विभिन्न सामाजिक विषयों पर सार्थक संवाद स्थापित किया। जिला कल्याण अधिकारी शिमला कपिल शर्मा ने अंतरपीढ़ीगत संबंधों के कमजोर होने के कारणों और उनके समाधान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पारिवारिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता बताई। वरिष्ठ नागरिकों ने म्यूजिकल चेयर खेल व सामूहिक नाटी में भाग लेकर कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। अंत में प्रधानाचार्य परमदेव शर्मा और तहसील कल्याण अधिकारी रोहड़ू आदर्श जनता ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

विक्रमादित्य ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शनिवार को लोक भवन में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक पहलों की विस्तृत जानकारी साझा की। मंत्री ने विशेष रूप से दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने तथा संपर्क सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने इन परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि ऐसी योजनाओं से आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और प्रदेश के समग्र विकास को गति मिलेगी।

एचपीटीडीसी होटलों का निजीकरण बना सियासी विवाद, भाजपा ने कांग्रेस की नीति पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन की पहचान रहे एचपीटीडीसी होटलों के निजीकरण को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है, जहां एक ओर सरकार की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर उसके भीतर तालमेल की कमी भी खुलकर सामने आ रही है। भाजपा नेताओं का आरोप है कि कांग्रेस सरकार की नीति और नीयत दोनों ही संदेह के घेरे में हैं और प्रदेश की संपत्तियों को धीरे-धीरे निजी हाथों में सौंपने की पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है।

पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एचपीटीडीसी होटलों के निजीकरण के मुद्दे पर सरकार पूरी तरह भ्रम की स्थिति में है। एक ओर एचपीटीडीसी के अध्यक्ष आरएस बाली इस प्रक्रिया से अनभिज्ञता जताते हैं, जबकि दूसरी ओर सार्वजनिक रूप से इस पर निजीकरण की बात स्वीकार की जा रही है, जो सरकार की दोहरी नीति को दर्शाता है। सहजल ने इसे 'कन्फ्यूजन की सरकार' बताते हुए कहा कि घाटे का हवाला देकर प्रदेश की बहुमूल्य पर्यटन संपत्तियों को निजी हाथों में सौंपना किसी भी दृष्टि से जनहित में नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की धरोहरों को बेचने जैसा कदम प्रतीत होता है।

वहीं, प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने भी कहा कि पहले संस्थानों को कमजोर किया जाता है और फिर उन्हें घाटे में दिखाकर निजीकरण का रास्ता अपनाया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह महज प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत सार्वजनिक संपत्तियों को चुनिंदा हाथों में सौंपने की तैयारी है। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस दिशा में कोई कदम आगे बढ़ाया, तो पार्टी इसे जनता के बीच बड़ा मुद्दा बनाएगी और प्रदेशभर में आंदोलन छेड़कर सरकार की नीतियों का पुरजोर विरोध करेगी।

दहशत | शिमला समेत कई जिलों में डोली धरती, लोगों में दिखी दहशत

हिमाचल में भूकंप के झटकों से ताजा हुई पुरानी यादें

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल में महसूस किए गए भूकंप के हल्के झटकों ने एक बार फिर लोगों के दिलों में खौफ पैदा कर दिया है। कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर के साथ-साथ शिमला में भी हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, इस बार किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली, लेकिन यह घटना 1905 के भयावह कांगड़ा भूकंप की दर्दनाक यादों को ताजा कर गई, जिसने पूरे क्षेत्र को तबाही के मंजर में बदल दिया था।

जानकारी के अनुसार इस बार भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदुकुश पर्वतीय क्षेत्र में गहराई में स्थित था और इसकी तीव्रता मध्यम स्तर की रही। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि हिमालयी क्षेत्र की भौगोलिक संरचना बेहद संवेदनशील है, जहां हल्के झटके भी बड़े खतरे का संकेत हो सकते हैं। 1905 में आए विनाशकारी भूकंप ने कांगड़ा और आसपास के क्षेत्रों में हजारों लोगों की जान ले ली थी और लाखों इमारतें पलभर में मलबे में तब्दील हो गई थीं।

कई जगह घरों से बाहर निकले लोग

कांगड़ा, धर्मशाला, हमीरपुर, चंबा, शिमला सहित प्रदेश के कई हिस्सों में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे देर रात लोगों में दहशत का माहौल बन गया और कई स्थानों पर लोग एहतियातन घरों से बाहर निकल आए।

राज्य आपदा प्रबंधन से जुड़े अध्ययनों में यह चेतावनी दी गई है कि यदि भविष्य में रात के समय 8.0 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आता है, तो स्थिति बेहद भयावह हो सकती है। अनुमान है कि ऐसे हालात में लाखों लोग घायल हो सकते हैं और डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जान जा सकती है। यही वजह है कि पूरे प्रदेश को अत्यधिक भूकंपीय संवेदनशील क्षेत्र में रखा गया है, जहां हर स्तर पर मजबूत तैयारी और सजगता जरूरी मानी जा रही है।

सरकार और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पारंपरिक निर्माण शैलियों जैसे काठ-कुनी और धज्जी दीवार को फिर से बढ़ावा दिया जा रहा है, जिन्हें भूकंप-रोधी माना जाता है। साथ ही आधुनिक तकनीकों के साथ सुरक्षित भवन निर्माण को अनिवार्य बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है, ताकि संभावित आपदा के प्रभाव को कम किया जा सके।

भाजपा छोड़ कई परिवारों की कांग्रेस में घर वापसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जुब्बल तहसील के शुराचली क्षेत्र की ग्राम पंचायत रावीं तथा थाना गांव से कई परिवारों ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में घर वापसी करते हुए राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है। कलम सिंह ठाकुर, विक्रम ठाकुर, रमेश नेगी अपनी पत्नी उषा ठाकुर सहित, विशाल नेगी, लोकिंदर ठाकुर तथा थाना गांव से महावीर सिंह चतरांटा ने परिवार सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात कर कांग्रेस का दामन थामा। इन सभी ने कहा कि वे क्षेत्र में हो रहे निरंतर विकास कार्यों और मंत्री की जनहितैषी कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं, जिससे क्षेत्र में राजनीतिक समीकरणों के बदलने के संकेत मिल रहे हैं। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने सभी नवप्रवेशी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए भरोसा दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य किया जाएगा।

भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए लोग शिक्षा मंत्री।

लोक भवन में धूमधाम से मनाया राजस्थान ओडिशा और बिहार का स्थापना दिवस

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला स्थित लोक भवन में राजस्थान, ओडिशा और बिहार के राज्य स्थापना दिवस को बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। यह आयोजन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक एकता और भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करना है। कार्यक्रम में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। हिमाचली परंपरा के अनुसार उन्होंने विशिष्ट अतिथियों को टोपी और शॉल भेंट कर सम्मानित किया, जो आपसी भाईचारे और सम्मान का प्रतीक है।

इस अवसर पर राजस्थान, ओडिशा और बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक भी देखने को मिली। इन राज्यों से जुड़े सरकारी कर्मचारियों ने हिमाचल

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना का मिला सशक्त संदेश

समारोह के दौरान राज्यपाल कविंद्र गुप्ता अतिथियों के साथ। अनंत ज्ञान

प्रदेश में अपने अनुभव साझा किए और यहां मिले स्नेह, सहयोग तथा अपनत्व की सराहना की। उनके अनुभवों ने यह दर्शाया कि विभिन्न भाषाओं और परंपराओं के बावजूद देश के नागरिक एक सूत्र में बंधे हुए हैं और यही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की वास्तविक भावना है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता में एकता है। ऐसे कार्यक्रम न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं, बल्कि राष्ट्रीय एकता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि लोक भवन को सप्ताह में दो दिन आम जनता के लिए खोला जाएगा, ताकि लोग इस संस्थान से जुड़ाव महसूस कर सकें और शासन प्रणाली के प्रति विश्वास और सहभागिता बढ़े।

हिमाचल में दूध उत्पादकों की बढ़ी ताकत

सीएम सुक्खू के नेतृत्व में डेयरी क्षेत्र बना ग्रामीण समृद्धि का नया आधार

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल की सुरम्य वादियों में अब मेहनत की महक के साथ समृद्धि की मिठास भी घुलने लगी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने गांव, किसान और दूध उत्पादकों को केंद्र में रखकर ऐसी नीतियां लागू की हैं, जिनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिली है। आज हालात यह हैं कि दूध उत्पादन केवल जीविका नहीं, बल्कि सम्मानजनक और स्थायी आय का मजबूत जरिया बनता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादकों को औसतन हर महीने 34.18 करोड़ रुपए का वित्तीय लाभ दिया जा रहा है, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर है। यह आर्थिक संबल सीधे किसानों के हाथों तक पहुंच रहा है, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। पहले जहां वर्ष 2024-25 में प्रतिदिन 1.57 लाख लीटर दूध की खरीद होती थी, वहीं अब यह बढ़कर लगभग 2.70 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुंच गई है। इस बढ़ोतरी ने साफ कर दिया है कि सरकार की नीतियां जमीन पर असरदार साबित हो रही हैं। इतना ही नहीं दूरदराज क्षेत्रों के किसानों को भी अब बाजार तक पहुंच की चिंता नहीं करनी पड़ती। मिल्कफेड द्वारा घर-घर जाकर दूध संग्रहण की व्यवस्था ने छोटे और सीमांत दुग्ध उत्पादकों को बड़ी राहत दी है। इसके साथ ही सरकार ने दूध के खरीद मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए गाय के दूध का मूल्य 61 रुपए प्रति लीटर और भैंस के दूध का मूल्य 71 रुपए प्रति लीटर निर्धारित किया है। इन फैसलों ने डेयरी व्यवसाय को और अधिक आकर्षक और लाभकारी बना दिया है।

तकनीक, प्रशिक्षण और पारदर्शिता से बदल रही गांव की तस्वीर : सीएम सुक्खू



इस बाबत प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देते हुए पिछले तीन वर्षों में 2,000 से अधिक किसानों को प्रशिक्षित किया गया है। इसमें पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 222 स्वचालित दूध संग्रहण इकाइयों और 32 डेटा प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने आगे स्पष्ट कहा है कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और गांव, किसान, महिलाएं और युवा ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की असली ताकत हैं।

◆ हर महीने 34.18 करोड़ का मिलेगा सीधा लाभ

डेयरी क्षेत्र में सहकारिता को मजबूती देने के लिए ग्राम दुग्ध समितियों की संख्या और सदस्यता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले तीन वर्षों में सदस्य संख्या 27,498 से बढ़कर 39,790 हो गई है, जबकि समितियों की संख्या 583 से बढ़कर 758 तक पहुंच गई है। महिला स्वयं सहायता समूहों और दुग्ध उत्पादक समूहों के गठन से रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण युवाओं और महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

प्रदेश सरकार डेयरी अवसंरचना को भी आधुनिक बना रही है। वर्तमान में 11 दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र 1.80 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के साथ संचालित हो रहे हैं, जबकि कांगड़ा के ढगवार में 1.50 लाख लीटर क्षमता का अत्याधुनिक संयंत्र स्थापित किया जा रहा है, जिसे भविष्य में 3 लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाया जा सकेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ समझौते के तहत कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर और चंबा जिलों के लिए नया मिल्क यूनियन स्थापित किया जाएगा।

हिमाचल में स्कूली शिक्षा का निष्पक्ष जमीनी अध्ययन शुरू

स्कूलों में शैक्षणिक कार्यक्रमों का होगा गहन आकलन, शोधार्थियों की टीम देगी सुधार के सुझाव

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में समग्र शिक्षा द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल आरंभ की गई है। इस पहल के अंतर्गत देश के प्रतिष्ठित स्वायत्त संस्थान राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान के सहयोग से विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर निष्पक्ष एवं तथ्याधारित अध्ययन किया जाएगा। समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने शोधार्थियों के दल को औपचारिक रूप से फील्ड के लिए रवाना करते हुए कहा कि यह अध्ययन राज्य की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

जानकारी के अनुसार इस अध्ययन के तहत शोधार्थियों की टीम शिमला जिला के देवगढ़, गुम्मा और देहा क्लस्टरों के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों का दौरा कर शिक्षण व्यवस्था, नीतियों के क्रियान्वयन तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का विस्तृत आकलन करेगी। दल का नेतृत्व सहायक आचार्य कश्यपी अवस्थी कर रही हैं, जबकि 34 सदस्यीय यह टीम विद्यालयों में व्यावहारिक स्थितियों का सूक्ष्म अध्ययन कर एक समग्र प्रतिवेदन तैयार करेगी, जिसमें सुधार हेतु ठोस एवं व्यवहारिक सुझाव शामिल किए जाएंगे।

◆ स्थानीय स्तर पर रहकर समझेंगे शिक्षा की वास्तविक स्थिति

इस पहल के अंतर्गत शोधार्थी स्थानीय परिवारों के साथ रहकर वास्तविक परिस्थितियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे तथा समुदाय से संवाद स्थापित कर शिक्षा कार्यक्रमों के प्रभाव का मूल्यांकन करेंगे। साथ ही वे शिक्षकों की क्षमता संवर्धन गतिविधियों में सहभागिता निभाते हुए जन-जागरूकता को भी बढ़ावा देंगे। गौर करने योग्य तथ्य यह है कि यह अध्ययन केवल आंकड़ों तक सीमित न रहकर व्यवहारिक अनुभवों पर आधारित होगा।

राष्ट्रीय आकलन में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज : डॉ. राजेश शर्मा

राज्य सरकार द्वारा शिक्षा सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए निदेशक डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के नियमित प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकों के माध्यम से विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का मूल्यांकन तथा आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि समेकित विद्यालय प्रणाली एवं क्लस्टर आधारित ढांचे के माध्यम से संसाधनों के समुचित उपयोग को सुनिश्चित किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य ने राष्ट्रीय आकलनों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

अंबेडकर के अधिकारों पर अन्याय नहीं होगा बर्दाश्त : कर्मवीर सिंह

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। अखिल भारतीय कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय संयोजक सांसद कर्मवीर सिंह बौद्ध ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए अधिकारों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि दलितों, पिछड़ों और अनुसूचित जाति वर्गों के हितों की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की कार्यकारिणी बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और नए ऊर्जावान युवाओं को जोड़ने पर विशेष बल दिया।

कर्मवीर सिंह बौद्ध ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश के 9 जिलों में पदाधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है और शेष जिलों में भी जल्द घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्हें राहुल गांधी द्वारा देशभर में विभाग को सशक्त बनाने की जिम्मेदारी दी गई है, जिसे वे पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाएं और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

उपस्थिति को संबोधित करते विनय कुमार। अनंत ज्ञान

◆ विनय कुमार ने उचित प्रतिनिधित्व और संगठन विस्तार का भरोसा दिलाया

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि संगठन में पद केवल जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है और कांग्रेस हमेशा से इन वर्गों के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 28 प्रतिशत से अधिक आबादी अनुसूचित जाति की है और 17 विधानसभा सीटें इनके लिए आरक्षित हैं।

कांग्रेस का ज्ञान सीमित, विदेश नीति पर कर रही अनर्गल बयानबाजी : जम्वाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने कांग्रेस मंत्री जगत सिंह नेगी के बयान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस का ज्ञान सीमित है और वह हर वैश्विक परिस्थिति में भारत सरकार को कठघरे में खड़ा करने की आदत से बाहर नहीं निकल पा रही। उन्होंने कहा कि खाड़ी क्षेत्र के हालात वैश्विक प्रभाव रखते हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी विदेश नीति को इतना मजबूत बनाया है कि ऊर्जा आपूर्ति और रणनीतिक संतुलन दोनों में देश पहले से कहीं अधिक सक्षम हुआ है।

जम्वाल ने शिमला से जारी बयान में कहा कि भारत 80 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल का आयात करता है, इसके बावजूद रूस, अमेरिका, सऊदी अरब और यूएई जैसे देशों से संतुलित आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की बड़ी कूटनीतिक सफलता है। उन्होंने विशेष रूप से 2022-23 में रूस से रियायती दरों पर तेल खरीद को भारत की आर्थिक सूझबूझ का उदाहरण बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों परिवारों तक गैस कनेक्शन पहुंचाकर केंद्र सरकार ने आम जनता को सीधा लाभ दिया है, जो कांग्रेस शासन में संभव नहीं हो पाया था। जम्वाल ने कहा कि आज भी कांग्रेस 'दुनिया क्या कहेगी' की सोच में उलझी है, जबकि मोदी सरकार 'भारत क्या तय करेगा' के सिद्धांत पर आगे बढ़ रही है।

समोसे के लिए सीआईडी लगाने वाले चेस्टर हिल के हजारों करोड़ के घोटाले पर खामोश क्यों? : जयराम

अनंत ज्ञान

अनिल शर्मा, मंडी। मंडी से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि एक समोसे के हेर-फेर पर सीआईडी की जांच करवाई गई और बस में राहुल गांधी से जुड़ा वीडियो चलने पर कंडक्टर और ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई का पत्र जारी किया गया, लेकिन चेस्टर हिल में 1500 करोड़ से अधिक के घोटाले पर मुख्यमंत्री आज तक खामोश क्यों हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर मुख्यमंत्री की विवशता क्या है, जो उन्हें गंभीर आरोपों से मुंह मोड़ने और पत्रकारों के सामने हास्यप्रद जवाब देने को मजबूर कर रही है। जयराम ने कहा कि टॉप ब्यूरोक्रेट्स को आपस में भिड़ाकर सीएम कौन-सा काम निकालना चाहते हैं, यह प्रदेश के लोग जानना चाहते हैं।

जयराम ने कहा कि विभिन्न प्रतिष्ठित मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस मामले में कई स्तर पर गड़बड़ियां हुई हैं। शिकायत मिलने के बाद तहसीलदार ने दो बार जांच की और दोनों बार धारा 118 के उल्लंघन का आरोप लगाया। इसके बाद सब-डिविजनल ऑफिसर (एसडीओ) सोलन ने मामले की पूरी जांच की, दोनों पक्षों की सुनवाई की, दस्तावेज़ों का संकलन और सत्यापन किया, और निष्कर्ष निकाला। इस आधार पर जिला उपायुक्त को कार्रवाई करनी चाहिए थी।

अधिकारियों को आपस में लड़ाकर अपना कौन सा काम निकलवा रहे हैं सीएम सुक्खू

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस व्यक्ति के नाम जमीन है, उसका सात वर्षों का आयकर रिटर्न औसतन 8 लाख रुपए से कम है, जबकि वह करोड़ों की बिल्डिंग्स बना रहा है। जमीन मालिक को लोन दिलाने और किश्त भरने का काम वही कंपनी कर रही है, जिसने पहले चेस्टर हिल के प्रोजेक्ट्स बनाए थे, जो हिमाचल के कानूनों के तहत अवैध हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि एसडीओ की रिपोर्ट मिलने के बावजूद जिला उपायुक्त ने फाइल को राज्य सचिवालय क्यों भेजा, जबकि उन्हें स्वयं कार्रवाई करनी थी। यह मामला केवल उनके अधिकार क्षेत्र से जुड़ा था और वह निष्पादन न्यायिक अधिकारी होने के नाते कार्रवाई के लिए अधिकृत थे।

जयराम ठाकुर ने आगे कहा कि प्रोजेक्ट में लगातार अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय जांच के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डंपिंग साइट की ऊंचाई 125 से 150 फीट तक पहुंच गई, जिससे गांव के प्राकृतिक जल स्रोत बंद हो गए। बिल्डिंग की हाइट 25 से 35 मीटर तक बढ़ गई, जिसे गिराने के आदेश थे, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पूछा कि हर कदम पर अनिवार्यताओं की अनदेखी क्यों की जा रही है, यह भी प्रदेश के लोग जानना चाहते हैं।

प्रदेश में आज से ठप हो सकती हैं 108-102 एंबुलेंस सेवाएं

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बड़ा झटका लग सकता है, क्योंकि 5 अप्रैल की रात 8 बजे से 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं के कर्मचारी हड़ताल पर जाने का ऐलान कर चुके हैं। यह हड़ताल 11 अप्रैल तक जारी रहने की बात कही जा रही है, जिससे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो सकती हैं। खासकर ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक बन सकती है, जहां इन सेवाओं पर लोगों की निर्भरता सबसे अधिक है।

हड़ताल पर जा रहे कर्मचारियों का कहना है कि उनकी लंबे समय से लंबित मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। हाल ही में करीब 50 कर्मचारियों को बिना संतोषजनक कारण बताए हटाए जाने से मामला और भड़क गया है। कर्मचारियों और यूनियन का आरोप है कि लगातार शोषण और अनदेखी के चलते उन्हें मजबूर होकर यह कड़ा कदम उठाना पड़ा है। उनका कहना है कि कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग के समक्ष अपनी समस्याएं रखी गईं, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

◆ रात 8 बजे से 11 अप्रैल तक हड़ताल का ऐलान

◆ 50 कर्मचारियों की छंटनी से भड़का विवाद

इस संभावित हड़ताल से सरकार और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि सरकार इस संकट से निपटने के लिए क्या कदम उठाती है और क्या समय रहते कोई समाधान निकल पाता है या नहीं। यदि स्थिति जल्द नहीं संभली, तो प्रदेश में आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

बंगाल में टीएमसी जा रही, भाजपा आ रही : अनुराग ठाकुर

नॉर्थ बंगाल के साथ टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट ने किया भेदभाव

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने बंगाल विधानसभा चुनाव के तहत दक्षिण दिनाजपुर के इस्लामपुर में जनसभा और रोड शो को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ऐसी मुख्यमंत्री हैं, जो जांच एजेंसियों के काम में बाधा डालती हैं और अपराधियों को संरक्षण देती हैं। उन्होंने दावा किया कि बंगाल अब टीएमसी के कुशासन से मुक्ति पाकर भाजपा के सुशासन के लिए तैयार है।

इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी चित्रजीत राय, शंकर अधिकारी और मनोज जैन के नामांकन में भाग लेकर उन्हें जीत की शुभकामनाएं दीं। अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है और बेटियां, व्यापारी, राजनीतिक कार्यकर्ता तथा न्यायपालिका तक सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने टीएमसी पर 'टेरर, मर्डर और क्राइम' की राजनीति करने का आरोप लगाया।

◆ टीएमसी बनी टेरर, मर्डर और क्राइम कॉकटेल पार्टी

उन्होंने कहा कि यह चुनाव बंगाल की संस्कृति, स्वाभिमान और अस्तित्व की रक्षा का चुनाव है। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ को बड़ा मुद्दा बताते हुए कांग्रेस, लेफ्ट और टीएमसी पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि राज्य में रोजगार के बजाय 'कट-मनी' की व्यवस्था चल रही है और कई नेता भ्रष्टाचार के मामलों में गिरफ्तार हुए हैं। अनुराग ने दावा किया कि ममता को हार का डर सता रहा है, जिसका प्रमाण नंदीग्राम सीट छोड़ना और बड़े स्तर पर टिकटों में बदलाव है। उन्होंने टीएमसी को 'अपराधी गिरोह' करार देते हुए मालदा की घटना का जिक्र किया, जहां न्यायिक अधिकारियों को घेराव का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि भाजपा के पास उत्तर बंगाल के विकास के लिए स्पष्ट रोडमैप है। 'टी, टूरिज्म, ट्रांसपोर्ट और टिम्बर' सेक्टर को बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्र सरकार खड़गपुर-सिलीगुड़ी कॉरिडोर, बागडोगरा एयरपोर्ट विस्तार, सेवोक-रंगपो रेल लिंक और अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर काम कर रही है, जिससे क्षेत्र को ग्लोबल ट्रेड हब बनाया जाएगा।

हिमकोफेड के नवनियुक्त अध्यक्ष विक्रम ने मुख्यमंत्री से की भेंट

सीएम सुक्खू से भेंट करते हिमकोफेड के नवनियुक्त अध्यक्ष विक्रम शर्मा।

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ (हिमकोफेड) के नवनियुक्त अध्यक्ष विक्रम शर्मा ने आज यहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। इस दौरान उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और प्रदेश सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

मुख्यमंत्री ने भी विक्रम शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में हिमकोफेड सहकारी क्षेत्र को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सहकारी संस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसमें हिमकोफेड की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।

संकट | प्रदेश में निर्माण योजनाओं के बजट संतुलन पर गहराया संकट

बिटुमेन कीमतों में उछाल से सड़कों की लागत में भारी बढ़ोतरी

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। पहाड़ों की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच विकास की धुरी मानी जाने वाली सड़कें अब बढ़ती लागत के बोझ तले दबती नजर आ रही हैं। बिटुमेन की कीमतों में लगातार हो रहे इजाफे ने न केवल निर्माण कार्यों की रफ्तार को प्रभावित किया है, बल्कि सरकार के बजट संतुलन को भी चुनौती के दौर में ला खड़ा किया है। ऐसे में सड़क निर्माण से जुड़ी योजनाओं की वास्तविक लागत में आई तेज वृद्धि ने विकास की दिशा और गति दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार नाबार्ड और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 3 मीटर चौड़ी सड़क की लागत जहां पहले 13.75 लाख रुपए प्रति किलोमीटर थी, अब बढ़कर 17.75 लाख रुपए हो गई है, जिससे प्रति किलोमीटर 4 लाख रुपए का अतिरिक्त भार पड़ा है। इसी प्रकार 6 मीटर चौड़ी सड़क की लागत 27.50 लाख से बढ़कर 35.50 लाख रुपए प्रति किलोमीटर पहुंच गई है, जिसमें 8 लाख रुपए की वृद्धि दर्ज की गई है। 10 मीटर चौड़ी सड़कों के मामले में यह बढ़ोतरी और अधिक गंभीर है, जहां लागत 41.25 लाख से बढ़कर 53.25 लाख रुपए प्रति किलोमीटर हो गई है, यानी 12 लाख रुपए का अंतर सामने आया है। वहीं एएमपी एवं ग्रामीण सड़कों की लागत भी 11 लाख से बढ़कर 14.15 लाख रुपए प्रति किलोमीटर हो गई है।

इस बढ़ती लागत के कारण विभागीय बजट और परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर अतिरिक्त दबाव बनना तय माना जा रहा है, जिससे कई परियोजनाओं की समयसीमा प्रभावित हो सकती है। इतना ही नहीं यदि कीमतों में यही रुझान जारी रहा, तो नए कार्यों की स्वीकृति में देरी, पुराने कार्यों में संशोधन और लागत पुनर्मूल्यांकन जैसी स्थितियां सामने आ सकती हैं, जिससे विकास की रफ्तार धीमी पड़ने की आशंका है।

काबिले गौर है कि आगामी समय में प्रदेश को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क को बनाए रखने और विस्तार देने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। सीमित संसाधनों के बीच बढ़ती लागत सरकार के लिए प्राथमिकताओं का संतुलन साधने का कठिन कार्य बन सकती है, वहीं ठेकेदारों और विभाग के बीच तालमेल बनाए रखना भी एक बड़ी चुनौती के रूप में उभर सकता है।

बिटुमेन की कीमतों में आई वृद्धि राष्ट्रीय स्तर की चुनौती : विक्रमादित्य

उधर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने संपर्क करने पर कहा कि बिटुमेन की कीमतों में आई वृद्धि एक राष्ट्रीय स्तर की चुनौती है, जिसका असर हिमाचल प्रदेश पर भी पड़ा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार विकास कार्यों की गति को प्रभावित नहीं होने देगी और आवश्यक बजट प्रावधानों के साथ योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा, ताकि जनता को बेहतर सड़क सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

पंचायत चुनावों के महासंग्राम को हिमाचल तैयार

20 अप्रैल के आसपास बजेगा बिगुल, तीन चरणों में तय होगी गांव की सरकार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने वाले पंचायत चुनावों को लेकर माहौल तेजी से गर्माने लगा है। गांव-गांव में संभावित उम्मीदवारों की सक्रियता बढ़ गई है और प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, राज्य चुनाव आयोग 20 अप्रैल के आसपास चुनाव कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा कर सकता है। इसके साथ ही प्रदेश में चुनावी आचार संहिता लागू हो जाएगी, जिससे सरकारी स्तर पर नई घोषणाओं और विकास कार्यों पर अस्थायी विराम लगना तय माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पंचायतीराज संस्थाओं के ये चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन तक सीमित नहीं होते, बल्कि ग्रामीण विकास की दिशा तय करने का आधार भी बनते हैं। चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने में लगभग एक माह का समय लगता है, जिसमें नामांकन, जांच, नाम वापसी, मतदान और मतगणना शामिल हैं। यदि 31 मई तक पूरी प्रक्रिया समाप्त करनी है, तो पहले चरण का मतदान मई के तीसरे सप्ताह के आसपास होना संभावित है। यही वजह है कि अप्रैल के तीसरे सप्ताह में चुनाव कार्यक्रम घोषित करना बेहद जरूरी माना जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है और उम्मीद जताई जा रही है कि 20 अप्रैल तक अधिकांश पंचायतों की मतदाता सूची तैयार हो जाएगी।

यह प्रक्रिया चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता सूची को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए। प्रदेश में पंचायत चुनावों को तीन चरणों में करवाने की परंपरा के पीछे भी एक सुविचारित रणनीति काम करती है। एक साथ पूरे राज्य में चुनाव करवाना न केवल प्रशासनिक रूप से चुनौतीपूर्ण होता है, बल्कि सुरक्षा बलों और संसाधनों की उपलब्धता पर भी भारी दबाव डालता है। तीन चरणों में चुनाव करवाने से मतपेटियों, कर्मचारियों और पुलिस बल का बेहतर प्रबंधन संभव हो पाता है।

चुनाव आयोग की आधिकारिक घोषणा पर टिकी निगाहें

अब प्रदेशभर के लोगों की निगाहें राज्य चुनाव आयोग की आधिकारिक घोषणा पर टिकी हैं। जैसे ही तारीखों का ऐलान होगा, गांव की सरकार चुनने की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगी और पहाड़ों से लेकर मैदानों तक लोकतंत्र का यह उत्सव पूरे जोश के साथ दिखाई देगा।

अनंत ज्ञान

न्यूज ब्रीफ

डाडासीबा कॉलेज में मॉकड्रिल आयोजित

पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा। 4 अप्रैल 1905 के कांगड़ा भूकंप की स्मृति में बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में भूकंप सुरक्षा पर मॉकड्रिल आयोजित की गई। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. रजनी संग्वान की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को भूकंप के दौरान घबराने के बजाय शांत रहने, खुले स्थान में जाने, लिफ्ट का उपयोग न करने तथा सिर को सुरक्षित रखने जैसे महत्वपूर्ण उपाय बताए। विशेष रूप से बच्चों, वृद्धों और दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। मॉकड्रिल में छात्रों को आपातकालीन निकासी की तकनीकें सिखाई गईं, जिससे आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ी। इस अवसर पर कॉलेज के कई प्राध्यापक और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

चौधरी फाउंडेशन अध्यक्ष पद का चुनाव आज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। चौधरी फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष पद का चुनाव रविवार को जिला कांगड़ा में करवाया जाएगा। फाउंडेशन के उपाध्यक्ष दीपक चौधरी ने बताया कि फाउंडेशन के अध्यक्ष पद के चुनाव उपरांत कार्यकारिणी गठित करने का प्रावधान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन की ओर से चौधरी समुदाय के हित में कार्य किया जा रहा है, जो मांगें लंबे समय से लंबित हैं, उन्हें सरकार के समक्ष उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पद के चुनाव उपरांत फाउंडेशन की गतिविधियों को गति दी जाएगी।

पठानकोट में नियमों की अवहेलना पर 15 चालान

अनंत ज्ञान, पठानकोट। पठानकोट में बुलेट बाइक से पटाखे जैसी आवाज निकालने वालों पर ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। ट्रैफिक डीएसपी करतार सिंह के नेतृत्व में पहले ही दिन 15 चालान और 2 बाइकों को जब्त किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि मॉडिफाइड साइलेंसर मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। नियम तोड़ने वालों पर 5 से 10 हजार रुपए तक जुर्माना और कड़ी कार्रवाई होगी। विशेषज्ञों ने तेज आवाज को स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बताया है। पुलिस ने लोगों से नियमों का पालन करने की अपील की है।

संजय ने संभाला प्रधानाचार्य का कार्यभार

नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जालग में संजय पटियाल ने नए प्रधानाचार्य के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन, स्थानीय ग्रामीणों और शिक्षकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर जन कल्याण समिति के अध्यक्ष ओपी धीमान भी मौजूद रहे। नवनियुक्त प्रधानाचार्य संजय पटियाल ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि स्कूल अब पहले से बेहतर स्थिति में है और इसे आगे और मजबूत बनाना हमारी जिम्मेदारी है।

इग्नू में प्रवेश की तिथि 10 तक बढ़ाई

अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर। अध्ययन केंद्र कोड 1187, शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के समन्वयक डॉ. दीप कुमार ने जानकारी दी है कि इग्नू की ओर से विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। जिन विद्यार्थियों ने अभी तक अपना प्रवेश प्रमाण पत्र, दस्तावेज अथवा शुल्क अपलोड नहीं किया है, वे इस तिथि तक अपना प्रवेश ले सकते हैं। जून 2026 सत्र के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल पहले से ही निर्धारित है और इसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इस तिथि तक बिना विलंब शुल्क के अपना ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं।

मकोल और कोसब में कल बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। चढ़ियार विद्युत उपमंडल के तहत विभिन्न क्षेत्रों में रखरखाव कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। एसडीओ ओम प्रकाश राणा के अनुसार 6 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे से भुआणा आशापुरी फीडर के तहत भुआणा, आशापुरी, मकोल, किल्ही, लुगट, शातिबन, बदारपट, डोडनवल्ली, कोसब, अम्बोटू, टान्ची, भुलाना, दरुग, तिनबड, मनझेडा आदि गांवों में बिजली बंद रहेगी। वहीं 10 अप्रैल को दगोह सेक्शन के तहत आने वाले गांवों नावाड़, जालग, गोह, टम्बर, कपाडा, बरोटा, मंझोटी, रोपड़ी, दाम पानी आदि में सुबह 9 बजे से सप्लाई बाधित रहेगी। पेड़ों की कटाई-छंटाई व लाइन मरम्मत कार्य किया जाएगा।

आपदा जागरुकता दिवस मनाया

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को विनाशकारी कांगड़ा भूकंप की 121वीं जयंती पर आपदा जागरुकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन आपदा प्रबंधन समिति के संयोजक डॉ. इंदु कुमार की ओर से किया गया। छात्रों को भूकंप के दौरान अपनाए जाने वाले अभ्यास जैसे ड्रॉप, कवर और होल्ड का प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने छात्रों को आपदाओं से निपटने के लिए तैयार रहने और आम जनता को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रो. रविंद्र कुमार, प्रो. अरविंद कुमार और प्रो. आकाश भी उपस्थित रहे। प्राचार्य ने डॉ. इंदु कुमार और सभी छात्रों को कार्यक्रम के सफल आयोजन पर बधाई दी।

प्रो. उपेंद्र ने संभाला प्राचार्य पद का कार्यभार

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय में प्रो. उपेन्द्र शर्मा ने प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। महाविद्यालय के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया और उनके नेतृत्व में सहयोग देने की अपनी तत्परता व्यक्त की। प्रो. शर्मा इस संस्थान के पूर्व छात्र और पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर रह चुके हैं। उन्होंने उच्च शैक्षणिक मानकों, अनुशासन और विद्यार्थियों के समग्र विकास पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को बढ़ावा देने और संस्थान के शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने नगरोटा सूरियां महाविद्यालय में स्थानांतरित प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल को शुभकामनाएं दी।

देहरा में होटल मैनेजर के खिलाफ लाखों की धोखाधड़ी का केस दर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। देहरा पुलिस जिला के तहत एक होटल संचालक की शिकायत पर मैनेजर के खिलाफ लाखों रुपए के गबन का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस थाना देहरा में दर्ज शिकायत के अनुसार, ऊना निवासी मैनेजर ने होटल के कार्यों में हेराफेरी करते हुए सामान बेचा, फर्जी खर्च दिखाए और बुकिंग की रकम अपने निजी खाते में ट्रांसफर कर ली। प्रारंभिक जांच में करीब 50 से 70 लाख रुपए के गबन की बात सामने आई है। मामला उजागर होने के बाद आरोपी फरार हो गया है और उसका मोबाइल भी बंद बताया जा रहा है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि होटल संचालक की ओर से होटल के मैनेजर के खिलाफ लाखों रुपए के गबन की शिकायत दर्ज करवाई गई है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस थाना देहरा में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

शिक्षा के मंदिर से ही देश का समग्र विकास संभव : पठानिया

श्री साई विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में उपमुख्य सचेतक रहे मुख्य अतिथि

अनंत ज्ञान

अजय पाल, पालमपुर। छात्रों को अपनी पढ़ाई और डिग्री का प्रयोग वैज्ञानिक सोच, तर्क और सही दिशा के साथ अपने करियर में प्रयोग करना चाहिए, डिग्री केवल एक कागज नहीं, बल्कि यह जीवन में बेहतर दिशा देने का माध्यम है। आपकी डिग्री आपके व्यवहार, संस्कार और कार्य में भी झलकनी चाहिए। यह बात शाहपुर के विधायक एवं प्रदेश सरकार में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बतौर मुख्य अतिथि श्री साई विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शिरकत करते हुए कही।

पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल भी इस दौरान उनके साथ विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद थे। पठानिया ने कहा कि शिक्षा के मंदिर से ही देश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा। पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने इस दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र अपने ज्ञान और अनुभव से देश, प्रदेश और पालमपुर का नाम रोशन करें। इस दौरान विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि के द्वारा पीएचडी डिग्री सर्टिफिकेट और गोल्ड मेडल सहित विभिन्न उपाधियां छात्रों को वितरित की गई। दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रों को शपथ भी दिलाई गई।

दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को बांटी उपाधियां। अनंत ज्ञान

बटबला में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट परियोजना का किया भूमिपूजन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के बटबला में जल शक्ति विभाग के तहत मनेई-परगोड पेयजल योजना के संवर्धन के अंतर्गत लगभग 3.29 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भूमिपूजन किया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत विभिन्न स्थानों पर 4 जल भंडारण टैंक बनाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त एडीबी के अंतर्गत लगभग 17 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन योजना में 20 जल भंडारण टैंक प्रस्तावित हैं। पठानिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकांश का मौके पर समाधान किया, जबकि शेष के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए।

10 .59 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ निरंतर जारी विशेष अभियान के अंतर्गत एक और सफलता प्राप्त हुई है। शुक्रवार को कांगड़ा जिला पुलिस की विशेष टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर गौरव चौधरी निवासी गंधरप, तहसील शाहपुर के कब्जे से 10.59 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया है तथा इस संबंध में उसके खिलाफ पुलिस थाना कांगड़ा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि जब जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम मादक द्रव्य पदार्थ की सूचना एकत्रित करने के संदर्भ में कांगड़ा वाईपास के पास मौजूद थी तो विश्वसनीय सूत्रों से गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कांगड़ा के पास हनुमानघाट में सड़क के किनारे वर्षाशालिका में एक युवक खड़ा है, जिसके पास चिट्टा है तथा इसे बेचने की फिराक में है। पुलिस की विशेष टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर दबिश दी तथा आरोपी के कब्जे से 10.59 ग्राम चिट्टा बरामद किया। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि जिला कांगड़ा पुलिस का नशे के विरुद्ध यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। नशे और अन्य अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया युवक। अनंत ज्ञान

50 ग्राम चरस व नकदी के साथ एक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। पुलिस जिला कांगड़ा के तहत चरस तथा नकदी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस थाना बीड़ की टीम जब गश्त पर थी तो बीड़ लम्बाहार चौंक में दीपक निवासी निवासी जोगिंद्रनगर, जिला मंड़ी के कब्जे से 50 ग्राम चरस व 19,000 रुपए बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

ज्वालामुखी क्षेत्र के दो जरूरतमंद बच्चों को मिली फौरी राहत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। ज्वालामुखी क्षेत्र की अलुहा पंचायत वार्ड नंबर 1 के 'अघार' में रहने वाले कृष्णा (15 वर्ष) और राहुल (14 वर्ष) को महिला एवं बाल विकास विभाग ने त्वरित मदद दी। वायरल वीडियो के माध्यम से सूचना मिलने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने बाल विकास परियोजना अधिकारी देहरा को मौके पर जाकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बच्चों की देखभाल कर रही सगी ताई से बात की और पाया कि बच्चे बाल-गृह नहीं जाना चाहते। बच्चों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं थे, जिन्हें अधिकारियों ने 2 दिनों के भीतर पूरी कर लिया। बच्चों को मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना एवं मिशन वात्सल्य योजना के तहत लाभ दिलाने हेतु प्रस्ताव जिला कार्यक्रम अधिकारी को भेजा गया। इसके बाद फौरन 4000-4000 रुपए की राशि बच्चों के बैंक खाते में 4 अप्रैल को हस्तांतरित की गई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से बच्चों की शिक्षा, संरक्षण और समुचित देखभाल सुनिश्चित की जाएगी, साथ ही अन्य सरकारी लाभ भी प्रदान किए जाएंगे, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बन सके।

आचार संहिता लगने से पहले की जाएं सीबीएसई शिक्षकों की नियुक्तियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पंचायत चुनावों की आचार संहिता लागू होने से पहले सीबीएसई शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाए और इसके लिए आवश्यक हो तो हाईकोर्ट से अनुमति प्राप्त की जाए, अन्यथा ये नियुक्तियां अटक सकती हैं। कई सीबीएसई स्कूलों में नामांकन बढ़ रहा है, मगर इनमें अनेकों पद ट्रांसफर या प्रमोशन से रिक्त हो चुके हैं। राजकीय टीजीटी कला संघ ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग से उठाई है। संघ ने कहा कि सभी श्रेणियों के ट्रांसफर आदेश स्कूल शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से अपलोड किए जाएं, ताकि शिक्षकों को पारदर्शिता और समय पर जानकारी मिल सके। इसके साथ ही सामान्य तबादलों पर लगी रोक में भी राहत देने की मांग की गई है। संघ ने आग्रह किया है कि वर्तमान में प्रमोटी प्रवक्ता, टीजीटी, एलटी, जेबीटी और सीएंडवी वर्ग के लगभग 2100 शिक्षक लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर ने विभाग से मानव संपदा एप को दुरुस्त करने की भी मांग की है। उनका कहना है कि शिक्षक लॉग-इन नहीं कर पा रहे हैं, जिससे ई-सर्विस बुक और ट्रांसफर आदेश देखना मुश्किल हो गया है। राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षा सचिव से अपील की कि नए डेटा प्लेटफॉर्म के बजाय पोर्टल को ही प्राथमिकता दी जाए। संघ ने कहा कि प्रस्तावित स्टूडेंट प्रोग्रेशन मॉड्यूल को एनआईसी दिल्ली के माध्यम से शीघ्र शुरू किया जाए। शिक्षकों को पहले से यूडाइज प्लस का प्रशिक्षण है, इसलिए नया एम आई एस सिस्टम लागू करने से अनावश्यक परेशानी और त्रुटियां बढ़ेंगी।

हिमाचल पर्यटन के नाम पर लूट का खेल : बिक्रम ठाकुर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक बिक्रम ठाकुर ने पर्यटन निगम के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली के बयानों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के भीतर गहरी अंतर्कलह अब खुलकर सामने आ चुकी है। उन्होंने कहा कि अब सरकार के नेता अपनी-अपनी छवि बचाने के लिए एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि उनकी नीतियों के कारण प्रदेश की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर एचपीटीडीसी के होटल घाटे में होने की बात कही जा रही है और उनके नवीनीकरण के लिए सरकार से धन की मांग की जा रही है।

वहीं, दूसरी ओर उन्हीं होटलों को ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस के नाम पर निजी हाथों में सौंपने का निर्णय लिया जा रहा है। यह सीधा-सीधा विरोधाभास है, जो सरकार की नीयत और नीतियों दोनों पर सवाल खड़ा करता है। यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश है। पहले सरकारी संपत्तियों को कमजोर किया जाता है, फिर उन्हें घाटे में दिखाकर निजी हाथों में सौंप दिया जाता है। इससे साफ है कि सरकार की प्राथमिकता जनहित नहीं बल्कि अपने चहेते लोगों को लाभ पहुंचाना है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मौजूदा एचपीटीडीसी होटल ही ठीक से संचालित नहीं हो पा रहे हैं, तो 250 करोड़ खर्च करने और नगरोटा में 180 करोड़ का 5 सितारा होटल बनाने की घोषणा का क्या औचित्य है? उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने होटलों को लीज पर अपने लोगों को देना और नए प्रोजेक्ट्स के नाम पर ठेके अपने ठेकेदार मित्रों को दिलाना ही कांग्रेस सरकार का असली एजेंडा है। यह प्रदेश के संसाधनों की खुली लूट है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

कांगड़ा भूकंप की 121वीं वर्षगांठ पर मॉक ड्रिल का आयोजन

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ। उपमंडलाधिकारी कार्यालय बैजनाथ में 1905 के कांगड़ा भूकंप की 121वीं वर्षगांठ के अवसर पर आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य भूकंप जैसी आपदा में त्वरित प्रतिक्रिया, राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी और विभागों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना था। मॉकड्रिल में 6.4 तीव्रता का काल्पनिक भूकंप दर्शाया गया, जिसमें भवन क्षतिग्रस्त और लोग घायल होने की स्थिति प्रदर्शित की गई। प्रभारी अग्निशमन केंद्र विजय कुमार ने सावधानियों, सुरक्षित स्थानों की पहचान और राहत कार्यों की जानकारी दी। बचाव दल ने घायलों को प्राथमिक उपचार सहित सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इसके साथ ही विभिन्न एजेंसियों के बीच संचार और समन्वय का अभ्यास भी सफलतापूर्वक किया गया। इस अभ्यास में प्रशासनिक अधिकारियों, अग्निशमन, स्वास्थ्य और अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल हुए।

बिजली सब्सिडी खत्म करने का फैसला मध्यम वर्ग की जेब पर डकैती : भंडारी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। आम आदमी पार्टी पार्टी के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कांग्रेस सरकार की ओर से बिजली सब्सिडी खत्म करने के फैसले को मध्यम वर्ग की जेब पर डकैती और जनता के साथ ऐतिहासिक विश्वासघात करार दिया है। उन्होंने कहा कि जो सरकार सुख की सरकार होने का दंभ भरती थी, वह अब प्रदेश के आम परिवारों के लिए दुख की सरकार बन चुकी है। भंडारी ने कहा कि चुनाव के समय मुफ्त बिजली का झुनझुना थमाने वाली कांग्रेस अब असल रंग दिखा रही है।

126 से 300 यूनिट वाली सब्सिडी छीनना सीधे तौर पर उन छह लाख परिवारों के साथ गद्दारी है, जिन्होंने इन वादों पर भरोसा किया था। चालाकी और लूट के खेल की बदौलत सरकार ने बिजली दरों में एक पैसे की सांकेतिक कमी का ढोंग रचाकर जनता की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश की है, जबकि पर्दे के पीछे से 1.73 रुपए प्रति यूनिट की सब्सिडी छीनकर हर महीने मध्यम वर्ग के बजट पर भारी भरकम रकम का सीधा डाका डाला है। ऐसे में मध्यम वर्ग सुक्खू सरकार की बिजली सर्जिकल स्ट्राइक का सॉफ्ट टारगेट बना है। भंडारी ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी प्रशासनिक नाकामियों और वित्तीय कुप्रबंधन का हर्जाना उस वर्ग से वसूल रही है जो ईमानदारी से टैक्स भरता है। आम आदमी पार्टी अल्टीमेटम के साथ सुक्खू सरकार से 126-300 यूनिट स्लैब पर सब्सिडी की बिना शर्त बहाली व श्वेत पत्र की मांग करती है कि हजारों करोड़ का कर्ज लेने के बावजूद बिजली बोर्ड की यह दुर्गति क्यों हुई। आर-पार की जंग का ऐलान करते हुए भंडारी ने कहा कि यदि यह आर्थिक हमला वापस नहीं लिया गया, तो आम आदमी पार्टी चुप नहीं बैठेगी और बिजली के बढ़े हुए बिलों की सड़कों पर होली जलाकर सरकार की ईंट से ईंट बजा देगी।

पेशी पर ले जाते समय आरोपी पुलिस वालों को धक्का देकर भागा

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट। पठानकोट में स्नेचिंग केस के आरोपी को पेशी पर ले जाते समय वह पुलिसकर्मियों को धक्का देकर फरार हो गया। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस टीम उसके गांव में दबिश देने पहुंची। जब पुलिस ने आरोपी को पकड़कर गाड़ी में बैठाया, तो उसके परिवार और अन्य लोगों ने वाहन घेरकर हमला कर दिया। हमले में एएसआई राजेश कुमार और अन्य कर्मचारियों के साथ हाथापाई हुई, उनकी वर्दियां भी फाड़ दी गईं। आरोप है कि गांव का सरपंच निर्मल सिंह बैनी भी मौके पर मौजूद था और उसने पुलिस से बदसलूकी की। पुलिस ने इस मामले में सरपंच सहित 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है और 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और फरार आरोपी की तलाश जारी है।

◆ पकड़ने गई पुलिस टीम पर किया हमला

टांडा अस्पताल में कार्डियोलॉजी सेवाएं भगवान भरोसे : परमार

अनंत ज्ञान

◆ बोले- डॉक्टरों की कमी के कारण रोगियों को समय पर नहीं मिल रहा उपचार

ब्यूरो, धर्मशाला। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने टांडा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कार्डियोलॉजी विभाग की दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र के लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले इस प्रमुख अस्पताल में कार्डियोलॉजी जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग का केवल एक डॉक्टर के भरोसे चलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।



परमार ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों की भारी कमी के कारण गंभीर हृदय रोगियों को समय पर उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी जान पर बन रही है। उन्होंने कहा कि एक ही डॉक्टर पर अत्यधिक कार्यभार डालना न केवल चिकित्सकीय व्यवस्था के साथ अन्याय है, बल्कि मरीजों की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में आपातकालीन मामलों से निपटना बेहद कठिन हो गया है और मरीजों को या तो लंबा इंतजार करना पड़ता है या फिर अन्य स्थानों पर रेफर किया जाता है, जिससे बहुमूल्य समय नष्ट होता है। परमार ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि टांडा अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में तत्काल प्रभाव से विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए, ताकि मरीजों को समय पर और बेहतर उपचार मिल सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो यह एक बड़े स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

अभियान 12 जिलों से मिट्टी एकत्रित करने निकले रिटायर्ड कर्नल जीत बहादुर

शहीद स्मारक धर्मशाला में बनेगा यूनिटी पार्क

◆ 15 अप्रैल को धर्मशाला में संपन्न होगा एकल मोटरसाइकिल एकता अभियान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित राज्य युद्ध स्मारक में यूनिटी पार्क का निर्माण किया जाएगा। इसमें विभिन्न 12 जिलों से मिट्टी लाकर अलग-अलग पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए रिटायर्ड कर्नल जीत बहादुर ने शनिवार को धर्मशाला से एकल मोटरसाइकिल एकता अभियान शुरू किया, जो 15 अप्रैल को धर्मशाला शहीद स्मारक में संपन्न होगा।

इस दौरान शहीद स्मारक विकास समिति के पदाधिकारी व शहर के बुद्धिजीवी मौजूद रहे। कर्नल जीत बहादुर ने बताया कि यह अभियान प्रदेश के सभी 12 जिलों से होकर गुजरेगा, जिसमें मैदानी इलाकों, पहाड़ों, जंगलों और लगभग 11,000 फुट ऊंचे दर्रों से होते हुए लगभग 2000 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। राइडर द्वारा हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों से मिट्टी एकत्र की जाएगी, जिसका उपयोग 15 अप्रैल 2026 को हिमाचल प्रदेश राज्य युद्ध स्मारक, धर्मशाला में एकता उपवन/यूनिटी पार्क लगाने के लिए किया जाएगा, यह दिन हिमाचल दिवस के शुभ अवसर के साथ मेल खाता है। उन्होंने कहा कि एकता ही किसी देश की ताकत होती है और यह सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देती है। इस पूर्व सैनिक ने एकता के विचार को बढ़ावा देने के लिए पहले भी इस तरह की एकता यात्राएं की हैं। उन्होंने भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट में सेवा दी है। शहीद स्मारक विकास समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कर्नल जय गणेश ने अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समिति सदस्यों ने इस अभियान के लिए सोलो राइडर कर्नल जीत बहादुर को अपनी शुभकामनाएं दी।

अभियान को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। अनंत ज्ञान

सीबीएसई का दर्जा मिलते ही परागपुर स्कूल में बंपर एडमिशन

दो दिन में स्कूल में हुए 148 दाखिले। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

परागपुर। राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परागपुर में सीबीएसई का दर्जा मिलते ही शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव साफ नजर आने लगा है। नए शैक्षणिक सत्र के पहले दो दिनों में बाल वाटिका से लेकर प्लस-टू तक कुल 148 विद्यार्थियों ने दाखिला लेकर इस स्कूल को अपनी पहली पसंद बना लिया है।

प्रधानाचार्य सीमा कौशल ने बताया कि सीबीएसई का दर्जा मिलने के बाद अभिभावकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। शनिवार को बलियाणा, नलसूहा, नेहरनपुखर सहित कई दूर-दराज के क्षेत्रों से दर्जनों अभिभावक अपने बच्चों को लेकर स्कूल पहुंचे और प्रवेश प्रक्रिया में हिस्सा लिया। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान सुनील चौहान ने बताया कि इस विद्यालय में बाल वाटिका से आठवीं कक्षा तक निशुल्क शिक्षा दी जा रही है, जो अभिभावकों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रही है। साथ ही, स्कूल का मेहनती और अनुभवी शिक्षक वर्ग हर वर्ष उत्कृष्ट वार्षिक परिणाम देकर अपनी गुणवत्ता साबित कर रहा है। परागपुर स्कूल में अचानक बढ़ी यह भीड़ इस बात का संकेत है कि अब अभिभावक सरकारी संस्थानों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं।

आठ तीव्रता का भूकंप आया तो हिमाचल, पंजाब हरियाणा में जाएंगी लाखों जानें : एचके गुप्ता

कहा- मानव गतिविधियों के कारण हो रहा जलवायु परिवर्तन, बदल रहे मौसम के पैटर्न, पिघल रहे ग्लेशियर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। विश्व के जाने-माने भू-भौतिकविद पद्मश्री एचके गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के एक अध्ययन के अनुसार, यदि मंडी के पास 8 तीव्रता का भूकंप रात के समय आता है, तो हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में मिलाकर लगभग 9.5 लाख लोगों की जान जा सकती है, जो 1905 के कांगड़ा भूकंप में हुई करीब 20 हजार मौतों से कहीं अधिक है। ऐसे आंकड़े हमें चेतावनी देते हैं कि तैयारी और जागरुकता कितनी जरूरी है। प्रेरित भूकंपीयता पर अपने शोध के लिए प्रसिद्ध पद्मश्री एचके गुप्ता ने केंद्रीय विवि के भूविज्ञान विभाग और रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस केंद्र द्वारा हिमालय होराइजन्सः टेक्टोनिक्स, सस्टेनेबिलिटी और रेजिलियंस पर आयोजित की जा रही तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि भूकंप-रोधी समाज के निर्माण के लिए जागरुकता सबसे महत्वपूर्ण है और इसे जन आंदोलन का रूप दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव गतिविधियों के कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है, मौसम के पैटर्न बदल रहे हैं, ग्लेशियर पिघल रहे हैं और मानसून प्रभावित हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वैश्विक स्तर पर बड़े युद्ध, विशेषकर परमाणु युद्ध होते हैं, तो इसका असर पूरी दुनिया की जलवायु पर पड़ेगा।

स्कूल स्तर से हो भूकंप के बारे में जागरुकता

एचके गुप्ता ने कहा कि भूकंप से जुड़ी जागरुकता स्कूल स्तर से ही शुरू की जानी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी इस आपदा को समझ सके और उससे निपटने के तरीके सीख सके। बच्चों के माध्यम से यह जागरूकता परिवारों तक भी पहुंचती है, जिससे समाज में व्यापक स्तर पर समझ विकसित होती है। उन्होंने कहा कि चैरिटी बिगिन्स फ्रॉम होम के सिद्धांत पर चलते हुए लोगों को सबसे पहले अपने घर की भूकंप-रोधी क्षमता की जांच करनी चाहिए।

भूकंप के साथ जीना सीखना होगा

हिमालयी क्षेत्र की संवेदनशीलता पर उन्होंने कहा कि यह दुनिया के सबसे सक्रिय भूकंपीय क्षेत्रों में से एक है और वर्तमान में 'सीस्मिक क्वायसेंस' के दौर से गुजर रहा है। 1952 के बाद से कोई बड़ा भूकंप नहीं आया है, लेकिन इस दौरान क्षेत्र में इतनी ऊर्जा संचित हो चुकी है कि भविष्य में कई 8 तीव्रता के भूकंप आ सकते हैं। हालांकि, इनके समय और स्थान का पूर्वानुमान लगाना संभव नहीं है। बड़े पैमाने पर लोगों को पहले से सुरक्षित स्थानों पर भेजना व्यावहारिक नहीं है, इसलिए हमें भूकंप के साथ जीना सीखना होगा।

नियमों के विपरीत निर्माण, विनाश को निमंत्रण देना

एचके गुप्ता ने असुरक्षित निर्माण कार्यों पर चिंता जताते हुए कहा कि कई जगहों पर भवन निर्माण में नियमों की अनदेखी की जा रही है और लोग पैसे देकर मंजूरी ले लेते हैं। यह अपने ही विनाश को निमंत्रण देने जैसा है, क्योंकि ऐसे भवन भूकंप के दौरान सबसे पहले गिरते हैं। लिए नियमित रूप से निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन, छात्रों को जागरूक करना, महत्वपूर्ण भवनों को भूकंप-रोधी बनाना और अर्ली वार्निंग सिस्टम लागू करना जरूरी है।

बिना एनओसी न दिए जाएं बिजली-पानी के कनेक्शन

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला स्थित डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक उपायुक्त हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला कांगड़ा में हो रहे अनाधिकृत निर्माण और अवैध प्लाटिंग के मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंडलीय नगर योजनाकार रसिक शर्मा ने विभिन्न योजना और विशेष क्षेत्रों में लागू हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम, 1977 के प्रावधानों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अवैध कॉलोनियों के कारण लोगों को सड़क, जल निकासी, सीवरेज, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है। उपायुक्त ने राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि जिन मामलों में अधिनियम की धारा 16-सी और रियल एस्टेट एक्ट, 2016 लागू होते हैं, उनमें बिना अनुमति रजिस्ट्री न की जाए। साथ ही नगर एवं ग्राम योजना, पुलिस, विद्युत और जल शक्ति विभागों को समन्वय के साथ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना एनओसी बिजली-पानी कनेक्शन न दिए जाएं और उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई हो।

इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि विकास कार्य पूरी तरह नियमानुसार एवं योजनाबद्ध तरीके से किए जाएं, ताकि जिला कांगड़ा में संतुलित एवं व्यवस्थित विकास सुनिश्चित किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि अवैध निर्माण न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे भविष्य में बुनियादी सुविधाओं के प्रबंधन तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े जोखिम भी बढ़ जाते हैं। इसलिए सभी विभागों को सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी। अनंत ज्ञान

आपदा प्रबंधन में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा द्वारा आपदा जागरूकता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि आपदा से जुड़ी जानकारी केवल प्रमाणिक स्रोतों से ही लें और आपात स्थिति में जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से संपर्क करें। उन्होंने युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए एनसीसी, एनएसएस, एसडीआरएफ और स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें विभिन्न दलों ने भाग लिया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर प्रशिक्षण के साथ आपदा उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आपदा के प्रति जागरूक और तैयार बनाना रहा।

विधायक सुधीर शर्मा से मिला व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल, समस्याओं के हल की उम्मीद जगी

समस्याओं को लेकर विधायक सुधीर शर्मा से मिलते योल व्यापार मंडल के प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

मनोज चंदेल, योल। योल बाजार के व्यापारियों और स्थानीय जनता की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर शर्मा से मिला।

इस दौरान व्यापारियों ने बाजार से जुड़ी मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष रमन चौधरी, महासचिव मनोज चंदेल, सह सचिव सागर थापा और खजांची चांद रानी उपस्थित रहे। व्यापारियों ने बताया कि छावनी परिषद के विघटन के बाद से कूड़ा प्रबंधन की समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे बाजार की स्वच्छता प्रभावित हो रही है। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट की कमी, बिजली बिल भुगतान को लेकर असमंजस, पीडब्ल्यूडी सड़कों पर गड्ढे और आईपीएच विभाग की खुली पाइपलाइनें लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में भी समस्याएं सामने रखी गईं। स्थानीय अस्पताल में स्टाफ और सुविधाओं की कमी तथा स्कूलों में शिक्षकों की कमी को लेकर विधायक का ध्यान आकर्षित किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने पीरू सिंह चौक, मानकशाह गेट और मुख्य बाजार में पार्किंग, शौचालय तथा रेन शेल्टर की व्यवस्था की मांग भी उठाई। विधायक ने 10 अप्रैल को बाजार का दौरा करने का आश्वासन दिया और समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि ने बढ़ाई ठंड

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि ने अप्रैल माह में ठंड बढ़ा दी है। यह कहना गलत न होगा कि अप्रैल माह में जहां लोग गर्मी से परेशान होते थे, वहीं इस बार गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं। कांगड़ा घाटी के कूल-कूल मौसम का आनंद लेने पर्यटकों की आमद जुटने लगी है। सुहावना मौसम और वीकंड ऐसे में पर्यटकों का कांगड़ा का रुख करना लाजमी है, क्योंकि मैदानी क्षेत्रों में गर्मी खूब परेशान कर रही है। मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने पूरे क्षेत्र को शीतलहर की चपेट में ले लिया। धौलाधार की पहाड़ियों और हिमानी चामुंडा सहित ऊपरी क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई है, जिससे पूरी घाटी के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। दिनभर की मूसलाधार बारिश और घने बादलों के बीच शाम के समय मौसम ने कुछ राहत दी थी, लेकिन यह राहत ज्यादा देर तक नहीं टिकी।

शाम होते ही आसमान काले बादलों से घिर गया। देखते ही देखते दोबारा मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हो गया, जिसने ठंड को और बढ़ा दिया। पहाड़ियों से आ रही सर्द हवाओं के कारण पूरी घाटी वर्तमान में कड़ाके की ठंड की चपेट में है। धर्मशाला और मैक्लोडगंज के बाजारों में रेनकोट और छातों की मांग अचानक बढ़ गई है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, बरसाती सामान का स्टॉक अप्रैल में ही खत्म होने की कगार पर है। मैदानी इलाकों से आए पर्यटक इस बदलाव के लिए तैयार नहीं थे। धौलाधार की चोटियों पर बर्फबारी के बाद बढ़ी ठंड और बारिश से बचने के लिए पर्यटक अब बाजारों में रंग-बिरंगे रेनकोट और छाते खरीदते नजर आ रहे हैं।

कांगड़ा एयरपोर्ट टैक्सी ऑपरेटर भी होंगे हड़ताल में शामिल

कांगड़ा एयरपोर्ट के टैक्सी ऑपरेटरों ने बैठक कर लिया फैसला। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

गगल। हिमाचल प्रदेश में कमर्शियल वाहनों से जुड़े मुद्दों को लेकर 6 अप्रैल को हड़ताल और चक्का जाम की चेतावनी दी गई है। इस क्रम में कांगड़ा एयरपोर्ट के टैक्सी ऑपरेटरों ने भी हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया है। शनिवार को आयोजित एक सामूहिक बैठक में सभी टैक्सी ऑपरेटरों ने एकजुट होकर इस आंदोलन का समर्थन किया। बैठक में तय किया गया कि 6 अप्रैल को कांगड़ा एयरपोर्ट से संचालित सभी टैक्सी सेवाएं बंद रहेंगी और चालक हड़ताल में भाग लेंगे।

बैठक में कुलजीत राणा, राजीव राणा, नरेश कुमार, पुष्पेंद्र, तरसेम, सुभाष चौधरी, अशोक राणा, पंकज कुमार, निखिल कुमार, विजय कुमार, बाल अनिल कुमार और राजकुमार सहित कई टैक्सी ऑपरेटर उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिसके चलते यह कदम उठाना पड़ रहा है। टैक्सी ऑपरेटरों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो भविष्य में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस हड़ताल से यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, खासकर कांगड़ा एयरपोर्ट आने-जाने वाले यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी।

टांडा में आपदा जागरुकता दिवस पर करवाई पोस्टर स्पर्धा

टांडा कॉलेज में आपदा जागरुकता दिवस मनाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

कांगड़ा। कांगड़ा स्थित डॉ. आरपी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में शनिवार को आपदा जागरुकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मेडिकल, नर्सिंग और तकनीकी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और आम जनता को विभिन्न आपदाओं, विशेषकर भूकंप से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना रहा। कांगड़ा भूकंप की 121वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता भी करवाई गई। विद्यार्थियों ने भूकंप से बचाव और आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषयों पर रचनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किए। लगभग 25 प्रविष्टियों में से श्रेष्ठ प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. मिलाप शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। निर्णायक मंडल में प्रो. राजीव गोयल, प्रो. विजय अरोड़ा, प्रो. सुखजीत सिंह, डॉ. सुषमा शर्मा तथा नर्सिंग ट्यूटर कुसुम और मोनिका शामिल रहे।

किशोरियों के लिए एचपीवी टीका जरूरी अफवाहों से रहें सावधान: डॉ. ऋचा

रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर। आज के समय में बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच बेटियों को गंभीर बीमारियों से बचाना बेहद जरूरी हो गया है। इसी कड़ी में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा विषाणु) टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि समय रहते सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। 14-15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए यह टीका गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक बताया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी फतेहपुर डॉ. ऋचा मेहरोत्रा ने स्पष्ट किया कि सामाजिक माध्यमों पर फैल रही बांझपन और अन्य बीमारियों से जुड़ी अफवाहें पूरी तरह निराधार हैं, जबकि यह टीका सुरक्षित, प्रभावी और भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। इसी बीच विभाग द्वारा ब्लॉक फतेहपुर में बेटियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे समय पर बेटियों का टीकाकरण करवाकर उन्हें गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षित करें। विशेषज्ञों के अनुसार कम उम्र में लगाया गया यह टीका अधिक प्रभावी होता है और लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है। यह टीका न केवल गर्भाशय ग्रीवा कैंसर बल्कि जननांग मस्सों व अन्य संक्रमणों से भी बचाव में सहायक है, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन) द्वारा भी सुरक्षित और प्रभावी माना गया है। स्वास्थ्य विभाग ने आज का टीका, कल की सुरक्षा का संदेश देते हुए अभिभावकों से अपील की है कि वे अफवाहों से दूर रहकर समय पर टीकाकरण करवाएं, ताकि बेटियों का भविष्य सुरक्षित और स्वस्थ बनाया जा सके।

दैहण मेले में बारिश के बीच कुश्तियों का रहा रोमांच



गुग्गा कमेटी के अध्यक्ष वेद पुजारी ने की मेला कमेटी को 31 हजार रुपए देने की घोषणा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

राकेश डोगरा, डरोह। दैहण में चल रहे चार दिवसीय ऐतिहासिक मेले के दूसरे दिन शनिवार को बारिश भी उत्साह को कम नहीं कर सकी। हल्की से मध्यम बारिश के बावजूद कुश्तियों का दौर पूरे जोश के साथ जारी रहा और दर्शकों ने भी भीगते हुए पहलवानों के दांव-पेंच का आनंद लिया।

मेले का शुभारंभ गुग्गा कमेटी के अध्यक्ष वेद पुजारी ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं और इन्हें संजोना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने मेला कमेटी को 31 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। बारिश के कारण दुकानदारों को थोड़ी परेशानी जरूर हुई, लेकिन लोगों की आवाजाही बनी रही। खासकर युवाओं और बुजुर्गों में कुश्तियों को लेकर खासा उत्साह देखा गया। मेला कमेटी के चेयरमैन संजय सैनी और अध्यक्ष गगन कुमार ने बताया कि तीसरे दिन कार्यक्रम और आकर्षक होंगे। रविवार को महिलाओं के लिए रस्साकस्सी, म्यूजिकल चेयर और जलेबी रेस आयोजित होंगी, जबकि दोपहर बाद कुश्तियां फिर शुरू होंगी। उन्होंने लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

◆ **आज होगी महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर और जलेबी रेस आयोजित**

कृषि विवि में भूकंप आपदा को लेकर करवाई मॉकड्रिल

अनंत ज्ञान, पालमपुर। चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण संगठन के तत्वावधान में भूकंप आपदा से निपटने के लिएए एक व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस अभ्यास का उद्देश्य छात्रों, कर्मचारियों और आपातकालीन टीमों की तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करना था। डॉ. देशराज चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस ड्रिल में 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। काल्पनिक परिदृश्य में परीक्षा भवन में भूकंप आने की स्थिति दर्शाई गई, जिसमें 123 छात्र और 5 शिक्षक मौजूद बताए गए। भूकंप के तुरंत बाद आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू किए गए और एनएसएस व एनसीसी टीमों ने मिलकर सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की। प्राथमिक उपचार टीम ने घायलों को तत्काल सहायता दी, जबकि अन्य टीमों ने संचार, भीड़ नियंत्रण और राहत कार्यों का समन्वय किया। कुलपति अशोक कुमार पांडा ने आपदा के समय तैयारी और समन्वय को अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम के अंत में समीक्षा बैठक आयोजित कर भविष्य के लिए सुधारात्मक सुझाव दिए गए।

मूल्यांकन प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखना प्राथमिकता: डॉ. राजेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने द्वितीय चरण के स्पॉट मूल्यांकन (16 अप्रैल से प्रारंभ) के दौरान गोपनीयता से संबंधित कार्यों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड की परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ एवं व्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही हैं। डॉ. शर्मा ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा एवं गोपनीयता के साथ करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मूल्यांकन प्रक्रिया अत्याधुनिक सर्विलांस प्रणाली के अंतर्गत संचालित हो रही है, जिससे प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की अनियमितता की कोई गुंजाइश नहीं है। इस दौरान उन्होंने बोर्ड कर्मचारियों को 30 अप्रैल तक परिणाम घोषित करने की समय-सीमा देते हुए प्रेरित किया कि परिणाम को समयबद्ध एवं पूर्णतः सटीक रूप से घोषित करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करते हुए बोर्ड की इस प्रतिबद्धता को सफल बनाएंगे।

◆ **स्पॉट मूल्यांकन के दौरान लिया व्यवस्थाओं का जायजा**

चयन | फार्म का दौरा कर नई तकनीकों को अपनाएं और आय बढ़ाएं: अमित

फार्म फसल विविधिकरण के लिए सब्जी बीज गुणन फार्म भट्टू चयनित

अनंत ज्ञान

अजय पाल, पालमपुर। जाइका की ओर से प्रदेश के 5 राजकीय फार्म फसल विविधिकरण के लिए चिन्हित किए गए हैं, जिसमें से कांगडा जिले के पालमपुर तहसील में सब्जी बीज गुणन फार्म भट्टू का भी चयन किया गया है। पालमपुर में खंड परियोजना प्रबंधन इकाई द्वारा एक मॉडल फार्म पर आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से विकास कार्य किए जा रहे हैं। खंड परियोजना प्रबंधक अमित भूषण ने बताया कि फार्म की लगभग 1300 मीटर लंबी बाड़बंदी की गई है तथा सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मौजूदा नलकूप का सुदृढ़ीकरण किया गया है। इसके साथ ही 50,000 लीटर क्षमता के दो जल भंडारण टैंक बनाए गए हैं और हर खेत को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से जोड़ा गया है।

फार्म में 2.5 बीघा का प्रदर्शनी प्लॉट तैयार किया गया है, जिसमें फूलगोभी, बंदगोभी, मटर और विदेशी सब्जियां जैसे ड्रैगन केल, लैट्यूस, पार्सले और स्ट्रॉबेरी उगाई जा रही हैं। पॉलीहाउस में स्ट्रॉबेरी, फ्रांसबीन, खीरा और शिमला मिर्च की खेती की जा रही है। सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर और ड्रिप प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पानी की बचत और उत्पादन में वृद्धि हो रही है। इसके अलावा प्लास्टिक मल्च शीट के उपयोग से नमी बनाए रखने और खरपतवार नियंत्रण में मदद मिल रही है, जिससे श्रम लागत भी कम हो रही है।

फार्म में जापान की एमकेवी एडवांस कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई शीट से पॉलीहाउस की मरम्मत की गई है, जिसका स्थानीय परिस्थितियों में परीक्षण किया जा रहा है। अमित भूषण ने किसानों से अपील की कि वे इस फार्म का दौरा कर नई तकनीकों को अपनाएं और अपनी आय बढ़ाएं। उन्होंने लोगों को रसोई वाटिका में जहर मुक्त खेती अपनाने और हरी सब्जियों को आहार में शामिल करने की भी सलाह दी।

लोगों को रसोई वाटिका में जहर मुक्त खेती अपनाने की दी सलाह। अनंत ज्ञान

आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए लोगों की भागीदारी जरूरी: डॉ. पुष्पेंद्र

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। निदेशक आपदा प्रबंधन डॉ. पुष्पेंद्र राणा ने उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी सभागार में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) कांगड़ा की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन की सफलता के लिए स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को अन्य जिलों के साथ साझा किया जाए ताकि वे भी सीख लेकर अपने क्षेत्रों में लागू कर सकें। उन्होंने जिले में स्नेक कैचर्स का डाटा व्यवस्थित करने और ट्रैकिंग रूट्स पर स्थापित चेक पोस्ट की सराहना की। इसके अतिरिक्त, भूमि धंसाव प्रभावित क्षेत्रों के सर्वेक्षण के लिए यूएनडीपी के सहयोग से एक समिति गठित करने के निर्देश भी दिए। डीसी हेमराज बैरवा ने डीडीएमए द्वारा किए गए कार्यों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांगड़ा भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है, जहां भूकंप, भूस्खलन और बाढ़ जैसी आपदाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। जिले में 62 प्रमुख भूस्खलन स्थलों की पहचान की गई है और 13 तहसीलों में माइक्रो जोनेशन अध्ययन चल रहा है। इसके अलावा 51 दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए 15 हजार से अधिक स्वयंसेवक प्रशिक्षित किए गए हैं। 300 आपदा मित्र और 750 युवा आपदा मित्र तैयार किए गए हैं। 1,499 राजमिस्त्रियों को भूकंपरोधी निर्माण का प्रशिक्षण मिला है और 3 हजार आपदा मित्रों को रिफ्रेशर कोर्स कराए गए। जिले के 10 प्रमुख ट्रैकिंग रूट्स पर चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं, जिससे ट्रैकर्स की रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव हुई है। अब तक 250 से अधिक लोगों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया जा चुका है। बैठक में वनाग्नि, पौंग डैम से जल छोड़े जाने, भूमि धंसाव, सड़क दुर्घटनाओं और एडवेंचर स्पोर्ट्स से जुड़े जोखिमों पर चर्चा की गई। साथ ही बाढ़ संभावित क्षेत्रों की मैपिंग और पंचायत स्तर पर आपदा प्रतिक्रिया दलों के गठन पर भी विचार किया गया।

◆ **डीडीएमए की बैठक में आपदा प्रबंधन को मजबूत करने पर जोर**

जिले में 1800 से अधिक बेसहारा पशु सड़कों पर

सरकार और पशु पालन विभाग लाचार, पशुओं के हमले में गंवा चुके हैं कई लोग जान

◆ सड़कों पर बैठे बेसहारा पशु वाहन चालकों के लिए खतरा

अनंत ज्ञान

नादौन में भूंपल के पास नेशनल हाईवे पर पशुओं का झुंड बना वाहन चालकों के लिए परेशानी। अनंत ज्ञान

अनिल कुमार, हमीरपुर। प्रदेशभर में बेसहारा पशुओं की संख्या इतनी अधिक है कि इन्हें गोसदनों में रखने के लिए जगह नहीं है। यही कारण है कि यह बेसहारा पशु खेतों और सड़कों पर घूम रहे हैं। यह पशु किसानों और वाहन चालकों के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। नेशनल हाईवे के बीचोंबीच बैठे यह बेसहारा पशु वाहन चालकों के लिए खतरे से कम नहीं हैं।

सड़क पर बैठे इन बेसहारा पशुओं को बचाने के चक्कर में कई वाहन चालक अपनी जान गवा चुके हैं। वहीं, कई बेसहारा पशुओं के हमले से घायल भी हुए और कई मर भी चुके हैं। नेशनल हाईवे शिमला से मटौर में जोल सप्पड़ से लेकर नादौन तक सड़कों पर बेसहारा पशुओं की भरमार है, जो लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। यही हाल जिला के अन्य क्षेत्रों का भी है। नादौन और भोरंज में कई लोग इन बेसहारा पशुओं के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं। हादसे के बाद कई तरह के आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों ही बनी हुई है। यही नहीं किसान भी लोगों द्वारा छोड़े गए पशुओं से खासे परेशान हैं। यह पशु किसानों की फसलों को चट कर रहे हैं जिससे किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी सरकारों को आदेश दिए हैं कि बेसहारा पशुओं को गोसदनों तक पहुंचाने के लिए विशेष कदम उठाए जाए। जिला प्रशासन ने भी विभागों को आदेश जारी कर दिए जिसमें विभाग इसमें अपना योगदान दें। इन आदेशों के बाद अभी तक दो महिनों में जिले में 80 बेसहारा पशुओं को गोसदन में पहुंचाया गया है, जबकि अभी तक 1800 से अधिक बेसहारा पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। इन बेसहारा पशुओं को पकड़ना भी मुश्किल है। हालांकि लोगों की सहायता से इन्हें पकड़ा जा सकता है, लेकिन लोग भी आगे नहीं आ रहे हैं। जितना आसान इन पशुओं को पकड़ना लगता है उतना है नहीं। यही नहीं सड़कों पर बैठे यह पशु आपस में भिड़ रहे और लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिसका कोई समाधान नहीं है। पशुपालन विभाग में इन पशुओं का पंजीकरण भी किया जाता है, लेकिन बावजूद इसके इन्हें छोड़ा जा रहा है। इस बारे में पशु पालन विभाग के सहायक उपनिदेशक सतीश वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन के आदेश पर अभी तक 80 बेसहारा पशुओं को गोसदनों में पहुंचाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जिलेभर में 1800 से अधिक बेसहारा पशु सड़कों पर घूम रहा है। उन्होंने बताया कि पशुओं के हिंसक होने पर विभाग उसे पकड़कर गोसदन भेज देता है, जो अन्य पशु हैं उन्हें पकड़ने के लिए सभी विभागों को सहयोग करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि पशुओं को पकड़ तो लेते हैं, लेकिन ट्रांसपोटेशन का खर्च कौन देगा यह भी एक समस्या है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों को भी बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए आगे आना चाहिए।

हमीरपुर में 195 लड़कियों की वैक्सीनेशन

कैंसर से बचाने के लिए आज भी 32 अस्पतालों में लगेंगे टीके

अनंत ज्ञान

डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल हमीरपुर में एचपीवी का टीका लगवाने के बाद आराम करतीं लड़कियां। अनंत ज्ञान

हमीरपुर। सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) से बचाव के लिए सरकार 14-15 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन का टीका बिलकुल मुफ्त लगा रही है। प्राइवेट अस्पतालों में एचपीवी का टीका आम तौर पर दस हजार रुपए से भी अधिक कीमत पर उपलब्ध होता है, लेकिन सरकार लड़कियों को सुरक्षा चक्र प्रदान करने तथा उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए यह टीका मुफ्त लगा रही है।

प्रदेशभर में 29 मार्च से आरंभ किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष तक की सभी लड़कियों को यह टीका लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, हमीरपुर जिले में पहले चरण में 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की लगभग 4338 लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन का एक-एक टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने इन सभी लड़कियों के नाम यू-विन पोर्टल पर पंजीकृत करके जिलेभर के कुल 32 अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर एचपीवी वैक्सीनेशन की व्यवस्था की है। इन अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर 29 मार्च को आयोजित टीकाकरण सत्रों के दौरान कुल 206 लड़कियों का टीकाकरण किया गया। शनिवार को भी हमीरपुर जिने में 26 टीकाकरण केंद्रों पर 195 लड़कियों को एचपीवी के टीके लगाए गए। अभी तक जिले 401 लड़कियों की एचपीवी वैक्सीनेशन हो चुकी है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि 5 अप्रैल को भी जिले के 32 अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में टीके लगाए जाएंगे। महिलाओं में बार-बार इनफेक्शन के कारण सर्वाइकल कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

पंजाब नेशनल बैंक के नए सर्किल प्रमुख अरविंद ने संभाला कार्यभार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल कार्यालय हमीरपुर के नए प्रमुख एवं एजीएम अरविंद यादव ने शनिवार को कार्यभार संभाल लिया। सर्किल कार्यालय के उप प्रमुख पोविंद्र ठाकुर, जिला अग्रणी प्रबंधक धर्मेंद्र स्याल और बैंक के अन्य अधिकारियों ने नए सर्किल प्रमुख का स्वागत किया तथा जिला में बैंक की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। अरविंद यादव की नियुक्ति नीरज कुमार आनंद की जगह हुई है, जोकि हाल ही में डीजीएम के रूप में पदोन्नत होने के बाद मेरठ कार्यालय के लिए स्थानांतरित हुए हैं।

हमीरपुर और सुजानपुर में गिरे ओले, फसलों को नुकसान

अनंत ज्ञान, हमीरपुर/सुजानपुर। हमीरपुर और सुजानपुर में शनिवार को शाम के समय भारी बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि हुई। शनिवार सुबह से ही मौसम खराब था। सुबह से ही बूंदाबांदी होती रही। हालांकि बीच में धूप भी निकली, लेकिन शाम होते-होते लगभग 4 बजे के करीब शहर तथा आसपास के क्षेत्र में जमकर बारिश हुई तथा भारी ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि के चलते क्षेत्र में सब्जी की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। भारी बारिश ने क्षेत्र में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। दोपहर बाद लगातार आधे घंटे तक जमकर ओलावृष्टि हुई। भारी बारिश के चलते क्षेत्र में ठंड अचानक बढ़ गई है।

टीजीटी आर्ट्स की छंटनी परीक्षा का परिणाम घोषित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने टीजीटी आर्ट्स (पोस्ट कोड 25001) के 425 पदों को भरने के लिए 12 से 20 जनवरी तक आयोजित कंप्यूटर बेस्ड स्क्रीनिंग टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है।

परीक्षा का परिणाम आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इस परीक्षा में उत्तीर्ण 632 उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया 16 अप्रैल से आयोग के परिसर में आरंभ होगी, जिसका शेड्यूल अलग से अपलोड किया जाएगा और उम्मीदवारों को उनकी ईमेल आईडी पर सूचित किया जाएगा।

उन्हें अलग से बुलावा पत्र नहीं भेजे जाएंगे। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय इन उम्मीदवारों को अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, इनकी फोटो प्रतियों के दो-दो सैट और आईडी प्रूफ इत्यादि साथ लाने होंगे।
सचिव ने बताया कि अगर कोई उम्मीदवार निर्धारित तिथि को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए उपस्थित नहीं होता है तो उसे कोई और अवसर नहीं दिया जाएगा।

भरेड़ी में राज्यस्तरीय जूनियर बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

स्पोर्ट्स हॉस्टल पपरोला ने लॉरेंस स्कूल को हराया

साईं विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी में राज्यस्तरीय बास्केटबाल ब्वॉयज एवं गर्ल्स जूनियर टूर्नामेंट का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

भोरंज। भोरंज उपमंडल के अंतर्गत साईं विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी में आयोजित राज्यस्तरीय बास्केटबाल ब्वॉयज एवं गर्ल्स जूनियर टूर्नामेंट का दूसरा दिन रोमांच और कड़े मुकाबलों से भरपूर रहा। विभिन्न जिलों और स्कूलों की टीमों के बीच हुए मैचों ने दर्शकों को खेल के उच्च स्तर का अनुभव कराया। दूसरे दिन का पहला मुकाबला जीएनपीएस और शिमला के बीच खेला गया, जिसमें शिमला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 60-47 अंकों से जीत दर्ज की। दूसरा मैच कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल और लॉरेंस स्कूल सनावर के बीच हुआ, जिसमें लॉरेंस स्कूल ने कड़े मुकाबले में 36-31 अंकों से जीत हासिल की। महिला वर्ग में शिमला और सिरमौर के बीच खेले गए मुकाबले में सिरमौर ने 41-29 अंकों से जीत दर्ज की।

स्पोर्ट्स हॉस्टल पपरोला और लॉरेंस स्कूल के बीच हुए मैच में पपरोला की टीम ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 47-13 अंकों से जीत हासिल की। वहीं, सोलन और शिमला के बीच हुए मुकाबले में सोलन ने 21-8 अंकों से जीत दर्ज की। इन मुकाबलों के बाद अब टूर्नामेंट क्वार्टर फाइनल चरण में प्रवेश कर चुका है। रविवार को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों के विजेताओं का फैसला होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष सुशील शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। जिला बास्केटबाल संघ हमीरपुर के सचिव संजय ठाकुर एवं प्रधान सुरेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया जा रहा है।

एसआईआर की प्रक्रिया को समझें बीएलओ और पर्यवेक्षक: एसडीएम

◆ नादौन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिए निर्देश

अनंत ज्ञान, नादौन। विधानसभा क्षेत्र 40-नादौन की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत करवाने के लिए क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के लिए यहां मिनी सचिवालय में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें दो अलग-अलग बैचों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 40-नादौन के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निशांत शर्मा ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों से कहा कि मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए वे इस पूरी प्रक्रिया को गहनता के साथ समझें और भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करें। कार्यशाला के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हमीरपुर के कंप्यूटर प्रोग्रामर निखिल भारद्वाज, निर्वाचन कानूनगो मोहिंद्र सिंह और अन्य अधिकारियों ने बूथ लेवल अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं, प्रपत्रों के उपयोग, फील्ड सत्यापन, मतदाता पंजीकरण, संशोधन एवं विलोपन की प्रक्रिया सहित उनके कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में जानकारी प्रदान की।

जिले के 12 शारीरिक शिक्षक राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला में सीखेंगे खेल की बारीकियां

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिले के 12 शारीरिक शिक्षक 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला में खेल की बारीकियों और आधुनिक खेल प्रशिक्षण की तकनीक और खेलों से संबंधित नए नियमों के बारे में ज्ञान अर्जित करेंगे। इस रिफ्रेशर कोर्स में जिले से 8 शारीरिक शिक्षक, जिसमें पांच पुरुष और तीन महिला शारीरिक शिक्षक एवं तीन डीपीई तथा एक प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा भाग लेंगे। इसमें राजकीय उच्च विद्यालय झटवाड़ की ज्योति, राजकीय उच्च विद्यालय जसाई की किरण बाला, राजकीय उच्च विद्यालय बुंबलू की मीना कुमारी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बटराण के ओंकार सिंह, जीएसएस विपिन कुमार कुमार, जीएमएस मुवालघाट के स्वरूप कमल, जीएमएस बेरी के राकेश कुमार, राकेश कुमार पीटीजी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुक्कड़ एवं प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा मीना भारती गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनोह, डीपी संदीप कुमार गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोटा ,प्रदीप कुमार डीपी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जलाडी, राज कुमारी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रंगड़, ये सभी 6 से 10 अप्रैल तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रदेशभर से 135 शारीरिक शिक्षक प्रथम सत्र के प्रशिक्षण में भाग लेने जा रहे हैं। यह जानकारी जिला हमीरपुर के सहायक शारीरिक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा ने दी।

पुनगर्ठित पंचायतों की मतदाता सूचियों के लिए दावे या आपत्तियां 13 तक करें प्रस्तुत

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। पुनर्गठन एवं विभाजन से प्रभावित जिले की 24 ग्राम पंचायतों- पंचायत बड़ा, कोटला चिल्लियां, जलाड़ी, उट्टप, गाहली, टिल्लू, चमराल, नघूं, लंजयाणा, उटपुर, पुरली, समीरपुर, संगरोह कलां, खरवाड़, कड़ोहता, भौंखर, जख्योल, दसमल, री, चबूतरा, करोट, दाड़ला, बलेहू और बड़ेई की मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशित करके इन्हें आम जनता के निरीक्षण के लिए संबंधित पंचायत कार्यालयों, पंचायत समितियों, जिला परिषद और जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) कार्यालय में उपलब्ध करवा दिया है।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि इन प्रारूपों की अर्हक तिथि एक अप्रैल 2026 है। यानी इस तिथि को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी पात्र लोगों के नाम मतदाता सूचियों में शामिल किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन पुनगर्ठित पंचायतों की मतदाता सूचियों के प्रारूप में अगर किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूट गया है, तो वह अपना दावा निर्धारित प्रपत्र पर 13 अप्रैल तक संबंधित पुनरीक्षण अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी के समक्ष स्वयं या अपने अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकता है। गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटाने या अन्य आपत्तियों के लिए 13 अप्रैल तक निर्धारित पत्र पर पुनरीक्षण अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को सटीक और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से की जाती है, ताकि केवल योग्य और पात्र नागरिक ही चुनाव में भाग ले सकें। पुनरीक्षण अधिकारी द्वारा सभी प्राप्त दावे और आपत्तियों की विस्तृत जांच की जाएगी और उनका निपटारा 17 अप्रैल तक कर दिया जाएगा। इस दौरान आवश्यक दस्तावेजों की पुष्टि और प्रमाणों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को पुनरीक्षण अधिकारी के निर्णय से आपत्ति हो, तो वह 24 अप्रैल तक अपील कर सकता है। इन अपीलों का निपटारा 27 अप्रैल तक कर लिया जाएगा। इसके पश्चात संबंधित पंचायतों की मतदाता सूचियों को अंतिम रूप से प्रकाशित कर दिया जाएगा। निर्धारित समय सीमा का पालन करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि सभी योग्य मतदाता सूची में शामिल हो सकें और अपात्र व्यक्तियों को सूची से हटाया जा सके। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी आपत्तियां समय पर प्रस्तुत करें और प्रक्रिया में सहयोग करें।

हिमालयन श्री अवॉर्ड 2026 सीजन 3 में फिल्मी हस्तियों से सजेगा मंच

10 को विभिन्न क्षेत्रों से संबंध रखने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तियों को किया जाएगा सम्मानित

◆ करियर प्वाइंट विवि में वार्षिक सांस्कृतिक यूथ फेस्टिवल 6 से

अनंत ज्ञान

देशभर की नामचीन हस्तियां करेंगी शिरकत। अनंत ज्ञान

हमीरपुर। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक यूथ फेस्टिवल 6 अप्रैल से आयोजित किया जाएगा। पांच दिन तक चलने वाले इस अन्नत फेस्ट में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, 10 अप्रैल को एक भव्य और यादगार आयोजन का गवाह बनने जा रहा है। वहीं, विभिन्न क्षेत्रों से संबंध रखने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

आशा किरण संस्थान की ओर से 'हिमालयन श्री अवॉर्ड 2026 दृ सीजन 3' का आयोजन करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी खतरवाड़ के परिसर में किया जाएगा। इस आयोजन को नॉर्थ इंडिया के सबसे बड़े अवॉर्ड शो के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसमें देशभर की नामचीन हस्तियां शिरकत करेंगी। संस्थान के छात्रों ने प्रेसवार्ता में बताया कि इस बार अनंत फेस्ट पांच दिन तक आयोजित किया जा रहा है और पहले दो दिन 30 स्कूलों के छात्रों को इसमें मौका दिया जा रहा है।

स्कूल के बच्चों को इस कार्यक्रम में शामिल करने का उद्देश्य केवल इतना है कि उन्हें एक बड़े मंच पर परफार्म करने का अवसर मिले। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजीव शर्मा भी मौजूद रहे। छात्रों ने पांच दिन तक चलने वाले इस फेस्ट के बारे में जानकारी दी। इसी दौरान आशा किरण संस्था के संयोजक डॉ. योगेंद्र मलिक ने बताया कि इस बार कार्यक्रम को पहले से अधिक भव्य और आकर्षक बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 100 से अधिक सेलिब्रिटी, कलाकार और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिष्ठित लोग शामिल होंगे।

'मेगा स्टार नाइट' होगी मुख्य आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'मेगा स्टार नाइट' होगी, जो दर्शकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनेगी। इस अवसर पर बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता रजा मुराद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इनके साथ राजीव राणा, नितिन मेहता, दिनेश मोहन और कुलदीप शर्मा जैसे कलाकार भी अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इस अवॉर्ड शो में समाज सेवा, शिक्षा, कला, खेल, व्यापार और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह मंच प्रतिभाओं को पहचान देने और उन्हें प्रोत्साहित करने का एक बड़ा अवसर है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में फीट ऑफ फायर फाउंडेशन और द बैंक बेंचर्स ग्रुप का सहयोग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

कार्यक्रम कांगड़ा भूकंप की 121वीं वर्षगांठ पर निकाली जागरुकता रैली, मॉकड्रिल भी करवाई

भूकंप व अन्य आपदाओं से निपटने की तैयारी जरूरी: डीसी

अनंत ज्ञान

डीसी कार्यालय परिसर में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित। अनंत ज्ञान

हमीरपुर। कांगड़ा घाटी में 4 अप्रैल 1905 को आए विनाशकारी भूकंप की 121वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर शनिवार को यहां उपायुक्त कार्यालय परिसर में जागरुकता कार्यक्रम, रैली और मॉकड्रिल आयोजित की गई। डीसी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि 121 वर्ष पूर्व कांगड़ा में आया विनाशकारी भूकंप एक बहुत बड़ी त्रासदी थी।

उन्होंने कहा कि उस समय आपदा प्रबंधन के लिए न तो कोई सिस्टम विकसित हुआ था और न ही आम लोगों में इसके प्रति जागरुकता थी। लेकिन आज के दौर में किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए हर जिलास्तर पर डीडीएमए से लेकर उपमंडल स्तर तक एक प्रभावी तंत्र और आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि भूकंप और अन्य आपदाओं के दौरान बचाव एवं राहत कार्यों को तत्परता तथा प्रभावी ढंग से अंजाम देने के लिए हमारी पहले से ही तैयारी होनी चाहिए, ताकि वास्तव में आपदा आने पर जान-माल के नुक्सान को कम किया जा सके।

डीसी ने बताया कि आपदा प्रबंधन में स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आपदा मित्र योजना शुरू की गई है, जिसके तहत स्थानीय युवाओं को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की आपदा के समय स्थानीय लोग ही सबसे पहले मौके पर पहुंचते हैं।

ये वालंटियर्स किसी भी आपदा के समय बचाव एवं राहत कार्यों को अंजाम देने में बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। इस अवसर पर एसडीएम संजीत सिंह ने उपायुक्त, अन्य अधिकारियों, आईटीआई हमीरपुर और अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा कांगड़ा घाटी की भूकंप त्रासदी के इतिहास पर प्रकाश डाला। इसके बाद उपायुक्त कार्यालय से लेकर नगर निगम कार्यालय तक एक जागरुकता रैली भी निकाली गई। रैली के बाद उपायुक्त कार्यालय परिसर में मॉकड्रिल भी की गई, जिसमें होमगाडर्स और अग्निशमन विभाग के बचाव दल ने रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस अवसर पर तहसीलदार एवं कार्यकारी जिला राजस्व अधिकारी नरेश पटियाल, नायब तहसीलदार जगदीश ठाकुर, आईटीआई के प्रधानाचार्य सुभाष शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

भूकंप से बचाव में जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा: रांगड़ा

अनंत ज्ञान, टौणी देवी। 4 अप्रैल 1905 का कांगड़ा भूकंप हिमाचल प्रदेश के इतिहास की सबसे विनाशकारी घटनाओं में गिना जाता है। रिक्टर पैमाने पर 7.8 तीव्रता वाले इस भूकंप में लगभग 20,000 लोगों की जान गई और हजारों घर नष्ट हो गए। इस आपदा ने क्षेत्र की भौगोलिक संरचना तक बदल दी और इसे भूकंपीय रूप से संवेदनशील घोषित किया गया। आज भी प्रदेश का अधिकांश हिस्सा जोन 4 और 5 में आता है, जिससे खतरा बना रहता है। इसी संदर्भ में कांगड़ा भूकंप की 121वीं बरसी पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल आयोजित की गई। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने जागरुकता और प्रशिक्षण को जीवन रक्षा के लिए आवश्यक बताया। आपदा प्रबंधन प्रभारी विजय शर्मा ने 'झुकें, ढकें और पकड़ें' तकनीक का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि लोगों को आपदा प्रबंधन के प्रति प्रशिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि संकट के समय वे घबराने के बजाय समझदारी से कार्य कर सकें।

विधायक आशीष शर्मा ने मसेरड़ू गांव में किया पुल का उद्घाटन

विधायक निधि और जन सहयोग से किया गया पुल का निर्माण। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने शनिवार को साहनवीं पंचायत के मसेरड़ू गांव में नवनिर्मित पुल का लोकार्पण किया। सड़क से दंगल स्थान तक जाने वाले संपर्क मार्ग में इस पुल का निर्माण विधायक निधि और जनसहयोग से किया गया है।

इस मौके पर पहुंचे विधायक आशीष शर्मा का स्थानीय जनता ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने रिबन काटकर इस पुल को जनता के लिए समर्पित किया। बता दें कि शनिवार को ही गांव का दंगल आयोजित किया गया। इसमें विधायक आशीष शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर पहलवानों को सम्मानित किया और उपस्थित दंगल प्रेमियों का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि इस दंगल स्थान पर पहुंचने के लिए रास्ते में पुल की जरूरत थीं। स्थानीय लोगों ने उन्हें इस बात से अवगत करवाया, जिसके बाद उन्होंने लोगों की जरूरत अनुसार विधायक निधि से राशि स्वीकृत की। स्थानीय जनता ने भी सहयोग किया और अब यह पुल बनकर तैयार है। दंगल में इस नए पुल से होकर लोग पहुंचे। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष बलदेव धीमन, दंगल कमेटी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

400 मीटर खाई में गिरी पिकअप एक युवक की मौत, दूसरा घायल

भरमौर के थल्ला रोड पर पेश आया हादसा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

भरमौर। भरमौर के थल्ला रोड पर शुक्रवार देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन भरमौर से पंसेई की ओर लौट रहा था। जैसे ही वाहन सुंकू टपरी के पास पहुंचा, अचानक सड़क का किनारा (डंगा) धंस गया। इससे वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा और पिकअप करीब 400 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए।

इस दुर्घटना में मदन लाल पुत्र प्रेम सिंह, निवासी गांव पंसेई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनोज कुमार पुत्र पवन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों आपस में चाचा-भतीजा बताए जा रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

भरमौर हादसे के बाद फूटा लोगों का गुस्सा, 4 घंटे तक किया चक्का जाम

आक्रोशित ग्रामीणों ने सुरक्षा इंतजाम न होने पर विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

अनंत ज्ञान

ओपी शर्मा, भरमौर। भरमौर में शुक्रवार देर रात हुए दर्दनाक पिकअप हादसे के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। हादसे में एक युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर सुंकू टपरी के पास करीब चार घंटे तक चक्का जाम किया, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा।

प्रदर्शनकारियों ने लोक निर्माण विभाग की कथित लापरवाही को हादसे का जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर नारेबाजी की। उनका आरोप था कि सड़क किनारे न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए थे और न ही पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए थे, जिसके कारण यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, भरमौर-थल्ला सड़क पर पिकअप वाहन खाई में गिर गया था, जिसमें मदन लाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज मेडिकल कॉलेज चंबा में चल रहा है। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया और यातायात बहाल हो सका। ग्रामीणों ने मृतक परिवार को मुआवजा देने, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और सड़क पर साइन बोर्ड व सुरक्षा इंतजाम जल्द सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।

भरमौर हादसे के बाद ग्रामीणों ने सुंकू टपरी के पास चार घंटे तक चक्का जाम किया। अनंत ज्ञान

चंबा में एलपीजी गैस को लेकर अफवाहों पर विराम, आपूर्ति पर्याप्त: कर्ण ठाकुर

अनंत ज्ञान

◆ कहा- केवाईसी अनिवार्य भीड़ न लगाने की अपील

चंबा। जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, चंबा ने एलपीजी गैस की कमी को लेकर फैल रही आशंकाओं पर विराम लगाते हुए स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह पर्याप्त है। विभाग ने जनता से अपील की है कि गैस एजेंसियों के बाहर अनावश्यक भीड़ इकट्ठा न करें और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही बुकिंग करवाएं।

जिला नियंत्रक कर्ण ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी गैस एजेंसियों में एलपीजी सिलेंडर की नियमित आपूर्ति जारी है, जबकि वाणिज्यिक सिलेंडर भी सरकार द्वारा तय मानकों के अनुसार मांग के आधार पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर भीड़ और अफवाहों के कारण व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जो कि पूरी तरह अनावश्यक है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि गैस सिलेंडरों का वितरण पूर्व निर्धारित 'मार्ग चार्ट' और समय-सारिणी के अनुसार ही किया जाएगा। उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे उसी के अनुसार अपनी बुकिंग सुनिश्चित करें और वितरण व्यवस्था में सहयोग दें।

इसके साथ ही ई-केवाईसी को अनिवार्य बताते हुए विभाग ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी अभी तक नहीं हुई है, वे इसे अपनी संबंधित गैस एजेंसी या फिर मार्ग पर आने वाली गैस गाड़ियों में मौजूद कर्मचारियों के माध्यम से पूरा कर सकते हैं। बिना ई-केवाईसी के भविष्य में गैस आपूर्ति में दिक्कतें आ सकती हैं।

विभाग ने दो टूक कहा कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, इसलिए घबराने या जल्दबाजी में एजेंसियों पर भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन ने जनता से संयम बरतने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

न्यूज ब्रीफ

ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, भरमौर। भरमौर के कुगती में शनिवार को पशुपालन विभाग द्वारा टीकाकरण जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। 50 से अधिक पशुपालकों ने इसमें भाग लिया और विभागीय योजनाओं व पशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। सहायक निदेशक डॉ. गुलशन ने कल्याणकारी योजनाओं, पशुओं की बीमारियों की रोकथाम और समय पर टीकाकरण की जानकारी दी। एडीएम भरमौर विकास शर्मा मुख्यातिथि रहे और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में रेबीज टीकाकरण भी किया गया। उद्यान, कृषि, पंचायती राज और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे और ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

प्राकृतिक आपदाओं से निपटने का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा में 1905 कांगड़ा भूकंप की स्मृति में जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर आपदा जागरूकता एवं तैयारी कार्यक्रम आयोजित किया। उपायुक्त कार्यालय

में 'आपदा मित्र' स्वयंसेवकों को पहले रिस्पॉन्डर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण समन्वयक सुमित गुप्ता और ईओसी प्रभारी चंदर कान्त के नेतृत्व में प्रतिभागियों को विलेज डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान, आपदा पूर्व तैयारी, जोखिम न्यूनीकरण और खोज-बचाव तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राथमिक उपचार, संचार व्यवस्था और सुरक्षा उपायों पर भी जोर दिया गया। आयोजन ने प्रशासन, स्वयंसेवक और स्थानीय समुदाय के बीच समन्वय की अहमियत को स्पष्ट किया और जागरूकता के माध्यम से भविष्य की आपदाओं से निपटने का संदेश दिया।

छात्रों को आपदा से बचने के दिए टिप्स

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा में 1905 के कांगड़ा भूकंप की 121वीं स्मृति पर पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में व्यापक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता की देखरेख में 120 एमबीबीएस छात्रों ने प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बचाव और राहत कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। अभ्यास में गंभीर और मामूली घायल दिखाकर प्राथमिक उपचार और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि आपदा में संयम और सूझबूझ से कार्य करना आवश्यक है। मॉकड्रिल ने छात्रों और स्टाफ को भविष्य की आपदाओं से निपटने के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण और जागरूकता प्रदान की।

औषधीय पौधों के महत्व की जानकारी दी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सरकाघाट के नलवाड़ एवं देवता मेले में आयुष विभाग ने जागरूकता और पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। मंत्री राजेश धर्माणी मुख्य अतिथि और विधायक चंदर शेखर उपस्थित रहे। जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजय शर्मा और उप मंडल आयुष अधिकारी डॉ. हेमलता के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों को औषधीय पौधों के महत्त्व की जानकारी दी गई और अश्वगंधा के पौधे निःशुल्क वितरित किए गए। डॉ. संजय शर्मा ने अश्वगंधा के औषधीय गुणों और स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। मंत्री धर्माणी ने इसे पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को बढ़ावा देने वाला कार्यक्रम बताया, जबकि विधायक चंदर शेखर ने इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम करार दिया।

चंबा जिला के चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट ने दमन के ऐतिहासिक भवनों का किया अवलोकन

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा जिला के बाल देखभाल संस्थानों के 35 बच्चों ने दमन और दीव में शैक्षणिक भ्रमण के पांचवें दिन विभिन्न ऐतिहासिक और प्रशासनिक भवनों का अवलोकन किया। बाल संरक्षण अधिकारी अजय भारद्वाज ने बताया कि यह भ्रमण बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। इसके बाद बच्चों ने समुद्र तट पर व्यू प्वाइंट का भ्रमण किया और बोटिंग का रोमांचक अनुभव प्राप्त किया। बच्चों ने दमन स्थित पक्षी उद्यान (एवियरी) का दौरा कर अंतरराष्ट्रीय पक्षी प्रजातियों को नजदीक से देखा और उनके बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। यह अनुभव बच्चों के लिए शिक्षा के साथ प्रकृति के प्रति रुचि बढ़ाने वाला रहा।

सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर बनने के लिए कैंपस इंटरव्यू 8 से

अनंत ज्ञान

चंबा। बेरोजगार युवाओं के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। जिला रोजगार कार्यालय बालू, चंबा द्वारा निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 75 पद भरे जाएंगे। यह पहल ऐसे समय में की जा रही है जब प्रदेश में रोजगार के अवसरों को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, यह भर्ती प्रक्रिया सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के पदों के लिए है। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के विभिन्न स्थानों पर की जाएगी, जिससे स्थानीय युवाओं को प्रदेश से बाहर भटकने की मजबूरी से कुछ राहत मिल सकती है। कैंपस इंटरव्यू 8 अप्रैल को जिला रोजगार कार्यालय बालू, 9 अप्रैल को उप रोजगार कार्यालय सुंडला और 10 अप्रैल को उप रोजगार कार्यालय तीसा में आयोजित होंगे। सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे अपने आवश्यक दस्तावेज—शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीकरण प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो और बायोडाटा—के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास रखी गई है। केवल पुरुष उम्मीदवार, जिनकी आयु 19 से 40 वर्ष के बीच है, आवेदन कर सकते हैं। शारीरिक मापदंडों में 165 सेंटीमीटर से अधिक ऊंचाई और 54 से 95 किलोग्राम वजन निर्धारित किया गया है।

कंपनी द्वारा एक माह के प्रशिक्षण के बाद चयनित अभ्यर्थियों को 18,000 से 24,000 रुपये तक मासिक वेतन और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। हालांकि यह कदम रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में सकारात्मक है, लेकिन सवाल उठता है कि क्या केवल सिक्योरिटी जैसी सीमित श्रेणी की नौकरियां ही युवाओं के भविष्य को सुरक्षित कर पाएंगी। फिलहाल, जिन युवाओं को रोजगार की तलाश है, उनके लिए यह कैंपस इंटरव्यू एक महत्वपूर्ण अवसर बनकर सामने आया है।

पुलिस ने गश्त के दौरान पकड़ी अवैध शराब

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला पुलिस चंबा ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस थाना चुवाड़ी की टीम ने नियमित गश्त के दौरान एक व्यक्ति को भारी मात्रा में शराब के साथ पकड़कर क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। जानकारी के अनुसार, शनिवार को विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस थाना चुवाड़ी में मामल दर्ज किया है। गश्त के दौरान पुलिस ने कोल्थी निवासी सुनैश कुमार के कब्जे से करीब 54,000 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि शराब की यह खेप अवैध रूप से सप्लाई के लिए लाई जा रही थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है। जिला पुलिस प्रशासन ने साफ किया है कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

चंबा कॉलेज के प्रोफेसर केवल कृष्ण बने लेफ्टिनेंट

अनंत ज्ञान

चंबा। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के लिए गर्व का क्षण है, जहां राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय चंबा के राजनीति शास्त्र विभाग में कार्यरत सहायक प्रोफेसर केवल कृष्ण ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने एनसीसी ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, कम्पटी (महाराष्ट्र) में 90 दिवसीय प्री-कमीशंड कोर्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ पूरा कर लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन प्राप्त किया।

90 दिनों तक चले इस कठिन प्रशिक्षण में केवल कृष्ण ने शारीरिक दक्षता, मानसिक मजबूती, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क में बेहतरीन प्रदर्शन किया। सैन्य अभ्यास और नेतृत्व गतिविधियों के दौरान उन्होंने खुद को एक सक्षम अधिकारी के रूप में साबित किया। कॉलेज में उनकी सफलता से उत्साह का माहौल है। सहकर्मियों व छात्रों ने इसे चंबा के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। महाविद्यालय

◆ 90 दिन की कठिन ट्रेनिंग के बाद हासिल की उपलब्धि

प्रशासन ने भी इसे गौरवपूर्ण क्षण करार दिया। लेफ्टिनेंट केवल कृष्ण अब एनसीसी के माध्यम से देश सेवा व युवाओं के मार्गदर्शन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सुही मेले से पहले तैयारियों की अनदेखी

ऐतिहासिक स्थल 'राज नौन' की मरम्मत और संरक्षण की मांग

अनंत ज्ञान

चंबा। ऐतिहासिक और आस्था का प्रतीक 'सुही मेला' अब मात्र एक सप्ताह दूर है, लेकिन मेला स्थल की जर्जर स्थिति ने प्रशासन की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सनातन धर्म सभा, चंबा ने सौंदर्यीकरण और संरक्षण के ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए इसे सांस्कृतिक विरासत की अनदेखी करार दिया है।

सुही मेला चैत्र मास के अंतिम दिनों में आयोजित होता है और नारी-बलिदान तथा लोक आस्था का अद्वितीय प्रतीक है। दशमी शताब्दी में राजा साहिल वर्मन के शासनकाल में पेयजल संकट के दौरान रानी के बलिदान की स्मृति में यह मेला और सुही माता मंदिर आज भी लोगों की आस्था का केंद्र हैं। मेला स्थल के मुख्य केंद्र 'राज नौन' की हालत बेहद खराब है। हाल ही में नगर परिषद द्वारा काटे गए बरगद वृक्ष की शाखाओं से लगे लोहे के ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सूचना पट्ट टूटे पड़े हैं और प्रांगण की स्लेटें जर्जर हैं।

सुही मेला स्थल 'राज नौन' की जर्जर स्थिति। अनंत ज्ञान

सभा ने प्रशासन से इन खामियों को दूर करने, लोहे के ढांचे और सूचना पट्ट की मरम्मत, प्रांगण की फर्श और स्लेटों की मरम्मत तथा राज नौन से सुही माता मंदिर तक के मार्ग को पक्षी विहार और औषधीय वनस्पति उद्यान के रूप में विकसित करने की मांग की है। साथ ही मेला दौरान भारी भीड़ को देखते हुए वन-वे ट्रैफिक सिस्टम लागू करने और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की अपील की गई है। नागरिकों से भी अनावश्यक वाहनों का उपयोग न करने और पैदल चलने की अपील की गई है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन समय रहते इन मांगों पर कार्रवाई करेगा, या फिर परंपरा के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई जाएंगी।

सुक्खू सरकार ने जनता को परेशान करने के अलावा कुछ भी नहीं किया: डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान

अनिल शर्मा, मंडी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मंडी में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पिछले छह महीनों से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और आज पार्टी पूरी तरह से चुनावी मोड में तैयार खड़ी है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने प्रदेश, जिला, मंडल और बूथ स्तर तक संगठन का व्यापक विस्तार किया है। प्रदेश में 171 मंडलों का गठन किया गया है और लगभग 8000 पोलिंग बूथों में संगठनात्मक ढांचा खड़ा किया जा चुका है। इसके साथ ही मोर्चों और प्रकोष्ठों का भी सफल गठन कर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत किया गया है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि इसी कड़ी में भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक मंडी में आयोजित की जा रही है, जिसमें 6 अप्रैल को पदाधिकारियों की बैठक तीन चरणों में होगी और 7 अप्रैल को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न होगी। इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा तथा सह-प्रभारी संजय टंडन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है और हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार से लगातार सहयोग मिल रहा है। प्रदेश कार्यसमिति में इस विषय पर विशेष प्रस्ताव लाकर चर्चा की जाएगी।

मंडी में प्रेसवार्ता करते डॉ. राजीव बिंदल। अनंत ज्ञान

कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए डॉ. बिंदल ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने 40 महीनों के कार्यकाल में प्रदेश की जनता को केवल परेशान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 'यह सरकार फैसले कम और तमाशे ज्यादा करती है— कभी हास्यास्पद, कभी गैरकानूनी और कभी पूरी तरह जनविरोधी निर्णय लेना इसकी पहचान बन गई है।'

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर काम कर रही है और पंचायत चुनावों को टालने के लिए हरसंभव प्रयास किए गए। यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय तक करोड़ों रुपये खर्च कर चुनाव रोकने की कोशिश की गई, लेकिन असफल रहने के बाद अब चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की साजिश रची जा रही है। डॉ. बिंदल ने कहा कि जिलाधीशों को 5% आरक्षण में बदलाव की शक्ति देना संविधान के प्रावधानों के खिलाफ है और यह चुनावी रोस्टर में बड़े स्तर पर छेड़छाड़ का रास्ता खोलता है। उन्होंने कहा, 'यह 5% नहीं, पूरा सिस्टम बदलने का रास्ता है—कांग्रेस अपनी सुविधा के अनुसार चुनाव परिणाम प्रभावित करना चाहती है।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार 'मित्रों की सरकार' बन चुकी है— 'मित्रों के द्वारा, मित्रों के लिए और मित्रों के हित में फैसले लिए जा रहे हैं।'

लागों का आरोप-चिड़चिड़ प्रोजेक्ट जनजातीय समुदायों के अधिकारों से कर रहा खिलवाड़

अनंत ज्ञान

◆ मजदूर संगठनों ने ठेकेदार और प्रोजेक्ट प्रबंधन पर दादागिरी के लगाए आरोप

चंबा। चिड़चिड़ हाइड्रो प्रोजेक्ट (चिड़चिड़-1 और चिड़चिड़-2) एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गया है। स्थानीय लोगों और मजदूर संगठनों ने प्रोजेक्ट प्रबंधन और ठेकेदारों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि गरीब जनजातीय समुदायों के जल, जंगल और ज़मीन के अधिकारों के साथ खुला खिलवाड़ किया जा रहा है। आरोप है कि प्रोजेक्ट से जुड़े ठेकेदार और कथित रूप से जुड़े व्यक्तियों द्वारा मजदूरों के अधिकारों को दबाया जा रहा है और दादागिरी के जरिए स्थानीय लोगों की आवाज को कुचला जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जिन जनजातीय परिवारों की जमीन और संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है, उन्हें उनका उचित हक और मुआवजा तक नहीं मिला है।

मामले को और गंभीर बनाते हुए यह भी सामने आया है कि प्रोजेक्ट अब तक कई प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताओं में घिरा हुआ है। सूत्रों के अनुसार, प्रोजेक्ट द्वारा सरकार को देय लगभग 18 लाख रुपये का हाइड्रो सेस अब तक जमा नहीं कराया गया है। साथ ही, प्रोजेक्ट के जरूरी कागजात भी पूर्ण रूप से सही और अद्यतन नहीं बताए जा रहे हैं, जिससे इसकी वैधता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय संगठनों और मजदूर यूनियनों ने जिला प्रशासन को इस पूरे मामले से अवगत कराते हुए मांग की है कि जब तक सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच नहीं हो जाती और प्रभावित लोगों को उनका हक नहीं मिल जाता, तब तक इस प्रोजेक्ट को तत्काल प्रभाव से सील किया जाए।

मामले को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की तैयारी भी शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार, यह पूरा प्रकरण अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST) को भेजा जा रहा है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो।

इस बीच, मजदूर संगठन इंटक और अन्य यूनियनों ने स्पष्ट आगे कहा कि यदि मजदूरों और स्थानीय लोगों के अधिकारों की अनदेखी जारी रही, तो 'हमारे हक नहीं तो काम नहीं' के नारे के साथ व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन और संबंधित एजेंसियां इस संवेदनशील मुद्दे पर कितनी तत्परता से कार्रवाई करती हैं, या फिर यह मामला भी फाइलों में ही दबकर रह जाएगा।

पशुपालक किए जागरूक

अनंत ज्ञान, पांगी। पांगी उपमंडल के हिलोर गांव में पशुपालन विभाग द्वारा फुट एंड माउथ डिजीज (एफएमडी) पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें 55 पशुपालकों ने भाग लिया। कार्यवाहक वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश ठाकुर, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वाति और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। पशु चिकित्सकों ने एफएमडी के लक्षण, प्रभाव व समय पर उपचार की आवश्यकता के साथ नियमित टीकाकरण, बीमारी रोकथाम, स्वच्छ दूध उत्पादन, पनीर निर्माण और वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि सही समय पर टीकाकरण और स्वच्छता अपनाकर पशुओं को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है।

घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर प्रशासन सतर्क

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। उपमंडलाधिकारी सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम की अध्यक्षता में घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था के सुचारू संचालन को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में गैस की उपलब्धता, वितरण प्रणाली तथा उपभोक्ताओं को समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र में घरेलू गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है तथा पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट में आकर गैस एजेंसी पर भीड़ एकत्रित न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि गैस एजेंसी से सीधे उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित नहीं किए जाएंगे। बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक, संजीव वर्मा, रजनीश ठाकुर, देश राज ठाकुर तथा गैस एजेंसी सरकाघाट की इंचार्ज जीवना सहित कई मौजूद रहे।

Office of Municipal Council Kullu

Tender Notice

Sealed Tender are invited for the Music band during Spring festival 2026. the Bid in this regard should reach in the office of undersigned on or before 10 April 2026 upto 2:00 P.M. The bid will be opened on same day at 2:30 P.M in the presence of the bidder and tender committee. The tender forms can be had from this office against cash payment up to 12:00 PM on 10.04.2026. The earnest money in the shape of cash/FD must accompany with each tender in the favour of Senior Executive Officer Municipal Council Kullu. The undersigned reserve the right to accept or reject any/all tenders without assigning any reason. The tender form will be issued to vendor against written application.

Sr. No.	Name of Work	Earnest Money	Time Period	Cost of Form
1.	Providing music band (Key Board, Dholak, Cango, Lead Guitar, Bass Guitar, Electric Pad, Tabla) and other equipments as required for Spring festival 2026 from 28th april 2026 to 30th April 2026 at KALAKENDER.	1000	3 days	500.00

Terms & Conditions :- 1. The Earnest money should be accompanied with application. Application without earnest money will be rejected. **2.** The photo copy of PAN Number with the application otherwise tender form will not be issued. **3.** If opening day is a holiday, the tenders shall be opened on next working day at the same time and venue and no separate notices shall be served for this purpose. **4.** The Executive Officer Municipal Council Kullu reserves the right to reject any or all tenders anytime without assigning any reason. **5.** The vendor will be responsible for watch and award of material at site of work.

-SD-
Sr. Executive Officer Municipal Council Kullu Distt. Kullu H.P.

सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नायब तहसीलदार, रे, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र.
विषय – राजस्व रिकॉर्ड में नाम दुरूस्ती के लिए आवेदन
केस नं./वर्ष 813313/2026
सीता राम पुत्र श्री नानकू निवासी गांव पलाह डाकघर टटवाली व उप तहसील रे जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश (हि.प्र.)
...प्रार्थी
प्रार्थी श्री सीता राम उम्र 92 वर्ष पुत्र श्री नानकू निवासी गांव पलाह डाकघर टटवाली व उप तहसील रे जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश (हि.प्र.) ने निवेदन किया है कि प्रार्थी का नाम राजस्व महाल रियाली के अभिलेख में किशना दर्ज है, जो कि गलत दर्ज है। जबकि प्रार्थी के आधार कार्ड व अन्य रिकार्ड में प्रार्थी का नाम सीता राम दर्ज है। प्रार्थी अपने आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों अनुसार राजस्व अभिलेख महाल रियाली में अपना नाम सीता राम दरुस्त करवाना चाहता है। अतः सर्वसाधारण को इस इश्तेहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यकित को प्रार्थी के नाम दरुस्ती करने बारे कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 05/05/2026 को प्रातः 10 बजे या उससे पूर्व असालतान या बकालतन हाजिर होकर अपना उजर/एतराज प्रस्तुत कर सकता है। न आने की सूरत में प्रार्थी के नाम दुरूस्ती बारे आदेश पारित कर दिए जाएंगें। उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज कावले समायत न होगा।
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, गुलाबी पत्नी बालक राम निवासी गांव मकान नंबर 182 वार्ड नंबर-3 बंजेर डाकघर बजौरा तहसील भुंतर जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश यह घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम विद्या देवी गलत दर्ज हो गया है। मेरा वास्तविक और सही नाम गुलाबी है। सभी संबंधित नोट करें।

नाम परिवर्तन

मैं तिलक राज शर्मा गाँव बदेगा डाकघर बंदला जिला चम्बा का स्थाई निवासी हूं मेरा नाम ग्राम पंचायत फागड़ी के परिवार नकल मे तिलक राज है परन्तु मेरा सही नाम तिलक राज शर्मा है। सभी संबंधित नोट करें।

नाम परिवर्तन

मैं मुंशी राम, श्री बिरजा राम का पुत्र, ग्राम मुंद्रा, डाकघर मैरामसीत, तहसील बल्ह, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश का निवासी, पूर्व सैनिक क्रमांक 2668543 पी रैंक हवलदार, नाम मुंशी राम हूँ। मेरी बेटी का सही नाम रीना वर्मा है और उसकी जन्मतिथि 11-06-1985 है। यह उसके स्कूल रिकॉर्ड/प्रमाणपत्र/आधार कार्ड/पैन कार्ड और ग्राम पंचायत रिकॉर्ड में दर्ज है। लेकिन मेरे सेवा रिकॉर्ड में मेरी बेटी का नाम और जन्मतिथि गलत तरीके से रीना वर्मा के बजाय रीना वर्मा और जन्मतिथि 11-06-1985 के बजाय 05-06-1985 दर्ज है। कृपया इसे ठीक करें।

प्रेम संयम और तप से उत्पन्न होता है, भक्ति साधना से प्राप्त होती है, श्रद्धा के लिए अभ्यास और निष्ठा की जरूरत होती है।

-हजारी प्रसाद द्विवेदी

संपादकीय

निजता की सुरक्षा

डिजिटल युग ने जहां अभिव्यक्ति की आजादी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, वहीं इसने निजता (प्राइवेसी) के सामने अभूतपूर्व चुनौतियां भी खड़ी कर दी हैं। आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपनी बात रखना, फोटो और वीडियो साझा करना आम बात हो गई है। लोग अपनी खुशियों, उपलब्धियों और निजी पलों को दुनिया के साथ बांटते हैं, लेकिन अक्सर अनजाने में वे अपनी संवेदनशील जानकारी भी सार्वजनिक कर देते हैं। यही वह बिंदु है, जहां से साइबर अपराधियों के लिए रास्ता खुलता है।

वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से विकसित हो रहे हैं। पहले जहां हैकिंग या फिशिंग जैसे अपराध अधिक देखने को मिलते थे, वहीं अब निजी फोटो और वीडियो के दुरुपयोग से जुड़े मामलों में भी भारी वृद्धि हुई है। अपराधी सोशल मीडिया से सामग्री उठाकर उसका दुरुपयोग करते हैं, मॉर्फिंग करते हैं या फिर उसे ब्लैकमेलिंग का हथियार बना लेते हैं। खासकर महिलाओं और युवाओं को इस तरह के अपराधों का अधिक सामना करना पड़ता है, जिससे उनका मानसिक उत्पीड़न होता है और कई बार सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी गहरा असर पड़ता है। जब ऐसे मामले पुलिस या साइबर क्राइम ब्रांच तक पहुंचते हैं, तो उनकी जांच और समाधान आसान नहीं होता। डिजिटल दुनिया में सामग्री तेजी से फैलती है और एक बार वायरल होने के बाद उसे पूरी तरह हटाना बेहद कठिन हो जाता है। ऐसे में रोकथाम ही सबसे प्रभावी उपाय बन जाता है। इसी सोच के साथ हिमाचल प्रदेश पुलिस ने एक सराहनीय पहल करते हुए लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है।

इस अभियान के तहत लोगों को StopNCII.org जैसे प्लेटफॉर्म के बारे में जानकारी दी जा रही है। यह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का डिजिटल टूल है, जो निजी फोटो और वीडियो को ऑनलाइन दुरुपयोग से बचाने में मदद करता है। इसकी खासियत यह है कि उपयोगकर्ता को अपनी फोटो या वीडियो को सीधे अपलोड करने की जरूरत नहीं होती। इसके बजाय यह प्लेटफॉर्म उस सामग्री का एक डिजिटल 'हैश' तैयार करता है। यह हैश एक तरह का डिजिटल फिंगरप्रिंट होता है, जो उस सामग्री की पहचान को सुरक्षित रखता है।

इस तकनीक का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है क्योंकि यह निजता से समझौता किए बिना सुरक्षा प्रदान करती है। जब कोई उपयोगकर्ता अपने फोटो या वीडियो का हैश इस प्लेटफॉर्म पर बना देता है, तो यह जानकारी प्रमुख इंटरनेट कंपनियों के साथ साझा हो जाती है। इसके बाद यदि वही सामग्री किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने की कोशिश की जाती है, तो उसे तुरंत पहचान लिया जाता है और उसे ब्लॉक या हटाने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। यह एक तरह से डिजिटल दुनिया में पहले से सुरक्षा कवच तैयार करने जैसा है।

हालांकि, तकनीक जितनी भी उन्नत क्यों न हो, उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि लोग उसका उपयोग कितनी सक्रियता से करते हैं। यही इस पहल की सबसे बड़ी चुनौती भी है। आमतौर पर देखा गया है कि लोग किसी समस्या के होने के बाद ही सतर्क होते हैं, जबकि इस तरह के टूल्स का वास्तविक लाभ तभी मिलता है जब उन्हें पहले से अपनाया जाए। इसके अलावा, डिजिटल साक्षरता की कमी भी एक बड़ी बाधा है। ग्रामीण क्षेत्रों या कम शिक्षित वर्गों में अभी भी ऐसे प्लेटफॉर्म्स की जानकारी सीमित है। कई लोग तकनीकी प्रक्रियाओं को जटिल समझकर उनसे दूर रहते हैं। ऐसे में केवल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके उपयोग को सरल भाषा में समझाना और लोगों को इसके लिए प्रेरित करना भी उतना ही जरूरी है।

हिमाचल प्रदेश पुलिस का यह अभियान इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह केवल तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक जागरूकता प्रयास का हिस्सा है। यदि इसे स्कूलों, कॉलेजों और पंचायत स्तर तक ले जाया जाए, तो इसका प्रभाव और अधिक व्यापक हो सकता है। खासकर युवाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना समय की मांग है। साथ ही, सोशल मीडिया कंपनियों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसे प्लेटफॉर्म्स के साथ समन्वय बढ़ाएं और उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। सरकार को भी साइबर कानूनों को और अधिक सख्त तथा प्रभावी बनाने की दिशा में काम करना चाहिए, ताकि अपराधियों को कड़ी सजा मिल सके और ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। यह समझना जरूरी है कि डिजिटल दुनिया में सुरक्षा केवल तकनीक के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। यह एक साझा जिम्मेदारी है, जिसमें सरकार, पुलिस, तकनीकी कंपनियों और आम नागरिक-सभी की भूमिका अहम है। ■

आज की प्रमुख हस्ती

राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता

जगजीवन राम
जन्म : 5 अप्रैल, 1908
मृत्यु : 6 जुलाई, 1986

जगजीवन राम, जिन्हें आदरपूर्वक 'बाबूजी' कहा जाता था, आधुनिक भारतीय राजनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक थे। उनका जन्म 5 अप्रैल 1908 को चंदवा में हुआ था। एक साधारण दलित परिवार में जन्म लेकर उन्होंने अपने संघर्ष, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के बल पर राष्ट्रीय राजनीति में विशिष्ट स्थान बनाया।

बाबूजी ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से 1931 में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की और विद्यार्थी जीवन से ही सामाजिक अन्याय के विरुद्ध आवाज उठानी शुरू कर दी। वे महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े और भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। वे जवाहरलाल नेहरू की अंतरिम सरकार में सबसे कम उम्र के मंत्री बने और श्रम मंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने मजदूरों के हित में 'मिनिमम वेजेज एक्ट', 'इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट' और 'एम्प्लाइज स्टेट इंश्योरेंस एक्ट' जैसे महत्वपूर्ण कानूनों को लागू करने में योगदान दिया, जो आज भी श्रमिक अधिकारों की आधारशिला हैं। बाबू जगजीवन राम ने संचार, रेल, कृषि और रक्षा जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का सफल संचालन किया। वे आठ बार सांसद चुने गए और 1977 से 1979 तक भारत के उप प्रधानमंत्री भी रहे। 6 जुलाई 1986 को उनका निधन हो गया, किंतु उनका जीवन संघर्ष, समानता और सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण बना हुआ है। ■



कविता

बेटी-बहू का रखें मान

डॉ. कौमार्या मनोज

मत कर अंतर बेटी-बहू में, दोनों घर की हैं सम्मान।
एक है शोभा दूजे घर की,एक बढ़ाती घर का मान।।
कर दोनों का सम्मान तू इतना,घर खुशियों से भर जाए।
बेटा जब जब घर दाखिल हो,पल हर पल वो मुस्काए।।
बेटी घर की आन सही है, बहु बढ़ाती है पहचान।
हैं दोनों सम्मान के काबिल, हैं दोनों तेरे घर की शान।।
बेटी किसी की बहू बनेगी, बहू भी है किसी घर का मान।
दोनों का जो मान बढ़ाता, रहता उस घर का अभिमान।।
जो इस बात का रखे ध्यान, कि बेटी बहू है एक समान।
उस घर बरकत की वारिस हो, उस घर का रहता है मान।।
है बेटी घर की लक्ष्मी प्यारे, बहू भी तेरे घर की शान।
जो इनका सम्मान करेगा, खुद का बढ़ेगा उनका मान।।
खुद का बढ़ेगा उनका मान।।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

'युवा पीढ़ी, नशा और राष्ट्र का भविष्य : एक गंभीर चेतावनी'

हेमराज ठाकुर
चैलचौक, जिला मंडी (हि.प्र.)
मोबाइल. 9816660197

किसी भी देश की प्रगति और उज्जवल भविष्य के सौष्ठव का कल्पनात्मक संभावित अनुमान उस देश की युवा पीढ़ी से लगाया जाता है। वह पीढ़ी अपने व्यक्तिगत चरित्र और बौद्धिक पक्ष का निर्माण किस प्रकार से करती है ? उसका कल्पनात्मक,भावात्मक और संवेगात्मक विकास किस प्रकार के सामाजिक वातावरण में पलवित, पुष्पित और परिवर्धित होता है ? ये सारी बातें उनके देश के भविष्य के निर्माण का पूरा मार्ग निर्मित करती है। जब कोई देश किसी अन्य देश की नजरों में उन्नत होने लगता है, अपनी संपदा तथा नेतृत्व के बल पर उन देशों से आगे निकलने लगता है। वह चाहे आर्थिकी के बल पर हो, चाहे मनोयोग के बल पर हो या फिर राष्ट्रीयता और प्रतिष्ठा के बल पर हो। तब विदेशी ताकतें उस देश को दबाने के लिए हर संभव कोशिश करती है। पुराने समय में साम्राज्यवाद की नीति के तहत प्रत्यक्ष युद्ध हुआ करते थे और आज सीमा विवाद, घुसपैठ, कूटनीति तथा कई अन्य अंतरराष्ट्रीय राजनैतिक पैंतरे अपनाए जाते हैं, परंतु यह बात अमूमन इतिहास के झरोखों से भी देखी गई है कि जब-जब ये कोई भी नीतियां उस उभरते हुए राष्ट्र को दबाने में विदेशी साजिशों के द्वारा कामयाब नहीं होती है तो तब-विरोधियों द्वारा सुरा-सुंदरी का सहारा आदि काल से लिया गाया है।

ये दो चीजें ऐसी हैं कि इनसे किसी भी देश का युवा बच नहीं पाता और जब किसी देश का युवा ही पथ भ्रष्ट हो गया तो फिर उस देश के पतन के लिए किसी को कोई अन्य प्रयत्न करने की कोई जरूरत नहीं रहती। इन बुराइयों की पहले तो लत लगाई जाती है और फिर कड़ी दर कड़ी जुड़ती जाती है। धीरे- धीरे सारा देश खुद-व-खुद इनकी चपेट में आकर चारों ओर से संकट के बीच में घिर जाता है। फिर वह राष्ट ताउम्र उस गंभीर समस्या से मुक्ति पाने में उलझा रहता है और अन्य देश उसकी इस दशा में बाहर से मदद करने का दिखावा करके उसकी मानव संपदा और उसकी प्राकृतिक संपदा का दोहन और शोषण करते रहते हैं । ऐसे में वह राष्ट्र अपने पांव पर पुन: खड़ा होने के लिए या तो कड़ा संघर्ष झेलता है या फिर उसी दशा में बनकर दूसरों की मेहरबानियों पर टिका रहता है। इन दोनों परिस्थितियों में मौज वही दूसरे लूटते हैं जो उस राष्ट्र की मदद करने का प्रदर्शन पूरी दुनिया के सामने करते हैं।

जातिवाद और धर्मवाद का जहर आज भारत में जितना तेजी से फैलता जा रहा है, उससे भी कहीं ज्यादा तेजी से भारत में नशों का खतरनाक विष फैल चुका है। अब उस पर अश्लील सिनेमा या सोशल मीडिया की देवर-भाभी,नौकर, मालिक-मालकिन या फिर पड़ोसी-पड़ोसिन आदि के वीडियो के ग्लैमर का तड़का भी साथ-साथ लगता रहे तो युवा पीढ़ी की मानसिकता क्या होगी ? हम समझ सकते हैं। आज सोशल मीडिया या सिनेमा की दुनिया द्वारा जो सामाजिक वातावरण हमारे देश की युवा पीढ़ी के सामने तैयार किया जा रहा है, वह हमारे राष्ट्र की प्रगति में बाधक सिद्ध होगा।

राष्ट्र यदि शरीर है तो युवा पीढ़ी उसकी नसें और धमनियां होती हैं। अब जब किसी शरीर की नस-नस में ही अचेत कर देने वाला नशा डाल दिया जाए तो उस देह का चल फिर पाना कहां से संभव होगा ? कोई माने या न माने पर आज भारत में विदेशों से होता हुआ चिट्टा जैसा मादक पदार्थ आ रहा है और भारतीय युवाओं में धड़ल्ले से बिकता जा रहा है। अब यह आ कैसे रहा है और इसको किसका संरक्षण है ? यह कहना बड़ा मुश्किल है, क्योंकि ऐसे अवैध धंधे में कई बार कई बड़े-बड़े लोगों और कारोबारियों के संलग्न होने की खबरें भी सोशल मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया और प्रिंट मीडिया में सुनने को मिलती हैं, पर इस बात की पुष्टि हम अपने स्तर पर तो नहीं कर सकते हैं। हां सवाल जरूर खड़ा होता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुरक्षा व्यवस्था के कड़े पहरे के बीच से भी यह अवैध सामग्रियां एक-दूसरे देशों की सीमाओं से आरपार होती कैसे हैं ?

यह सवाल बार-बार उठता है कि इतनी कड़ी सुरक्षा के बावजूद नशे की सामग्री देश के कोने-कोने तक कैसे पहुंच जाती है ? क्या यह किसी साजिश का हिस्सा है, या हमारी व्यवस्था में कहीं गंभीर कमी है ? राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप लगाकर बच निकलते हैं, व्यवस्था जांच का हवाला देती है, और जनता खुद को निर्दोष बताकर सारा दोष सरकार पर डाल देती है।

सच यह है कि इस समस्या के लिए हम सब कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं। यदि केवल एक दल दोषी होता, तो दूसरे राज्यों में यह धंधा रुक जाना चाहिए था, पर नशे का जाल पूरे देश में फैल रहा है। इससे स्पष्ट है कि यह केवल किसी एक संस्था या व्यक्ति की विफलता नहीं, बल्कि सामूहिक उदासीनता का परिणाम है। लालच, भ्रष्टाचार और त्वरित धन कमाने की चाह ने समाज के कई वर्गों को इस अवैध व्यापार से जोड़ दिया है।

इस समस्या का समाधान सामूहिक प्रयास में ही है। सरकार और खुफिया एजेंसियों को ईमानदारी और सख्ती से कार्रवाई करनी होगी। राजनीतिक दलों को इस मुद्दे पर राजनीति से ऊपर उठना होगा। वहीं, जनता को भी अपने स्तर पर जिम्मेदारी निभानी होगी। यदि हमारे आसपास कोई व्यक्ति इस धंधे में लिप्त है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, चाहे वह अपना ही क्यों न हो।

यदि हम अब भी नहीं जागे, तो यह समस्या एक छोटे फोड़े से बढ़कर लाइलाज नासूर बन जाएगी। इसलिए देश के भविष्य को बचाने के लिए आज ही एकजुट होना आवश्यक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

गोरखा योद्धाओं के शौर्य का जीवंत साक्षी ऐतिहासिक मलौण किला

धर्म चंद धीमान
गांव व डाकघर जेहमत, तहसील बल्द्वाड़ा, जिला मंडी (हि.प्र.) मो. 7018760150

अतीत के गौरव और संघर्ष की गाथा को आज भी अपने भीतर समेटे हिमाचल प्रदेश की सुरम्य घाटियों में स्थित मलौण किला एक ऐतिहासिक धरोहर है। अपनी सामरिक महत्ता और ऐतिहासिक घटनाओं के कारण प्रसिद्ध रहा यह किला हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले की पहाड़ियों में जिला बिलासपुर के सीमा क्षेत्र के नजदीक स्थित है। यहां से बिलासपुर जिले की सबसे ऊंची पहाड़ी बहादुरपुर, बिलासपुर जिले में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) कोठीपुरा और नवोदय विद्यालय कोठीपुरा जैसे महत्वपूर्ण स्थान दिखाई देते हैं।

यह किला न केवल अपनी स्थापत्य कला का एक अनूठा उदाहरण है, बल्कि गोरखा शासन और अंग्रेजों के मध्य हुए संघर्षों का भी प्रसिद्ध केंद्र रहा है। मलौण किले का निर्माण 19वीं सदी के प्रारंभ में गोरखा शासकों द्वारा उस समय किया गया था जब उन्होंने हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों पर अपना अधिकार स्थापित कर लिया था। इस दौरान उन्होंने कई किलों का निर्माण किया था, जिनमें जिला सोलन में स्थित यह मलौण किला प्रमुख था, क्योंकि इस जगह से आसपास के क्षेत्रों पर नजर रखना संभव था। गोरखा सेना के सेनापति अमर सिंह थापा ने इस किले को अपने सैन्य मुख्यालय के रूप में प्रयोग किया था। इनके नेतृत्व में गोरखा सेना ने अंग्रेजों के विरुद्ध कई युद्ध लड़े थे। मलौण किला अपनी स्थिति के कारण उनके लिए एक मजबूत रक्षा केंद्र था। यहां से उनको अपनी रणनीतियों को संचालित करना बहुत आसान प्रतीत होता था। इस किले का इतिहास गोरखा और अंग्रेजों के बीच सन 1814 से 1818 की अवधि में हुए युद्ध से जुड़ा है, जिसको एंग्लो-गोरखा युद्ध के नाम से जाना जाता है। अंग्रेजों की सेना ने किले को चारों ओर से घेर लिया और एक लंबा युद्ध चलता रहा, गोरखा सैनिक अपने साहस और वीरता के बल पर लड़ते रहे, लेकिन अंग्रेजों के आधुनिक हथियारों और रणनीतियों के सामने उन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा। इस युद्ध के बाद एक संधि हुई जिसके फलस्वरूप मलौण किला अंग्रेजों के अधीन हो गया। मलौण किले के अंग्रेजों के हाथ में जाने से ब्रिटिश सत्ता के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हो गया। मलौण किला पहाड़ी शैली में निर्मित एक अत्यंत मजबूत और भव्य दुर्ग है, जिसकी संरचना इस तरह से की गई थी ताकि शत्रुओं के घोर से घोर आक्रमण का भी सामना किया जा सके। पत्थरों की मजबूत और मोटी दीवारों ने इसे अभेद्य किले का रूप दिया था। सैनिकों के रहने का स्थान, हथियारों को रखने की जगह और जल स्रोत की उचित व्यवस्था इसकी खासियत थी। समुद्र तल से लगभग 1400 मीटर की ऊंचाई पर स्थित होना इसे एक आदर्श निगरानी क्षेत्र बनाते थे, जहां से दूर-दूर तक के क्षेत्रों तक दुश्मनों की हरकतों पर निगाह रखी जा सकती थी।

ऐतिहासिक महत्ता का प्रतीक मलौण किला आज जीर्णोद्धार की प्रतीक्षा की राह ताक रहा है। समय के साथ इसकी संरचना कमजोर हो चुकी है और यह धीरे-धीरे खंडहर में परिवर्तित हो रहा है। इसकी दीवारें टूट गई हैं तथा अन्य भाग भी जर्जर अवस्था में हैं। फिर भी इतिहासकारों और पर्यटकों के लिए इसका महत्व आज भी बरकरार है।

यह किला केवल ऐतिहासिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण भी आकर्षण का केंद्र है। आसपास का शांत और मनोहारी वातावरण इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाता है। यह भारत की अमूल्य धरोहर है, जिसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, अन्यथा यह हमेशा के लिए नष्ट हो सकती है। यहां तक सड़क मार्ग तो है, परंतु मुख्य सड़क से लगभग तीन किलोमीटर का रास्ता कच्चा और संकरा है, जो बारिश में दुर्गम हो जाता है। किले में स्थित मां काली का मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां गोरखा समुदाय के लोग बड़ी संख्या में आते हैं। यदि इस स्थल का विकास किया जाए, तो यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

एचपीयू में पदोन्नति ठप, शिक्षकों के अधिकार और मनोबल पर संकट

डॉ. बलदेव सिंह नेगी
डिपार्टमेंट ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज, एचपीयू, शिमला
मोबाइल, 9418485352

भारत में विश्वविद्यालय केवल ज्ञान के केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और बौद्धिक नेतृत्व के प्रमुख स्तंभ हैं। विशेष रूप से राज्य विश्वविद्यालय, जो विधायिका द्वारा अधिनियम के माध्यम से स्थापित होते हैं, एक स्वायत्त संस्थान के रूप में कार्य करते हैं।

यह स्वायत्तता केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि शैक्षणिक और संस्थागत निर्णयों में भी परिलक्षित होती है। ऐसे में यदि किसी विश्वविद्यालय में शिक्षकों की पदोन्नतियां वर्षों तक लंबित रखी जाती हैं, तो यह न केवल प्रशासनिक अक्षमता का संकेत है, बल्कि संवैधानिक मूल्यों और शिक्षकों के मौलिक अधिकारों पर भी प्रश्न खड़ा करता है।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) में लंबे समय से शिक्षकों की पदोन्नतियां 'करियर एडवांसमेंट स्कीम (CAS)' के अंतर्गत लंबित हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा राज्य सरकार के तथाकथित 'बैन' का हवाला देकर इन पदोन्नतियों को टालना एक गंभीर विषय है। यह तर्क न केवल विधिक दृष्टि से संदिग्ध है, बल्कि विश्वविद्यालय की स्वायत्तता के सिद्धांत के भी विरुद्ध है।

यदि विश्वविद्यालय को अधिनियम द्वारा स्वायत्तता प्रदान की गई है, तो विवि प्रशासन को शिक्षकों की पदोन्नति सहित अन्य शैक्षणिक मामलों में स्वतंत्र निर्णय लेने के अधिकार का प्रभावी एवं साहसपूर्वक प्रयोग करने की क्षमता भी रखनी चाहिए। हाल ही में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के एक महत्वपूर्ण निर्णय ने इस विषय को और स्पष्ट किया है। न्यायालय ने यह माना कि 'पदोन्नति के लिए विचार किए जाने का अधिकार' प्रत्येक कर्मचारी का एक वैधानिक और संवैधानिक अधिकार है। यह अधिकार सीधे तौर पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 से जुड़ा हुआ है, जो समानता और समान अवसर की गारंटी देते हैं। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई संस्था बिना उचित कारण के पदोन्नति प्रक्रिया को रोकती है, तो यह मनमानी मानी जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अनेक मामलों में यह दोहराया है कि पदोन्नति केवल एक प्रशासनिक सुविधा नहीं, बल्कि सेवा शर्तों का अभिन्न हिस्सा है।

भारत संघ बनाम हेमराज सिंह चौहान (2010) मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पदोन्नति के लिए समयबद्ध विचार न करना, कर्मचारी के अधिकारों का उल्लंघन है। इसी प्रकार अजीत सिंह बनाम पंजाब राज्य जैसे मामलों में भी न्यायालय ने समान अवसर के सिद्धांत को सर्वोपरि माना है।

ऐसे में शिक्षकों की पदोन्नतियों को लंबित रखना न केवल न्यायिक सिद्धांतों की अनदेखी है, बल्कि यह उनके मनोबल को भी गहराई से प्रभावित करता है। एक शिक्षक, जो शोध, प्रकाशन और शैक्षणिक उत्कृष्टता के आधार पर आगे बढ़ने की अपेक्षा करता है, जब समय पर पदोन्नति से वंचित रह जाता है, तो उसकी प्रेरणा और कार्यक्षमता दोनों प्रभावित होती हैं। इसका सीधा असर शिक्षण की गुणवत्ता और छात्रों के सीखने के अनुभव पर पड़ता है। विरोधाभास यह है कि जहां शिक्षकों की पदोन्नतियां रुकी हुई हैं, वहीं गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियमित पदोन्नतियां और नई भर्तियां जारी हैं। यह स्थिति 'चयनात्मक प्रशासन' का उदाहरण है, जो समानता के सिद्धांत के विपरीत है। यदि कोई वित्तीय या नीतिगत प्रतिबंध है, तो उसका प्रभाव सभी वर्गों पर समान रूप से होना चाहिए। हाल ही में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में एचपीयू के प्रशासनिक और वित्तीय प्रबंधन में सुधार की आवश्यकता बताई गई है। रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी है, जो पदोन्नतियों में देरी का एक कारण हो सकती है। यूजीसी करियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत शिक्षकों की पदोन्नति उनके करियर विकास का माध्यम है। यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि उनके अधिकारों से जुड़ा विषय है। अत: आवश्यक है कि लंबित पदोन्नतियों को शीघ्र लागू किया जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

प्रतियोगी परीक्षाओं के दबाव में कमजोर होती शैक्षणिक नींव

डॉ. प्रियंका सौरभ
सामाजिक चिंतक, स्तंभकार
मोबाइल. 7015375570

आज का युवा एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां अवसरों की कोई कमी नहीं है, लेकिन उन अवसरों तक पहुंचने का रास्ता पहले से कहीं अधिक जटिल और प्रतिस्पर्धात्मक हो गया है। विशेष रूप से सरकारी नौकरियों के क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की बढ़ती संख्या, उनकी लंबी प्रक्रियाएं और अनिश्चित परिणामों ने छात्रों और अभिभावकों दोनों को गहरी दुविधा में डाल दिया है।

सीईटी (सामान्य पात्रता परीक्षा) को इसी संदर्भ में एक बड़ी उम्मीद के रूप में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन बीते वर्षों के अनुभव इस उम्मीद पर गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं। हरियाणा में 2019 से 2024 के बीच पांच वर्षों की अवधि में इस परीक्षा की प्रक्रिया अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी। स्थिति यह रही कि इस दौरान केवल एक ही परीक्षा पूरी तरह संपन्न हो पाई, और उससे जुड़ी कुछ भर्तियां आज भी न्यायिक प्रक्रिया में उलझी हुई हैं। 2024-25 के चक्र में भी अभी तक केवल प्रारंभिक परीक्षा ही आयोजित हो सकी है। जिस धीमी गति से पूरी प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, उसे देखते हुए यह आशंका निराधार नहीं है कि अंतिम परिणाम आने में अभी लंबा समय लग सकता है, लेकिन यह समस्या केवल हरियाणा तक सीमित नहीं है। देश के लगभग सभी राज्यों में सरकारी भर्ती प्रि, याओं की स्थिति कमोबेश ऐसी ही है।

उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, कर्नाटक और यहां तक कि पूर्वोत्तर राज्यों में भी भर्ती परीक्षाओं में देरी, पेपर लीक, न्यायिक विवाद और परिणामों में विलंब जैसी समस्याएं लगातार सामने आती रही हैं। कई राज्यों में परीक्षाएं वर्षों तक आयोजित ही नहीं होतीं, और जब होती हैं तो उनकी प्रि, या इतनी लंबी होती है कि उम्मीदवारों की उम्र और धैर्य दोनों की परीक्षा लेने लगती है। इसका सबसे बड़ा असर युवाओं के मानसिक, शैक्षणिक और सामाजिक जीवन पर पड़ता है। हर वर्ष लाखों छात्र स्नातक होकर रोजगार की तलाश में निकलते हैं, लेकिन उपलब्ध सरकारी पदों की संख्या बेहद सीमित रहती है।

उदाहरण के तौर पर, यदि पूरे देश में लाखों अभ्यर्थी किसी एक परीक्षा में बैठते हैं, तो चयनित होने वालों की संख्या हजारों में ही सिमट जाती है। ऐसे में केवल सरकारी नौकरी को ही अंतिम लक्ष्य मान लेना और उसी पर निर्भर रहना एक अत्यंत जोखिमपूर्ण निर्णय बन जाता है। इस पूरे परिदृश्य का सबसे चिंताजनक पहलू 'नॉन-अटेंडिंग' कल्चर का तेजी से फैलना है। देश के लगभग हर राज्य में यह प्रवृत्ति देखी जा रही है कि छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के नाम पर कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की नियमित कक्षाओं से दूरी बना लेते हैं। वे यह मान लेते हैं कि सफलता पाने के लिए उन्हें पूरी तरह से पारंपरिक शिक्षा प्रणाली से अलग होना होगा। लेकिन यह सोच धीरे-धीरे उनके भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो रही है। कॉलेज जीवन केवल डिग्री तक सीमित नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का आधार होता है। नॉन-अटेंडिंग कल्चर से छात्र शैक्षणिक ज्ञान के साथ आवश्यक जीवन कौशलों से भी वंचित रह जाते हैं और उनकी नींव कमजोर हो जाती है।

आज डिजिटल संसाधनों के युग में नियमित पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संभव है, इसलिए कॉलेज छोड़ना उचित नहीं। संतुलित रणनीति अपनाकर छात्र शिक्षा, कौशल विकास और करियर विकल्पों को साथ लेकर चल सकते हैं। अभिभावकों को भी समझदारी से मार्गदर्शन देना चाहिए। सफलता उन्हीं को मिलती है जो लचीलापन अपनाते हैं और कई विकल्प खुले रखते हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

औट टनल के पास 966 ग्राम चरस समेत युवक दबोचा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। मंडी जिले के औट थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विक्की उर्फ महाकाल (23) के रूप में हुई है, जिसे औट टनल के पास थलौट क्षेत्र से पकड़ा गया। पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 966 ग्राम चरस/कैनाबिस बरामद की, जिसके बाद उसे मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक मंडी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है और मामले की गहन जांच जारी है।

मंडी में होटल से 22 ग्राम चिट्टे संग एक काबू

अनंत ज्ञान, मंडी। जिला मंडी के पुलिस थाना सदर क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सौलीखड्ड स्थित एक होटल में दबिश देकर एक व्यक्ति को चिट्टा/हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हाकम सिंह निवासी जिला पटियाला (पंजाब) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 22 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक मंडी के अनुसार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा तथा मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

गागल में विश्व जागृति मिशन का सत्संग आज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल द्वारा 5 अप्रैल, रविवार को हिमाचल धाम आश्रम, गागल में मासिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति और आध्यात्मिक प्रवचनों का लाभ उठाएंगे। सत्संग परम पूज्य सुधांशु महाराज के शिष्यों के सान्निध्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम के पश्चात मंडी मंडल का जनरल हाउस भी आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मंडल के प्रधान पद के लिए सर्वसम्मति से चुनाव कराया जाएगा। सत्संग संचालक प्रवीन कपिला के अनुसार नवनिर्वाचित प्रधान आगे कार्यकारिणी का गठन करेंगे, जिसे संस्थापक सुधांशु महाराज से स्वीकृति दी जाएगी।

ऑपरेशन सिंदूर के सार्जेंट अंकुर का किया भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सरकाघाट क्षेत्र के टिक्कर गांव में 20 वर्ष सेना में सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त सार्जेंट अंकुर पठानिया का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह का आयोजन एक्स सर्विसमैन लीग टिहरा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें लीग के चेयरमैन कैप्टन रमेश तपवाल ने मुख्य भूमिका निभाई। कैप्टन तपवाल ने अंकुर की विशेष सेवाओं, विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर में उनके योगदान की प्रशंसा की और उन्हें लीग एवं समाज से जुड़ने का आग्रह किया। सामाजिक कार्यकर्ता व मीडिया प्रभारी रमेश चंद भारद्वाज ने बताया कि लीग के पदाधिकारी हमेशा उन सैनिकों का सम्मान करने उनके घर या मंदिर तक पहुंचते हैं, जो 15 दिन पूर्व लीग को इसकी सूचना देते हैं। कार्यक्रम में कैप्टन रमेश तपवाल, सूबेदार मेजर रविंद्र सिंह, वाइस चेयरमैन सूबेदार मेजर अशोक चंदेल, सेक्रेटरी सूबेदार चमन लाल आदि ने उनके योगदान को सराहा और शुभकामनाएं दीं।

निखिल ने पीएचडी में हासिल किया पहला स्थान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सरकाघाट नगर परिषद वार्ड नंबर 7 के होनहार युवा निखिल ठाकुर ने शेरे कश्मीर विश्वविद्यालय, जम्मू से हॉर्टिकल्चर (फ्रूट साइंस) में पीएचडी पूरी की और 86.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। निखिल ने प्रारंभिक शिक्षा हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सरकाघाट से ली। बचपन से मेधावी रहे निखिल ने मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर यह मुकाम हासिल किया। निखिल ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। स्थानीय लोग और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी।

विशाल मेगा मार्ट में 12 पदों हेतु साक्षात्कार 7 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। विशाल मेगा मार्ट मंडी द्वारा ग्राहक सेवा सहायक के 12 पद अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों के लिए पात्र युवक एवं युवतियां आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित मानदंड के अनुसार अभ्यर्थी की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण रखी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 12,700 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी मंडी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों का नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना आवश्यक है। पात्र अभ्यर्थी अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड तथा रोजगार पंजीकरण प्रमाण पत्र सहित 7 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय मंडी में आयोजित साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं।

लघु शिवरात्रि मेले के समापन में मुख्यातिथि होंगे सुनील शर्मा

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर में आयोजित राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले के समापन समारोह से ठीक एक दिन पहले मुख्यातिथि में बदलाव किया गया है। पहले उद्योग एवं संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान मुख्यातिथि के रूप में शामिल होने वाले थे, लेकिन अंतिम समय में यह कार्यक्रम बदलकर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा (बिट्टू) को मुख्यातिथि बनाया गया। प्रशासन और मेला कमेटी ने इस बदलाव की पुष्टि की है। समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान भी किया जाएगा। मुख्यातिथि में बदलाव के बावजूद कार्यक्रम की रूपरेखा में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं किया गया है।

सुकेत में पिकअप जीप से अवैध देवदार लकड़ी के 9 नग बरामद

पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में एफआईआर दर्ज, दो आरोपी मौके से फरार

अनंत ज्ञान

जब्त की गई लकड़ी के साथ पुलिस टीम। अनंत ज्ञान

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर। सुकेत वन मंडल के अंतर्गत वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी व्यापार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। मामले में विभाग की टीम ने बुधवार तड़के करीब तीन बजे रोहांगलू क्षेत्र के लटोगली जंगल में पिकअप गाड़ी से अवैध देवदार लकड़ी के 9 नग को पकड़ा है। वाहन से करीब 1.332 घन मीटर लकड़ी बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1.5 लाख रुपए आंकी गई है। वाहन में लकड़ी बिना किसी वैध दस्तावेज के पाई गई है।

डिप्टी कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट सुकेत फॉरेस्ट डिवीजन मंडी राकेश कटोच (आईएफएस) ने बताया कि वन विभाग की टीम ने जैसे ही पिकअप गाड़ी को रोकने का प्रयास किया, उसमें सवार दो व्यक्ति मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई को दो टीमों ने संयुक्त रूप से अमल में लाया गया है। इनका नेतृत्व उप वन रेंज अधिकारी विजय कुमार और राम लाल ने किया। विभाग ने इस सफलता का श्रेय कर्मचारियों की सतर्कता और प्रभावी निगरानी को दिया है।

राकेश कटोच ने बताया कि आगामी कार्रवाई के अंतर्गत पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धाराएं 4, 30, 32, 33, 41, 42, 52-ए व 69 और बीएनएस की धारा 303(2) तथा 3(5) के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि वन अधिनियम की धारा 52-ए के तहत वाहन और लकड़ी की जब्त की कार्रवाई डीएफओ न्यायालय में शुरू की जाएगी, जबकि आपराधिक मामलों की सुनवाई सक्षम न्यायालय में अलग से होगी। वहीं, वन विभाग ने कहा कि जब्त वाहन अंतिम निर्णय तक रिलीज नहीं किए जाते हैं, जिससे लंबी न्यायिक प्रक्रिया के दौरान वाहन अक्सर कबाड़ में तब्दील हो जाते हैं। वहीं, एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पिकअप मालिक बृजलाल और अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत अवैध लकड़ी पर कारवाई

आईएफएस राकेश कटोच ने लोगों से अपील की है कि लकड़ी व्यापार की अवैध गतिविधियों से दूर रहें और सरकार की टिंबर डिस्ट्रीब्यूशन यानी टीडी नीति के तहत उपलब्ध वैध व्यवस्था का लाभ उठाएं। चालू वर्ष में करीब 15 करोड़ रुपए की लकड़ी पात्र हित ग्राहकों को उपलब्ध करवाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई गई है और हर महीने 80 से 100 रात्रि नाकाबंदी लगाकर निगरानी की जा रही है। विभाग ने चेतावनी दी है कि वन अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

बल्द्वाड़ा, भद्रवाड़ व ढलवान स्कूलों को मिला सीबीएसई का दर्जा

पवन ठाकुर के साथ पंचायत प्रतिनिधि सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। प्रदेश सरकार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बल्द्वाड़ा, भद्रवाड़ और ढलवान को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध करने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब इन स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न के अनुसार पढ़ाई होगी, जिससे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा और आधुनिक पाठ्यक्रम का लाभ मिलेगा।

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन ठाकुर ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सीबीएसई दर्जा मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को नीट, जेईई जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी और उन्हें बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध होंगे।

◆ पंचायत प्रतिनिधियों ने पवन ठाकुर को किया सम्मानित

इस उपलब्धि के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शनिवार को दर्जनों पूर्व पंचायत प्रतिनिधि पवन ठाकुर के निवास पर एकत्रित हुए और उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह कदम सरकाघाट के छात्रों के भविष्य के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है। अभिभावकों और शिक्षाविदों का मानना है कि सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न लागू होने से शिक्षा का स्तर सुधरेगा, छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और क्षेत्र को भविष्य में एक शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। पवन ठाकुर ने इस सम्मान के लिए सभी का धन्यवाद किया और कहा कि शिक्षा क्षेत्र में सुधार उनकी प्राथमिकता बनी रहेगी।

रखोटा में संदिग्ध हालात में व्यक्ति की मौत

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। पुलिस थाना सरकाघाट की ग्राम पंचायत रखोटा से एक दुखद मामला सामने आया है, जहां 55 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान इंद्र पाल उर्फ निक्कू पुत्र अमर सिंह निवासी भरयाणा, जिला मंडी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार इंद्र पाल अपने घर के समीप अचानक गिर गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल सरकाघाट पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। प्रारंभिक जांच में मृत्यु का कारण गिरने से लगी चोटें माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। उधर, ग्राम पंचायत रखोटा के पूर्व प्रधान सुरेश ठाकुर ने बताया कि पीड़ित परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और उन्होंने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है। मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ रजनीश ठाकुर ने कहा कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

आईआईटी मंडी के फैसलों से माइंड ट्री स्कूल के छात्रों का भविष्य अधर में

अनंत ज्ञान

पत्रकार वार्ता करते हुए। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। आईआईटी मंडी के कैंपस में 2017 से संचालित माइंड ट्री स्कूल को लेकर विवाद गहराता जा रहा है, जिससे कक्षा 9 से 12 के छात्रों का भविष्य असमंजस में पड़ गया है। 2017 में आईआईटी मंडी ने सीबीएसई से संबद्ध स्कूल खोलने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किया था और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की अनुमति से 33 साल की लीज पर स्कूल की स्थापना की गई।

◆ मामला हाईकोर्ट में लंबित, कक्षा 9 से 12 के छात्रों की पढ़ाई पर संकट

वर्ष 2017 से 2022 तक संचालन सुचारू रहा, लेकिन नई स्कूल मैनेजिंग कमेटी के गठन के बाद विवाद शुरू हुआ। कुछ सदस्यों द्वारा नियमों के विपरीत दैनिक कार्यों में हस्तक्षेप और ऐसे निर्णय थोपने की कोशिशें की गईं, जिनसे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा था। विरोध करने पर प्रबंधन पर आर्थिक दबाव बनाए गए, जैसे किराया बढ़ाना और जीएसटी लागू करना। 6 मई 2024 को आईआईटी मंडी के रजिस्ट्रार ने बिना कारण बताए स्कूल बंद करने का नोटिस जारी किया। प्रबंधन ने इसे अनुचित बताया और मामला अब हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में 'माइंड ट्री बनाम यूनियन ऑफ इंडिया' के रूप में लंबित है।

आईआईटी मंडी मई से स्कूल अपने नियंत्रण में लेकर कक्षाएं शुरू करने की घोषणा कर रहा है, जबकि प्रबंधन इसे अनुचित मानता है। इससे छात्रों और अभिभावकों में असमंजस फैल गया है, क्योंकि यदि नया स्कूल शुरू होता है तो सीबीएसई मान्यता मिलने में समय लगने के कारण बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होना मुश्किल हो सकता है।

गोहर में एट्रोसिटी मामलों पर सतर्कता प्रबोधन समिति सख्त

अनंत ज्ञान

सुनील शर्मा, गोहर। गोहर उपमंडल में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक खंड विकास अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी देवी राम ने की। बैठक में विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी मुद्दों पर चर्चा हुई और गोहर थाना में दर्ज एट्रोसिटी के दो मामलों की समीक्षा की गई। ये मामले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज किए गए थे।

समिति ने पुलिस से अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली और सवाल उठाया कि आखिर ये मामले लंबित क्यों हैं। सीडीपीओ गोहर ने बताया कि एट्रोसिटी एक्ट के तहत पीड़ितों को कानूनी सहायता और आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाता है। चर्चा में यह सामने आया कि

◆ उपमंडलाधिकारी ने पुलिस को मामलों को शीघ्र निपटाने के दिए निर्देश

गोहर स्कूल के प्रांगण में हुए झगड़े का मामला चार महीनों से लंबित है और पुलिस अभी तक अदालत में चालान पेश नहीं कर पाई है। दूसरा मामला शाला पंचायत का है, जो इसी तरह लंबित पड़ा हुआ है।

सतर्कता समिति ने पुलिस विभाग के प्रति कड़ा रुख अपनाया और कार्रवाई में देरी पर चिंता जताई। बैठक के अंत में उपमंडलाधिकारी देवी राम ने मामलों को शीघ्र आगे बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में तहसील कल्याण अधिकारी दिवाकर, सामाजिक शिक्षा एवं कल्याण प्रसार अधिकारी योगराज शर्मा, सब-इंस्पेक्टर रमेश कुमार, जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय समिति सदस्य भी उपस्थित रहे।

लघु शिवरात्रि मेले में खेल और संस्कृति का संगम

अनंत ज्ञान

प्रतियोगिता में भाग लेतीं महिलाएं। अनंत ज्ञान

जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर में आयोजित राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले के तहत खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्साह और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। मेला परिसर इन दिनों खेल मैदान और सांस्कृतिक मंच में तब्दील हो गया है, जहां हर आयु वर्ग के प्रतिभागी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

महिला कबड्डी प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की टीम विजेता रही, जबकि हराबाग स्कूल उपविजेता रहा। बैडमिंटन एकल में कल्पना ठाकुर ने प्रथम और कनिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिलाओं के पारंपरिक खेलों में भी उत्साह देखने को मिला। मटका फोड़ में महिला मंडल शक्ति तथा चेयर रेस और मटका दौड़ में महिला मंडल जिमजिमा विजेता रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोकनाटी प्रतियोगिता ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिसमें पट्ट महिला मंडल प्रथम रहा। आयोजकों के अनुसार ऐसे आयोजन युवाओं को खेल और संस्कृति से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं।

लगातार हो रही बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। मंडी जिले में लगातार हो रही भारी बारिश और तेज अंधड़ से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। शुक्रवार शाम आए तूफान से कई घरों की छतें उड़ गईं और पेड़ों की टहनियां टूटने से क्षेत्र के बड़े हिस्से में रातभर बिजली बाधित रही। शनिवार को भी रुक-रुक कर हुई बारिश के कारण खड्ड-नाले उफान पर आ गए। गांव रजवाड़ी में सड़क मार्ग खाई में तब्दील हो गया, जिससे बाढ़ जैसे हालात बन गए और बाजारों में सन्नाटा छा गया। नाचन क्षेत्र की ग्राम पंचायत महादेव में तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। बारिश से उत्पन्न हालात ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है।

भूकंप मॉकड्रिल में स्टूडेंट्स को सिखाए बचाव के गुर

अनंत ज्ञान

मॉकड्रिल करते स्टूडेंट्स। अनंत ज्ञान

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर। उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार राजीव गांधी मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय, जोगिंद्रनगर में शनिवार सुबह 11 बजे भूकंप मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रकाश चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को आपदा के समय सतर्क रहने और सही प्रतिक्रिया देने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

मॉकड्रिल के दौरान विद्यार्थियों को 'ड्रॉप, डक एंड कवर' तकनीक का अभ्यास कराया गया। उन्हें सिखाया गया कि भूकंप के दौरान घबराने के बजाय शांत रहें, सुरक्षित स्थान की ओर व्यवस्थित तरीके से जाएं और खुले क्षेत्र में बैठकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें। साथ ही सिर और चेहरे की सुरक्षा के लिए बैग, पुस्तक या हाथों का उपयोग करने के लिए भी जागरूक किया गया। यह अभ्यास महाविद्यालय के पुस्तकालय, वाचनालय और विभिन्न कक्षाओं में भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक दीपक मोहन, उपमा धीमान सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रशासन ने बताया कि ऐसे अभ्यास विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक और तैयार बनाते हैं।

प्रदेश के चर्चों में धूमधाम से मनाया जाएगा ईस्टर : सन्नी ईप्पन

अनंत ज्ञान

◆ गुड फ्राइडे के बाद प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान की खुशी में होंगे आयोजन

ब्यूरो, मंडी। प्रदेश सहसंयोजक, अल्पसंख्यक विभाग हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सन्नी ईप्पन ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी ईस्टर का त्योहार प्रदेशभर के चर्चों में अधिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गुड फ्राइडे के बाद तीसरे दिन प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवित होने की खुशी में ईस्टर मनाया जाता है, जो क्रिसमस के बाद विश्व का प्रमुख त्योहार है और इसे बड़ी श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित होंगी, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। इसके अलावा अनुयायियों और विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ सामूहिक संगति और भोज का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे आपसी भाईचारा और सौहार्द को बढ़ावा मिलेगा। सन्नी ईप्पन ने कहा कि ईस्टर का संदेश अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का है। यह पर्व लोगों को पापमय जीवन छोड़कर सच्चाई, प्रेम और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा व शक्ति देता है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान का संदेश समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करता है। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए सभी को ईस्टर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

मनोरंजन | लघु शिवरात्रि मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या रंगारंग प्रस्तुतियों से बनी यादगार

'लैला में लैला' गाने पर झूमे दर्शक

अनंत ज्ञान

सांस्कृतिक संध्या में मौजूद गणमान्य। अनंत ज्ञान

अभिषेक, जोगिंद्रनगर। राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर की तीसरी सांस्कृतिक संध्या उत्साह, उमंग और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ यादगार बन गई। शाम ढलते ही मेला परिसर में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा पंडाल देर रात तक तालियों और संगीत की गूंज से सराबोर रहा। इस संध्या का मुख्य आकर्षण इंडियन आइडल फेम व बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर दीक्षा टूरा रहीं। उन्होंने मंच पर आते ही अपनी मधुर आवाज से समां बांध दिया।

एक के बाद एक शानदार गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया गीत 'लैला में लैला' दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह लेकर आया और लोग अपनी सीटों पर ही झूमने लगे। दीक्षा टूरा ने हिंदी के साथ-साथ पहाड़ी गीतों की प्रस्तुति देकर स्थानीय संस्कृति को भी मंच पर जीवंत किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय कलाकारों से हुई, जिसमें फोक प्लाजो फेम किशन वर्मा ने पारंपरिक पहाड़ी नाटियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक दलों, महिला मंडलों और युवा कलाकारों ने समूह नृत्य, लोकगीत और आधुनिक प्रस्तुतियों से मंच को जीवंत बनाए रखा। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिला मंडलों की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इस संध्या में सैनिक लीग के अध्यक्ष कर्नल शाही तथा श्री शारदा ज्योतिष निकेतन के निदेशक एवं हस्त रेखा विशेषज्ञ कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उनके आगमन पर मेला कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथियों ने अपने संबोधन में मेले के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम होते हैं, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का कार्य भी करते हैं। सांस्कृतिक संध्या के दौरान हल्की बूंदाबांदी भी हुई, लेकिन इसका असर दर्शकों के उत्साह पर बिल्कुल नहीं पड़ा। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला। दर्शकों की भारी उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि जोगिंद्रनगर में सांस्कृतिक आयोजनों के प्रति लोगों का लगाव लगातार बढ़ रहा है।

मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या ने संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का ऐसा समागम प्रस्तुत किया, जिसने हर किसी के मन पर अपनी छाप छोड़ दी। यह शाम लंबे समय तक दर्शकों की यादों में बनी रहेगी।

बरच्छवाड़ नलवाड़ मेले की छोटी माली पंजाब के बिल्ला ने जीती

अनंत ज्ञान

बड़ी माली का मुकाबला रहा टाई

पहलवानों को सम्मानित करते आयोजक।

रितेश चौहान, सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट के बरच्छवाड़ में सात दिवसीय पारंपरिक नलवाड़ मेले के अंतिम दिन छिंज कमेटी के सदस्यों ईश्वर दास शर्मा, प्रेम सागर, अजय भवानी, विजय शर्मा आदि के सहयोग से विशाल दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर आजाद शामिल हुए।

दंगल में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, कश्मीर, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश व बिहार के पहलवानों ने दमखम दिखाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। छोटी माली के रोमांचक फाइनल में बिल्ला पंजाब ने चरानी जम्मू को हराकर खिताब जीता, विजेता को 5100 रुपए व गुर्ज तथा उपविजेता को 4100 रुपए व गुर्ज दिया गया। बड़ी माली का मुकाबला नवीन मंडी और नवनीत करनाल के बीच कांटे का रहा, लेकिन तेज बारिश, ओलावृष्टि और बिजली के चलते मुकाबला टाई घोषित किया गया, जिसके बाद दोनों पहलवानों को 11-11 हजार रुपए और एक-एक गुर्ज देकर सम्मानित किया गया।

न्यूज ब्रीफ

आपदा जागरूकता रैली से किया सतर्क

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर में कांगड़ा भूकंप की स्मृति में उपायुक्त कार्यालय परिसर में मॉक ड्रिल और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर ने की। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विभिन्न विभागों की तैयारियों का आकलन करना था। स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर लोगों को भूकंप के दौरान सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। मॉक ड्रिल में होमगार्ड और स्वास्थ्य विभाग ने बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया। पुलिस व अन्य विभागों की भागीदारी से बेहतर समन्वय और त्वरित कार्रवाई की क्षमता प्रदर्शित हुई।

परोइयां कलां स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, लठियाणी। लठियाणी स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला परोइयां कलां में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हवन और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धा व उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर आयोजित पूजा-अर्चना में विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्कूल प्रभारी राजेश नरयाल, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान राज कुमार ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने हवन में आहुति देकर नए सत्र की सफलता की कामना की। राजेश नरयाल ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया, जबकि राज कुमार ठाकुर ने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। यह आयोजन पूरे स्कूल के लिए प्रेरणादायक रहा।

हैदर ने जीता बरठीं के छत गांव का दंगल

अनंत ज्ञान, बरठीं। बरठीं के छत गांव में छत सण्डयार दंगल समिति ने एक दिवसीय दंगल व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। अन्य राज्यों सहित कई पहलवानों ने भाग लिया। छोटी माली में सुमित (ऊना हॉस्टल) विजेता, शेरा कोहाड़ी उपविजेता रहे। बड़ी माली में हैदर विजेता, शानवीर उपविजेता रहे। मुख्य अतिथि संजय सोनी व कुलदीप शर्मा रहे। समापन पर गौरव ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

घुमारवीं में शिक्षक की भूमिका पर व्याख्यान

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। शिवा शिक्षा महाविद्यालय घुमारवीं में आईक्यूएसी द्वारा 'राष्ट्र निर्माता के रूप में अध्यापक की भूमिका' पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. शशिकांत शर्मा (हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय) ने शिक्षक में अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा पर बल दिया। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने स्वागत किया। प्रबंध निदेशक इं. पुरुषोत्तम शर्मा ने ऐसे आयोजनों पर जोर दिया।

झंडूता स्कूल में सीबीएसई पाठ्यक्रम हो लागू

अनंत ज्ञान, झंडूता। बिलासपुर के झंडूता क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग उठी है। शिक्षाविद सुमन प्रजापति ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में स्थानीय छात्रों को समान और गुणवत्तापूर्ण अवसर मिलना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कई सरकारी विद्यालयों में सीबीएसई लागू हो चुका है, लेकिन झंडूता विद्यालय अभी इससे वंचित है। प्रजापति ने सरकार से शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया, ताकि छात्र सिविल सेवा, इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकें। उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास, खेल, कला व करियर मार्गदर्शन पर भी जोर दिया।

चेतना संस्था का कैंसर जांच शिविर आज

अनंत ज्ञान, कुठेड़ा। कुठेड़ा में चेतना संस्था के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर ह्यूमैनिटी फर्स्ट के सहयोग से 5 अप्रैल को निःशुल्क कैंसर जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इसमें पुरुषों की प्रोस्टेट, मुंह व रक्त कैंसर तथा महिलाओं की स्तन कैंसर जांच के साथ ब्लड प्रेशर, शुगर व आंखों की जांच भी शामिल होगी। 30 विशेषज्ञ डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ, साथ ही शिवा आयुर्वेदिक अस्पताल व सुंदरनगर डेंटल कॉलेज के विशेषज्ञ जांच और परामर्श देंगे। डॉक्टरों के परामर्शानुसार निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

सेवानिवृत्त कर्मियों को करेंगे सम्मानित: तारा

अनंत ज्ञान, ऊना। हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, जिला ऊना, 8 अप्रैल को जिला मुख्यालय ऊना के बचत भवन में सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह का आयोजन करेगा। महासंघ के वरिष्ठ उपप्रधान तारा सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम संगठन में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले प्रतिनिधियों के योगदान को सराहने और उनके अनुभवों से प्रेरणा लेने के लिए आयोजित किया जा रहा है। समारोह में वरिष्ठ पदाधिकारी, कर्मचारी प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रतिनिधियों के उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला जाएगा और संगठन के संघर्ष व सफलताओं को साझा कर वर्तमान कर्मचारियों को प्रेरित किया जाएगा।

हवलदार युद्धवीर का रिटायर होने पर स्वागत

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। घुमारवीं उपमंडल के गांव बछड़ी के हवलदार युद्धवीर सिंह भारतीय सेना में 24 वर्षों की गौरवशाली सेवा के बाद 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हुए। वर्ष 2002 में सिपाही के रूप में भर्ती होकर उन्होंने कड़ी मेहनत से हवलदार का पद हासिल किया। उत्तर प्रदेश, सिक्किम और पठानकोट जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में उन्होंने साहस एवं अनुशासन के साथ देश सेवा की। सेवानिवृत्ति पर जब वे अपने पैतृक गांव बछड़ी पहुंचे, तो परिजनों और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं व ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उनकी माता जमुना देवी, धर्मपत्नी रीता देवी, पुत्र काव्यांश एवं अन्य परिजन उपस्थित रहे।

अंब में ब्राह्मण समाज की बैठक आज

अनंत ज्ञान, अंब। भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 5 अप्रैल को किया जाएगा। यह बैठक ऊना-अंब रोड स्थित अंबेडकर भवन, अंब में आयोजित होगी। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। आयोजकों ने ब्राह्मण समाज के सभी सम्मानित सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। आयोजकों का कहना है कि समाज की एकता और सशक्तता के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में भाग लेकर समाज के विकास और मजबूती के लिए महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए जा सकते हैं। बैठक को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों को उम्मीद है कि बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

जमथल में 100 से अधिक महिलाएं सम्मानित

अनंत ज्ञान, बरमाना। बिलासपुर की ग्राम पंचायत जमथल में शनिवार को नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। युवा नेता रोहित ठाकुर ने 100 से अधिक महिलाओं को सम्मानित करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए प्रशासन तक उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने महिलाओं की भूमिका को समाज के विकास में महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महिला मंडल प्रधान डिंपल ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सरकार ने सभी वादे किए नजरअंदाज: विनय

अनंत ज्ञान, ऊना। ऊना में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार के हालिया बजट पर तीखा हमला बोला। भाजपा के जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने इसे 'जनविरोधी' बताते हुए आरोप लगाया कि महिलाओं को मासिक 1500, युवाओं को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता जैसे वादों को नजरअंदाज किया गया है। पार्टी ने ओल्ड पेंशन स्कीम, बढ़ते कर्ज, महंगाई और किसानों व बागवानों के मुद्दों पर भी सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। भाजपा का कहना है कि बजट सभी वर्गों की अपेक्षाओं को पूरा करने में असफल रहा। कांग्रेस सरकार ने इसे विकासोन्मुखी बताते हुए संसाधनों और वित्तीय संतुलन पर जोर दिया। भाजपा ने जनता के मुद्दों को उठाते हुए वादों के पालन की मांग दोहराई।

7 को होगा अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा 7 अप्रैल को सिविल अस्पताल बंगाणा में अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारंभ करेंगे। कार्यकारी ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. अशोक ने बताया कि इस मशीन से स्थानीय लोगों को उच्च स्तरीय जांच सेवाएं घर के पास उपलब्ध होंगी, जिससे दूरदराज के अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इसी दिन सुबह 10 बजे अस्पताल परिसर में बहु-विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ मरीजों की निःशुल्क जांच, परामर्श और आवश्यक उपचार देंगे। डॉ. अशोक ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक भागीदारी करने का आग्रह किया।

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक 7 को

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सदर खंड एवं शहरी इकाई की संयुक्त बैठक 7 अप्रैल 2026 को डियारा सेक्टर स्थित बाबा विश्वकर्मा मंदिर परिसर में होगी। सचिव राम प्रकाश ने सभी सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं तथा शिमला में दिए गए धरने पर विचार होगा।

पर्यावरण संरक्षण व खनिज संसाधनों के संतुलित उपयोग की ली शपथ

बरमाणा में 35वां माइन्स एनवायरनमेंट एवं मिनरल कंजरवेशन वीक संपन्न

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। एसीसी अडानी बरमाणा स्पोर्ट्स क्लब में 35वां माइन्स एनवायरनमेंट एवं मिनरल कंजरवेशन वीक उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें नॉर्दर्न जोन की 29 खदानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स, देहरादून रीजन के निदेशक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस वर्ष की थीम फ्रॉम माइनिंग टू रेस्टोरेशन दि थ्रेड ऑफ नेशन बिल्डिंग' रही। कार्यक्रम में खनन क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों व विशेषज्ञों ने पर्यावरण संरक्षण व खनिज संसाधनों के संतुलित उपयोग की शपथ ली।

कार्यक्रम की शुरुआत में बैलून उड़ा कर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अनंत ज्ञान

इस दौरान उत्कृष्ट खदान संचालकों को सम्मानित किया गया तथा विभिन्न संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में आधुनिक खनन तकनीक, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को प्रदर्शित किया गया। मुख्य अतिथि ने हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में खनिज संसाधनों की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए वैज्ञानिक व संतुलित खनन पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों से पर्यावरण संरक्षण व खनिज बचाव के प्रति जिम्मेदारी निभाने के आह्वान के साथ हुआ।

दिव्यांगों के लिए सराहनीय प्रदेश सरकार का बजट: लग्नेश कुमार

अनंत ज्ञान

सुमन डोगरा, बिलासपुर। 'सामर्थ्य एक पहल' संस्था के अध्यक्ष एवं दृष्टि बाधित एडवोकेट लग्नेश कुमार ने प्रदेश सरकार के चौथे बजट में दिव्यांगजनों के लिए की गई घोषणाओं का स्वागत किया है। उन्होंने 70 से 100 प्रतिशत दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाकर 3000 रुपए किए जाने के निर्णय को सराहनीय बताते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया। उनके अनुसार यह कदम दिव्यांगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक साबित होगा।

लग्नेश ने दिव्यांगों के विवाह प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 2 लाख रुपए करने के फैसले को भी सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा कि इससे समाज में दिव्यांगों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उन्होंने उस शर्त को समाप्त करने के निर्णय की भी सराहना की, जिसके तहत सरकारी नौकरी या पेंशन प्राप्त माता-पिता के दिव्यांग बच्चों को राहत भत्ता नहीं मिलता था। अब सभी पात्र दिव्यांगों को इसका लाभ मिलेगा, जिससे उनमें खुशी का माहौल है। हालांकि उन्होंने सहारा योजना को लेकर चिंता व्यक्त की। उनका कहना है कि पिछले एक वर्ष से इस योजना के तहत करीब 35 हजार लाभार्थियों को कोई राशि नहीं मिल पाई है, जिससे असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने सरकार से इस मामले में स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की है।

◆ **नलवाड़ी मेले में दिव्यांग कलाकारों की अनदेखी पर जताई नाराजगी**

वहीं, नलवाड़ी मेले में दिव्यांग कलाकारों को मंच न दिए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए इसे अपमानजनक बताया व निष्पक्ष जांच की मांग की।

वशिष्ट स्कूल ऊना में छात्रों ने दिखाई रचनात्मकता व पर्यावरण जागरूकता

वीपीएस ऊना में चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ऊना। वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कला कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कक्षा पहली से चौथी तक 'कलर द पिक्चर' प्रतियोगिता में 'वर्ल्ड अर्थ डे' विषय रखा गया, जबकि कक्षा पांचवीं से दसवीं तक 'पेंटिंग स्पर्धा' में 'प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक', 'इन्वेस्ट इन आवर प्लेनेट', 'रिस्टोर आवर अर्थ' और 'प्रोटेक्ट आवर स्पीशीज' विषयों पर चित्र बनाए गए।

ये रहे विजेता विद्यार्थी

कक्षा प्रथम (स्ट्रॉबेरी ग्रुप) से मिशका प्रथम, गौरिका द्वितीय और मनकीरत तृतीय रहे। कक्षा द्वितीय से आराध्या प्रथम, कक्षा तृतीय (एप्पल ग्रुप) से नित्या धीमान व दिव्यांशी प्रथम रहीं। कक्षा चतुर्थ से अंशदीप कौर प्रथम रही। पेंटिंग प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से चितराक्षी कोंडल व प्राक्षी राणा प्रथम, मैंगो ग्रुप से समृद्धि पांडा व आराध्या भारद्वाज प्रथम और मेलन ग्रुप से जैस्मिन प्रथम रहीं। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने विजेताओं को बधाई दी, जबकि प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

गोबिंद सागर झील में डूबे पंजाब के युवक का शव बरामद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना। गोबिंद सागर झील में डूबे 24 वर्षीय श्रद्धालु का शव दूसरे दिन बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान आकाश दीप सिंह (24) पुत्र कश्मीर सिंह निवासी गांव कका कढ़याला, तहसील तरनतारन, जिला अमृतसर (पंजाब) के तौर पर हुई है। पुलिस, अग्निशमन विभाग और गोताखोरों की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर गहरे पानी से शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, युवक अपने साथियों के साथ धार्मिक यात्रा पर निकला था। सभी श्रद्धालु पहले पीरनिगाह मंदिर में माथा टेकने के बाद बाबा बालकनाथ मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बंगाणा क्षेत्र के बीहड़ू कलां में झील किनारे बोट का इंतजार करते समय आकाशदीप का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिर गया। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन झील की गहराई के कारण सफलता नहीं मिल सकी। शुक्रवार शाम अंधेरा होने से सर्च ऑपरेशन रोकना पड़ा, जिसे शनिवार सुबह दोबारा शुरू किया गया। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

बंगाणा कॉलेज में आपदा प्रबंधन पर मॉकड्रिल का किया आयोजन

छात्रों ने भूकंप जैसी आपदा में सुरक्षित निकासी व प्राथमिक उपचार का लिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

राजेश ठाकुर, बंगाणा। कांगड़ा आपदा दिवस (4 अप्रैल) के संदर्भ में अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता संवर्धन हेतु एक प्रभावी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 4 अप्रैल 1905 को आए विनाशकारी कांगड़ा भूकंप को भी स्मरण किया गया, जिसने हिमाचल प्रदेश एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक जन-धन की हानि की थी। इस ऐतिहासिक प्राकृतिक आपदा से सीख लेते हुए आपदा के प्रति सजग एवं तैयार रहने का संदेश विद्यार्थियों को दिया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रेखा शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय आपदा प्रबंधन समिति के संयोजक प्रोफेसर सिकंदर नेगी द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान फायर स्टेशन बंगाणा के प्रभारी वीरेंद्र

मॉकड्रिल में जानकारी देते कर्मचारी। अनंत ज्ञान

कुमार तथा गृह रक्षक दल (होम गार्ड) के कंपनी कमांडर हंस राज ने विद्यार्थियों को आपदा की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों, बचाव तकनीकों एवं आवश्यक सावधानियों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मॉक ड्रिल के माध्यम से विद्यार्थियों को भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय सुरक्षित निकासी (निर्गमन), प्राथमिक उपचार तथा बचाव कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उनमें आपदा की स्थिति में त्वरित एवं उचित निर्णय लेने की क्षमता का विकास हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय की उप-प्राचार्या अनु अत्रि, डॉ. कुलदीप सिंह, प्राध्यापिका मुकेश कुमारी सहित अग्निशमन विभाग एवं गृह रक्षक दल की समस्त टीम उपस्थित रही।

महाविद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों के सतत आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव पर दिया जोर

अनंत ज्ञान, हीना पठानिया (बड़ूही)। ऊना के नागरिक अस्पताल बंगाणा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) संक्रमण के खिलाफ जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य लड़कियों और महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि यह टीका विशेष रूप से 14 से 15 वर्ष की लड़कियों के लिए प्रभावी है और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने समय पर टीकाकरण के महत्व और नियमित स्वास्थ्य जांच की सलाह दी। अभियान में ग्राम पंचायत खरयालता तलमेहडा की प्रियंका धीमान और ग्राम पंचायत डीहर के चडोली की कोमल शर्मा सहित स्थानीय नागरिकों और छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। डॉक्टर सुनील सैनी, सीएचओ रेखा देवी, हिमानी, अंजना कुमारी, सुपरवाइजर कांता देवी व अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित रहे।

ऊना में आपदा जागरूकता दिवस पर निकाली नागरिक एकजुटता रैली

नागरिक एकजुटता रैली में शामिल प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और मेरा युवा भारत ऊना के संयुक्त तत्वावधान में आपदा जागरूकता दिवस के अवसर पर नागरिक एकजुटता रैली आयोजित की गई। यह रैली अंतरराज्यीय बस अड्डा ऊना से शुरू होकर उपायुक्त कार्यालय और नगर निगम पार्क तक निकाली गई। रैली का मुख्य उद्देश्य जिले में भूकंप के प्रति जागरूकता फैलाना और नागरिकों को आपदा बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित करना था। इसमें स्थानीय युवक मंडल, महिला मंडल, राष्ट्रीय सेवा योजना और आपदा मित्रों सहित लगभग 50 स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ऊना के प्रशिक्षण समन्वयक राजन शर्मा ने बताया कि रैली का लक्ष्य लोगों में सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना और भूकंप जैसी आपदा की स्थिति में जान और माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने भविष्य में भवनों को सुरक्षित और भूकंप रोधी बनाने पर विशेष जोर दिया।

रैली के दौरान आपदा जागरूकता प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आई.एस.बी.टी. ऊना के प्रबंधक प्रवेश शर्मा, जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार, प्रशिक्षण समन्वयक राजन शर्मा और मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक अंकुश कौशल सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

बिलासपुर जिले के 175 स्थानों पर किया एचपीवी टीकाकरण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर जिले में ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान जोर-शोर से जारी है। शनिवार को जिलेभर के 175 स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण किया गया। यह जानकारी सीएमओ डॉ. शशि दत्त शर्मा ने दी। स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने बताया कि अभियान में अधिकतम सफलता मिल रही है। घुमारवीं में 85, झंडूता में 42, बिलासपुर सदर में 39, भराड़ी सीएचसी में 35 और घुमारवीं सीएचसी में 27 बच्चों को टीका लगाया गया। इसके अलावा हरलोग, बागी सुंगल, बरठीं, गेहड़वीं, नैना देवी, बिलासपुर एमसीएच सहित कई अन्य केंद्रों पर टीकाकरण किया गया। कुछ पीएचसी जैसे छडोल, बेहल और टोबा में अभी टीकाकरण नहीं हुआ। स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। यह अभियान जिले के युवाओं और महिलाओं को एचपीवी से बचाव की सुरक्षा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

रक्तदान शिविर में 24 यूनिट रक्त एकत्रित

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। घुमारवीं में इंसानियत संस्था द्वारा आयोजित 24वें रक्तदान शिविर और फ्री मेडिकल कैंप का सफल आयोजन किया गया। संस्थापक पवन चंदेल ने सभी रक्तदाताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें 19 वर्षीय मनोज कुमार ने पहली बार रक्तदान कर दूसरों को प्रेरित किया। पवन ठाकुर और अंकू करीब 75 किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंचे, जबकि आशीष शर्मा ने दूसरी बार लगभग 45 किलोमीटर यात्रा कर रक्तदान किया। कुल 24 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। लगभग 100 प्रतिभागियों ने कैंप में भाग लिया और मुफ्त दवाइयों, ब्लड टेस्ट व स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। सभी के लिए जूस, चाय-पान और भोजन की व्यवस्था भी की गई।

सुधीर कुमार ने प्रिंसिपल का कार्यभार संभाला

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। गोंदपुर बनेहड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक भंजाल में सुधीर कुमार ने प्रिंसिपल के रूप में कार्यभार संभाल लिया। शनिवार को वरिष्ठ लेक्चरर राजन शर्मा और समस्त स्टाफ ने उनका भव्य स्वागत किया। इससे पहले राजन शर्मा लगभग डेढ़ वर्ष से कार्यवाहक प्रिंसिपल थे। इस अवसर पर शिक्षाविद वेद पराशर, अधीक्षक दिनेश शर्मा और अन्य शिक्षक मौजूद रहे। कार्यभार संभालने के बाद सुधीर कुमार ने पाठशाला में शैक्षणिक माहौल को सुदृढ़ करने और स्कूल के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

वॉलीबॉल टूर्नामेंट में डगोह खेल क्लब विजेता, पठानकोट टीम रही उपविजेता

आयोजकों संग डगोह खेल क्लब की विजेता टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

विकास शर्मा, चिंतपूर्णी। चिंतपूर्णी धार क्षेत्र के गिंडपुर मलौन में 'जय हिमाचल' के बैनर तले आयोजित केहर सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर की 16 टीमों ने भाग लिया और दर्शकों को शानदार खेल का मनोरंजन दिया।

रोमांचक फाइनल मुकाबले में डगोह खेल क्लब ने एसएमएस सुंदर नगर कॉलेज पठानकोट को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 51,000 रुपये नकद पुरस्कार और 4 फीट ऊंची ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। उपविजेता पठानकोट टीम को 41,000 रुपये का इनाम दिया गया। पहले खेले गए मुकाबलों में डाडासीबा टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर 11,000 रुपये पुरस्कार जीता।

आयोजन की खास बात राजस्थान के बीकानेर से आए भारतीय सेना के जवानों का बेहतरीन प्रदर्शन और टूर्नामेंट का ड्रोन तकनीक द्वारा लाइव प्रसारण रहा। कमेंटेटर दानिश और लवली ने अपने पंजाबी अंदाज से माहौल में जोश भर दिया। आयोजनकर्ता ठाकुर ओंकार सिंह लंबरदार, इंद्रजीत सिंह और भानु प्रताप सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता युवाओं को नशे से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

हरोली उत्सव कलाकारों के ऑडिशन कल से, 11 अप्रैल को किया जाएगा शुभारंभ

पहली बार सोमभद्रा तट पर होगा हरोली उत्सव

अनंत ज्ञान

ऊना। राज्य स्तरीय हरोली उत्सव-2026 का आयोजन इस वर्ष 11 से 14 अप्रैल तक हरोली-रामपुर पुल के समीप सोमभद्रा नदी के तट पर स्थित हरोली मैदान, रोड़ा में किया जाएगा। बैसाखी पर्व (14 अप्रैल) से जुड़े इस उत्सव को इस बार प्राकृतिक परिवेश के साथ जोड़ते हुए पहली बार नदी तट पर आयोजित किया जा रहा है, जिससे आयोजन को पारंपरिक और सांस्कृतिक रूप से और अधिक अर्थपूर्ण स्वरूप मिलेगा।

उत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए 6 और 7 अप्रैल को स्थानीय कलाकारों के ऑडिशन लता मंगेशकर कला केंद्र, समूर कलां में आयोजित होंगे। ऑडिशन 6 अप्रैल को प्रातः 11:30 बजे से प्रारंभ होंगे। मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम हरोली विशाल शर्मा ने बताया कि इच्छुक कलाकार एसडीएम कार्यालय, हरोली में आवेदन कर सकते हैं या ईमेल के माध्यम से भी आवेदन भेज सकते हैं। ऑडिशन के दिन मौके पर भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। नामी कलाकारों एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ऑडिशन से छूट दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि हरोली उत्सव बैसाखी पर्व से जुड़ा प्रदेश का एकमात्र राज्य स्तरीय मेला माना जाता है। बैसाखी पर्व भारतीय परंपरा में बहुआयामी महत्व रखता है। यह सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ सौर नवचक्र का प्रतीक है। रबी फसल की कटाई के रूप में कृषि उत्सव के तौर पर भी मनाया जाता है। वहीं सिख परंपरा में वर्ष 1699 में श्री गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना से जुड़े इस पर्व का विशेष ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व भी है। ऐसे में सोमभद्रा नदी के तट पर मेले का आयोजन इस उत्सव को प्रकृति, जल और लोकजीवन से और अधिक गहराई से जोड़ेगा।

कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने उत्सव की तैयारियां तेज कर दी हैं। एसडीएम ने बताया कि आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। प्रशासन का प्रयास है कि जनसहभागिता के साथ यह राज्य स्तरीय उत्सव यादगार बने और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई मिले।

भव्य शोभायात्रा से होगा शुभारंभ

उत्सव का शुभारंभ 11 अप्रैल को जलशक्ति विभाग के विश्राम गृह परिसर से निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। 11 से 14 अप्रैल तक आयोजित सांस्कृतिक संध्याओं में प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों के साथ राष्ट्रीय स्तर की हस्तियां अपनी प्रस्तुतियां देंगी। दिन में स्थानीय शिक्षण संस्थानों और सांस्कृतिक समूहों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

उत्सव में ट्रेड फेयर और विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं रहेंगी आकर्षण

उत्सव के दौरान हरोली मैदान में ट्रेड फेयर आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वयं सहायता समूहों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ यह आयोजन वैसाखी के आर्थिक और सामाजिक आयामों को भी मजबूती देगा। इसके अलावा युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

विभिन्न आयोजनों से सजेगा उत्सव

उत्सव में पशु मेला, डॉग शो और बेबी शो का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

बर्फ की सफेद चादर से सराबोर हुई लाहौल घाटी, जनजीवन अस्त-व्यस्त

अटल टनल, रोहतांग सहित कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों में भी बिछी चांदी

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग। जनजातीय जिला लाहुल-स्पीति के ऊपरी सहित निचले क्षेत्र बर्फ से सराबोर हो गए हैं। वहीं, अटल टनल, रोहतांग सहित कुल्लू जिला के ऊपरी क्षेत्रों में भी बर्फबारी के क्रम जारी है। शनिवार सुबह से ही लाहुल घाटी सहित अटल टनल रोहतांग और कुल्लू की ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी का दौर जारी है, जिससे पूरी घाटी चांदी जैसी सफेद चादर से ढक गई है।

वहीं, निचले इलाकों में लगातार हो रही बारिश ने ठंड बढ़ा दी है। भारी बर्फबारी के कारण लाहुल घाटी के सिस्सू नाले में सड़क पर फिसलन बढ़ गई है। इस कारण छोटी गाड़ियों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई वाहन बर्फ में फंस गए, जिन्हें निकालने के लिए स्थानीय

लाहौल घाटी में गिरी बर्फ, वाहनों को निकालती पुलिस टीम। अनंत ज्ञान

युवा देवदूत बनकर सामने आए हैं। स्थानीय युवाओं की टोलियों ने फंसे हुए वाहनों को रेस्क्यू किया। उधर,अटल टनल रोहतांग और इसके आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी की रफ्तार तेज होते देख प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने अटल टनल के पास मौजूद पर्यटक वाहनों को वापस मनाली की ओर भेज दिया। वहीं, लाहुल की ओर से आए वाहनों को निकालने में मनाली पुलिस के डीएसपी मनाली केडी शर्मा के नेतृत्व में कमान संभाल ली है। दोनों जिला के पुलिस प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय युवाओं से अपील की है कि वे खराब मौसम और बर्फबारी के बीच ऊंचाई वाले क्षेत्रों की ओर रुख न करें। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें और सड़क मार्ग की स्थिति जानने के बाद ही यात्रा की योजना बनाएं। लाहौल घाटी के निवासी टशी, अशोक व राहुल ने कहा कि किसानों ने इन दिनों कृषि कार्यों के लिए अपने खेतों में कार्य शुरू कर दिया है। गोभी की पनीरी भी खेतों में तैयार की जा रही है, लेकिन बर्फबारी के चलते कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया हालात को देखते हुए सभी वाहनों को सोलंगनाला से आगे जाने पर रोक लगा दी है। आपातकालीन स्थिति में फोर बाई फोर वाहन भेजे जा रहे हैं। लाहौल में रुके पर्यटक वाहनों को मनाली लाया जा रहा है। सामान्य वाहन अटल टनल के पास वाहन स्किड हो रहे हैं। पुलिस जवान बर्फबारी के बीच पर्यटक वाहनों को वापस मनाली भेजने में जुटे हुए हैं।

मनाली पहुंचने पर विनय का स्वागत

अनंत ज्ञान, मनाली। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार का मनाली पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष से पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले मनाली की समस्याओं के समाधान का आग्रह किया। कांग्रेस नेता गोकुल चंद ने आग्रह किया कि मनाली से लेकर पंडोह तक जो ब्लैक स्पॉट है इनके ऊपर कंक्रीट दीवार समय रहते लगाई जाए। अगर दीवार नहीं लगी तो यह आने वाले समय में भारी नुकसान होगा। उन्होंने अध्यक्ष को अवगत करवाया कि गत कई सालों से मनाली प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहा है। प्राकृतिक आपदा के कारण होटल इंडस्ट्री सहित किसानों बागवानों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी की बाढ़ ने नदी किनारे रहने वाले लोगों का दर्द बढ़ाया है। तीन साल से ब्यास नदी में बाढ़ आ रही है। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि एनएचएआई की कार्यप्रणाली सही नहीं है। कंक्रीट की जगह पत्थर के डंगे लगाकर सड़क सुचारु कर दी है। उन्होंने अध्यक्ष से आग्रह किया कि उनकी इस गंभीर समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष रखें।

भारी बर्फबारी के बीच लाहौल-स्पीति में गूंजा 'भूकंप से बचो तुम, खुद को बचाओ तुम' का नारा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। प्रदेश के इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक, 4 अप्रैल 1905 के विनाशकारी कांगड़ा भूकंप की 121वीं वर्षगांठ पर शनिवार को लाहौल-स्पीति जिले में व्यापक स्तर पर 'आपदा जागरूकता दिवस' मनाया गया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम और रैली में उप पुलिस अधीक्षक रश्मि शर्मा, अधिशाषि अभियंता (विद्युत) सूर्या शर्मा, तहसीलदार केलंग विकास कुमार, महिला मंडल अपर केलंग की सदस्य व विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों व कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

लाहौल में हो रही भारी बर्फबारी के बावजूद आपदा प्रबंधन के प्रति उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। केलांग में डीसी कार्यालय से रास बिहारी बोस चौक तक एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में अधिकारियों और कर्मचारियों ने 'भूकंप से बचो तुम, खुद को बचाओ तुम' के नारों के साथ स्थानीय जनता को जागरूक किया। वहीं, उदयपुर उपमंडल में भी मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा समन्वय की बारीकियों को समझाया गया।

जागरूकता अभियान के दौरान अधिकारी व कर्मचारी। अनंत ज्ञान

ठीक 11 बजे हुआ 'शेक आउट' अभ्यास

जिला उपमंडल दंडाधिकारी केलांग, कुनिका एकर्स की अगुवाई में सुबह ठीक 11:00 बजे पूरे जिले में एक साथ 'शेक आउट ड्रिल' का आयोजन किया गया। इस दौरान 'ड्रॉप, कवर एंड होल्ड ऑन' (झुको, ढको और पकड़े रहो) की तकनीक का अभ्यास किया गया। सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और स्वास्थ्य केंद्रों में 'एलेक्यूएशन ड्रिल' के जरिए सुरक्षित निकासी मार्गों की पहचान और त्वरित रिस्पांस का परीक्षण किया गया।

औपचारिकता नहीं, जीवन रक्षा का मंत्र: कुनिका

इस मौके पर कुनिका एकर्स ने कहा कि यह दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि हमारी सुरक्षा की तैयारी का पैमाना है। हिमालयन भूकंपीय दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। उन्होंने जोर दिया कि आपदा के समय घबराहट ही सबसे बड़ा शत्रु है। यदि हम पूर्व-अभ्यास और सही समन्वय रखें, तो जनहानि को न्यूनतम किया जा सकता है।

पेंशनर्स ने 15 तक भुगतान न होने पर 'आर-पार' की लड़ाई का किया ऐलान

बैठक के दौरान प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ खंड बंजार की एक समीक्षा बैठक शनिवार को विश्राम गृह लारजी में हुई। इसकी अध्यक्षता बंजार खंड के अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान ने की, जिसमें संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में पेंशनरों ने अपनी लंबित वित्तीय देनदारियों को लेकर प्रदेश की सुक्खू सरकार के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया। एलआर गुलशन ने कहा कि सुक्खू सरकार खराब आर्थिक हालात का बहाना बनाकर करोड़ों की देनदारियों को जानबूझकर टाल रही है। इस बार 2026-27 के बजट में भी पेंशनरों के लिए कोई प्रावधान न करना प्रदेश के बुजुर्गों के साथ अन्याय है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष खुशहाल चंद नेगी, कुल्लू शहरी इकाई अध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष भगतराम ठाकुर, महासचिव शेर सिंह ठाकुर, हीरा लाल, नरोत्तम शलाथ और ज्ञान चंद सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 15 अप्रैल तक उनकी वित्तीय देनदारियों का एकमुश्त भुगतान नहीं किया गया, तो प्रदेश भर के पेंशनर 'आर-पार की लड़ाई' के लिए सड़कों पर उतरेंगे।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने सरकार से निम्नलिखित मांगों के एकमुश्त भुगतान की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2016 से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के वेतनमान का बकाया अभी तक लंबित है। संशोधित पेंशन, ग्रेच्युटी और 40 फीसद पेंशन कम्युटेशन का भुगतान, जुलाई 2023 से लंबित 13 फीसद महंगाई भत्ते की पांच किस्तें और जनवरी 2022 से करीब 145 महीनों के एरियर का भुगतान के अलावा लीव इनकैशमेंट और मेडिकल बिलों का लंबित भुगतान भी अभी लंबित है।

क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में मनाया ईस्टर डे, विभिन्न स्पर्धाओं की रही धूम

छात्राओं ने बिखेरे रचनात्मकता के रंग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू के क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में शनिवार को 'ईस्टर डे' के पावन अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर ईस्टर के रंगों और छात्राओं के उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की रचनात्मक क्षमता को निखारना और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना रहा।

इस दौरान कई रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग की प्रशिक्षु छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रमुख आकर्षणों में शामिल रहे। प्रशिक्षु छात्राओं ने सुंदर और प्रेरक संदेशों के साथ बुकमार्क तैयार किए। ईस्टर थीम पर आधारित आकर्षक क्राउन बनाए गए। रंगों और आकृतियों के माध्यम से अंडों पर बेहतरीन कलाकारी उकेरी गई। पारंपरिक ईस्टर बास्केट को

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु छात्राएं व स्टाफ। अनंत ज्ञान

आधुनिक और नवाचारी तरीके से सजाया गया। कार्यक्रम में मनोरंजन के साथ-साथ व्यंजनों का तड़का भी लगा। विद्यार्थियों द्वारा एक विशेष फूड स्टॉल लगाया गया, जहां विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया गया। इस गतिविधि ने विद्यार्थियों के बीच टीम वर्क और उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर कॉलेज की एसोसिएट डायरेक्टर कुमारी ज्योति मार्या मसीह ने कहा कि इस तरह के आयोजन प्रशिक्षु छात्राओं के सर्वांगीण विकास और उनमें आत्मविश्वास पैदा करने के लिए आवश्यक हैं।

उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ईस्टर का यह त्योहार न केवल खुशियां लेकर आया, बल्कि आपसी एकता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का प्रतीक भी बना। उन्होंने सभी प्रशिक्षु छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बंजार की जनता के साथ प्रदेश सरकार कर रही भेदभाव: शौरी

अनंत ज्ञान

बंजार। भाजपा बजौरा मंडल की एक विशेष बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी स्वयं कार्यकर्ताओं के बीच मौजूद रहे। बैठक के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं ने स्थानीय समस्याओं को विस्तारपूर्वक विधायक के समक्ष रखा तथा उनके शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक के उपरांत जारी प्रेस वक्तव्य में विधायक शौरी ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बंजार विधानसभा क्षेत्र वर्तमान में घोर उपेक्षा का शिकार बन चुका है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अधिकांश बस रूट बंद पड़े हैं, जिससे आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़कों की हालत इतनी दयनीय है कि छोटी गाड़ियों के लिए भी सफर जोखिम भरा हो गया है। उन्होंने विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग-305 पर बैंती माता मंदिर, सिदवा, दाड़ूधार तथा छेत-पानी जैसे संवेदनशील स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में लगातार हो रहे भूस्खलन के बावजूद स्थायी समाधान के लिए न तो सरकार गंभीर है और न ही संबंधित विभाग कोई ठोस कदम उठा रहा है। इसके अतिरिक्त, कई मुख्य सड़कों पर भी कई ऐसे ब्लैकस्पॉट बन चुके हैं, जहां वाहन चालकों को हर

समय दुर्घटना का भय बना रहता है और उन्हें अपनी तथा सवारियों की सुरक्षा के लिए, संघर्ष करना पड़ता है। विधायक शौरी ने कहा कि पर्यटन सीजन अभी प्रारंभ भी नहीं हुआ है, लेकिन सड़कों पर घंटों जाम लगना शुरू हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के पास न तो सड़कों की स्थायी मरम्मत और रख-रखाव की कोई ठोस नीति है और न ही यातायात को सुचारू बनाने के लिए प्रभावी योजना। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र ही स्थिति में सुधार के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो वह समय दूर नहीं जब बंजार की जनता को सरकार की नाकामी के खिलाफ आंदोलन करना पड़ेगा।

मनाली में मिशन रोड पार्किंग में अज्ञात शव मिला

अनंत ज्ञान, मनाली। मनाली के मिशन रोड स्थित पार्किंग में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय निवासियों ने व्यक्ति को बेसुध पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मनाली पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 55 से 60 वर्ष, कद 5 फुट 8 इंच, दुबला-पतला और छाती पर तिल का निशान है। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इसे शिनाख्त के लिए मनाली शव गृह में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों और अन्य थानों में गुमशुदगी की रिपोर्टों के साथ मृतक के हुलिए का मिलान कर रही है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके और मृतक के परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। जनता से अपील की गई है कि यदि किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

नशा मुक्त भारत की दिशा में बड़ा कदम, कुल्लू पहुंचे 76 अधिकारी

एक्सपोजर विजिट के दौरान पुनर्वास केंद्र और काउंसलिंग प्रणाली का किया अध्ययन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिला में नशा मुक्ति क्षेत्र में चल रहे प्रयासों को समझने के लिए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के 76 अधिकारियों ने एक विशेष अध्ययन दौरे (एक्सपोजर विजिट) में भाग लिया। यह कार्यक्रम शुक्रवार को कुल्लू में हिमालयन वालंटियर्स टूरिज्म फाउंडेशन द्वारा संचालित मिशन संभव, 'वॉर अगेंस्ट ड्रग्स' के तहत आयोजित किया गया। इस दौरे का आयोजन नई दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ सेक्रेटेरियट ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट द्वारा किया गया था। यह पहल भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप है, जिसका मुख्य लक्ष्य नशे की समस्या से निपटना, प्रभावी पुनर्वास व्यवस्था को समझना और समाज की भागीदारी से समाधान को मजबूत करना है।

इस दौरान भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों से आए अधिकारियों ने कुल्लू और भुंतर स्थित परिवर्तन पुनर्वास केंद्र और संकल्प पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। इन केंद्रों का संचालन मिशन संभव से जुड़े कार्यकर्ता

क्या है प्रोजेक्ट, मिशन संभव

इस मुहिम के संस्थापक पंकी सूद का कहना है कि नशे से मुक्ति की राह पर एक नई उम्मीद लेकर 'मिशन संभव' नशे के खिलाफ जंग एक सामाजिक पहल है, जो नशे के शिकार लोगों तक जागरूकता, सहानुभूति और इलाज पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नशा कोई अपराध नहीं, बल्कि इलाज योग्य बीमारी है। मिशन संभव के जरिए युवाओं को नशे से बाहर निकालने के प्रयास किए जाते है। इनका कहना है कि आज के समय में नशे के खिलाफ सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो देश एक पूरी पीढ़ी को नशे की चपेट में खो सकता है। उन्होंने समाज से अपील की कि नशे से जूझ रहे लोगों के प्रति संवेदनशील और सहयोगात्मक रवैया अपनाया जाए, क्योंकि सामाजिक स्वीकार्यता ही पुनर्वास की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूल स्तर पर, खासकर आठवीं कक्षा से ही, नशा जागरूकता को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।

विशाल और रोहन द्वारा किया जा रहा है। अधिकारियों ने यहां नशा मुक्ति की पूरी प्रक्रिया, काउंसलिंग व्यवस्था और नशे से उबर चुके युवाओं के जीवन अनुभवों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की पुनर्वास केंद्रों में इलाज करा रहे युवाओं ने जब अपनी संघर्षपूर्ण कहानियां साझा कीं, तो अधिकारियों पर इसका गहरा भावनात्मक प्रभाव पड़ा। इन अनुभवों से यह स्पष्ट हुआ कि नशे की लत एक गंभीर लेकिन पूरी तरह उपचार योग्य समस्या है, यदि परिवार, समाज और सरकार मिलकर सहयोग करें।

इस कार्यक्रम के कोर्स समन्वयक रोशन, केआर. मिश्रा और रिज़वान बानो ने बताया कि नशा मुक्ति आज एक राष्ट्रीय चुनौती बन चुकी है। इस अध्ययन दौरे से प्राप्त सुझावों और अनुभवों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि भविष्य की नीतियों में इनका उपयोग किया जा सके। मिशन संभव के माध्यम से हिमालयन वालंटियर्स टूरिज्म फाउंडेशन लगातार सरकार, पुनर्वास संस्थानों और समाज के बीच समन्वय स्थापित कर रहा है और नशामुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

एनएच 3 में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को बनाए एनएचएआई: अनुराग चंद्र

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने शनिवार को ने एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग-03 (मनाली-कुल्लू) के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत और सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा प्रमुख स्थानों पर बाढ़ से हुए नुकसान को ठीक करने के कार्य को जल्द पूरा करने पर जोर दिया।

बैठक में विस्तृत पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई कि राम शिला से भूतनाथ पुल तक के भूस्खलन प्रभावित चार स्थलों की विशेषज्ञ एजेंसी के माध्यम से किये गए अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार यहां रेस्टोरेशन के कार्ययोजना को अमली जामा पहनाया जा रहा है। साथ ही ब्यास नदी के तटों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से इसकी संपूर्ण मॉडलिंग का कार्य भी संपन्न किया जा चुका है। उपायुक्त ने मनाली-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाढ़ और भूस्खलन से क्षतिग्रस्त स्थलों को दुरुस्त करने के लिए ड्रेनिंग व सुरक्षा दीवारें बनाने के कार्य प्राथमिकता से

◆ **डीसी कुल्लू ने एसडीएम को दिए फोरलेन किनारे अवैध कब्जे हटाने के लिए निर्देश**

करने को कहा। डीसी ने एनएचएआई को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निर्देश दिए। क्योंकि मानसून में हुए भूस्खलन से सड़क को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने एनएचएआई को महत्वपूर्ण स्थानों पर ड्रेन का निर्माण करने और भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को फोरलेन के किनारे अवैध कब्जे हटाने के निर्देश जारी किए गए।

उपायुक्त ने बैठक के पश्चात एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बजौरा से लेकर मनाली तक सभी क्षतिग्रस्त स्थलों का निरीक्षण भी किया। बैठक में अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार,एसडीएम निशांत ठाकुर, परियोजना निदेशक वरुण चारी, अशोक चौहान, विनय हाजरी, जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी सहित अन्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

न्यूज ब्रीफ

कुल्लू में 6, 10 व 17 को होगी वाहन पासिंग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय कुल्लू द्वारा अप्रैल 2026 के लिए वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आरटीओ कुल्लू राजेश भंडारी ने बताया कि आरटीओ कुल्लू में 6, 10, 17, 22 व 28 अप्रैल को वाहनों की पासिंग तथा 27 अप्रैल को ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन होगा। आरएलए कुल्लू में 9 अप्रैल को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। उन्होंने बताया कि मनाली में 7 और 21 अप्रैल को वाहन पासिंग और 8 अप्रैल को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित होंगे। आरएलए बंजार में 18 अप्रैल, उदयपुर में 24 तथा केलांग में 25 अप्रैल को वाहन पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट एक ही दिवस को आयोजित होंगे।

दुर्गा माता मंदिर में आज लगेगा भंडारा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू के ऐतिहासिक अखाड़ा बाजार स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में रविवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि भंडारे रविवार दोपहर 12:00 बजे से प्रभु इच्छा तक श्री दुर्गा माता मंदिर परिसर, अखाड़ा बाजार। हजारों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए बैठने और प्रसाद वितरण के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। भक्ति और सेवा का संगम अखाड़ा बाजार के व्यापारियों और स्थानीय युवाओं की सेवा के लिए तैनात रहेंगी। आयोजन समिति ने समस्त कुल्लू वासियों और आस-पास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से सपरिवार इस पावन अवसर पर पहुँचने और माता के आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है। रविवार का दिन होने के कारण भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। हमारा प्रयास है कि हर भक्त सुगमता से माता के दर्शन कर सके और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य का भागी बने।

परेशानी अटल टनल बंद होने से सोलंगनाला तक लगा वाहनों का जाम, लोग परेशान

मनाली में सीजन से पहले ही 'हांफने' लगा ट्रैफिक

अनंत ज्ञान

एम बोकटापा, मनाली। पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटन सीजन की आधिकारिक शुरुआत से पहले ही यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। शनिवार को मनाली के विभिन्न हिस्सों में वाहनों के पहिए थम गए, जिससे पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। फोरलेन पुल से लेकर हिडिम्बा मंदिर, अलेउ, बाहंग और भूतनाथ मंदिर मार्ग पर भी दिन भर जाम की स्थिति बनी रही।

मनाली में शनिवार को जाम की स्थिति तब और विकराल हो गई जब अटल टनल के आसपास भारी बर्फबारी के कारण प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से एहतियात बरतनी शुरू की। बर्फबारी के चलते अटल टनल को आम वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। केवल फोर बाई फोर वाहनों को ही आपात स्थिति में आगे जाने की

मनाली में ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन। अनंत ज्ञान

अनुमति दी जा रही है। पर्यटकों के वाहनों को सोलंगनाला में ही रोक दिया गया, जिससे सोलंगनाला से पलचान तक गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। सड़कों पर घंटों फंसे रहने के कारण पर्यटकों का उत्साह फीका पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कुछ सुझाव दिए हैं कि सोलंग वैली में बनी पार्किंग का सही इस्तेमाल नहीं हो रहा है। गाड़ियों को सड़क पर लाइन में खड़ा करने के बजाय पार्किंग के भीतर व्यवस्थित किया जाना चाहिए।

इसके अलावा सड़क के किनारे पार्क किए गए वाहन जाम की मुख्य वजह बन रहे हैं, जिससे आम जनता को आवाजाही में परेशानी हो रही है। उधर, मनाली प्रशासन ने पर्यटकों और यात्रियों से अपील की है कि वे मौसम का मिजाज देखकर ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं। बर्फबारी वाले क्षेत्रों में जाने के लिए सावधानी बरतें और केवल अधिकृत सूचना के आधार पर ही आगे बढ़ें।

पुलिस की कमी बड़ी चुनौती

इस बार जाम से निपटने में पुलिस के पसीने छूट रहे हैं, जिसका मुख्य कारण मैनपावर की कमी है। वर्तमान में मनाली पुलिस के पास जवानों की भारी कमी है क्योंकि अधिकांश जवानों को चुनाव ड्यूटी के लिए असम भेजा गया है।

"**बर्फबारी** के चलते अटल टनल यातायात के लिए बंद है। आपात स्थिति में सिर्फ फोर बाई फोर वाहन ही भेजे जा रहे हैं। वहीं, मनाली में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है। जवानों की कमी के बावजूद उपलब्ध बल के साथ यातायात नियंत्रण के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।"

-केडी शर्मा, डीएसपी मनाली।

कुल्लू में 26 ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिले की उन 26 ग्राम पंचायतों के लिए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग चंद्र शर्मा ने जारी किया है। यह कदम उन पंचायतों के लिए है जो पुनर्गठन, नव-गठन या शहरी निकायों में विलय की प्रक्रिया में सम्मिलित रही हैं। इन पंचायतों की सूचियां प्रारूप-1 पर सार्वजनिक रूप से प्रकाशित कर दी गई हैं। इसमें नगर, कुल्लू, बंजार, भुन्तर, आनी और निरमण्ड की विभिन्न पंचायतें शामिल हैं। नागरिक अब संबंधित खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र पर किसी भी दावे या आपत्ति को दर्ज करवा सकते हैं। दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तिथि 13 अप्रैल है। इसके पश्चात 17 अप्रैल तक निर्णय लिया जाएगा। अपील की अंतिम तिथि 24 अप्रैल व अंतिम निर्णय 27 अप्रैल तक लिया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 अप्रैल को या उससे पूर्व कर दिया जाएगा। प्रपत्र प्राप्त पंचायत और खंड विकास अधिकारी कार्यालयों में निःशुल्क उपलब्ध हैं।

चांद कुल्लुवी को स्वर लहरियों से दी श्रद्धांजलि

सूत्रधार भवन में प्रार्थी की 110वीं जयंती पर किया सांस्कृतिक उत्सव

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। प्रदेश की भाषा, कला और संस्कृति के पुरोधा एवं पूर्व मंत्री स्व. लाल चंद प्रार्थी की 110वीं जयंती के उपलक्ष्य पर सूत्रधार कला संगम ने कुल्लू के सूत्रधार भवन में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद् डॉ. निरंजन देव शर्मा मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन और स्व. लाल चंद प्रार्थी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने डॉ. निरंजन देव शर्मा व उनकी पत्नी प्रतिमा शर्मा को कुल्लवी परंपरा के अनुसार शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस सांस्कृतिक संध्या में अमीशा सेन, रिया, सुशीला, सनी, धनवंती, कादम्बिनी शर्मा, शुभम, अनुष्का, विजय, करिश्मा, कृष्णा शर्मा, डिम्पल, अर्पिता, संजय पुजारी, जीवन बुडाल और धर्मेंद्र शर्मा ने लोकगीत, फिल्मी गीत और गजलें प्रस्तुत कीं। रेखा द्वारा नृत्य 'लो आ गई फिर उनकी याद' विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। तबले

स्व. प्रार्थी का योगदान अविस्मरणीय: दिनेश

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने स्वागत भाषण में स्व. प्रार्थी (जिन्हें 'चांद कुल्लुवी' के नाम से भी जाना जाता है) के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्व. प्रार्थी न केवल एक कुशल राजनीतिज्ञ थे, बल्कि एक उच्च कोटि के साहित्यकार और कवि भी थे। भाषा अकादमी की स्थापना और कुल्लू दशहरा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में उनका योगदान ऐतिहासिक है।

पर पं. विद्या सागर, बांसुरी पर निशांत गौतम, हारमोनियम पर संजय पुजारी और गिटार पर विजय ने संगत दी। मुख्य अतिथि डॉ. निरंजन शर्मा ने कहा कि यह युवाओं को सृजनात्मक कार्यों से जोड़कर समाज में व्याप्त दुर्व्यसनों से बचाने का सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने प्रार्थी की प्रसिद्ध कृति 'कुलुत देश की कहानी' के अंश साझा किए और विश्व पुस्तक मेला 2026 में चर्चित अपने उपन्यास 'बाजार' की एक प्रति संस्था को भेंट की। कार्यक्रम में स्व. प्रार्थी के सुपौत्र अनुराग प्रार्थी ने अपनी स्मृतियां साझा कीं। मंच का संचालन सुंदर श्याम महंत ने किया। अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, व्यापार मंडल अध्यक्ष मदन लाल सूद, जिला रेड क्रॉस समन्वयक चन्द्र केश शर्मा, समाजसेवी भुवनेश्वर शर्मा तथा सूत्रधार संस्था के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

त्रिलोकपुर मंदिर में चैत्र नवरात्र मेले में उमड़ी आस्था

दिव्य शक्ति पीठ महामाया बाला सुंदरी के दरबार में 3 करोड़ से अधिक चढ़ावा

अनंत ज्ञान

एसपी जैरथ, नाहन। उत्तर भारत की दिव्य शक्ति पीठ महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में 19 मार्च से आरंभ होकर बीते दिन 2 अप्रैल को पूर्णिमा के दिन संपन्न हुए चैत्र नवरात्र मेले में 3,01,32,094 रुपए का चढ़ावा मंदिर ट्रस्ट को प्राप्त हुआ है। इस राशि में मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं की अन्य जुटाई जा रही सुविधाओं की एवज अन्य मदों में प्राप्त नगदी भी शामिल हैं।

महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर।

31,970 किलोग्राम चांदी मां के दरबार में अर्पित

मंदिर ट्रस्ट के असिस्टेंट कमिश्नर एंव एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने बताया कि इस अवधि में मंदिर में भक्तों ने मेले के दौरान मां के दरबार कुल 31 किलो, 970 ग्राम चांदी व 129 ग्राम 350 मिली ग्राम सोना अर्पित किया है।

ऐसे हुई लाखों की आमदनी (रुपए में)

मेले में दुकानों	22,71,700
मेले में पार्किंग	6,70,000
सहकारी बैंक स्कैनर	2,99,541
एसबीआई नेट बैंकिंग	2,95,430
ऑनलाइन गौशाला एकाउंट में	1,33,830
झूला ग्राउंड	4,21,000
बोटिंग	4,51,400

मेले में पहली बार बोटिंग की शुरुआत

राजीव संख्यान ने बताया कि इस बार पहली बार शिव मंदिर सरोवर में श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए बोटिंग की शुरुआती की गई। उन्होंने बताया कि यह प्रयास सफल रहा है। श्रद्धालुओं को वोटिंग की सुविधा मिली है और न्यास की आमदनी में इजाफा भी हुआ है।

8000 दीपों से हुआ महाआरती का आरंभ

एसडीएम ने बताया कि सरोवर में पहली बार 8 हजार दीपों की महाआरती का आरंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि मंदिर न्यास यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सदैव तत्पर है। बहेतर सुविधाओं के लिए जन सुझावों का भी स्वागत है।

सिरमौर के चाढ़ना में दर्दनाक हादसा : स्विफ्ट कार गहरी खाई में गिरी; 2 की मौत, 1 घायल

प्रारंभिक जांच शुरू, शवों को पोस्टमार्टम के लिए राजगढ़ अस्पताल भेजा

अनंत ज्ञान

राजगढ़। सिरमौर जिले में हरिपुरधार–नौहराधार राजगढ़ मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। यह हादसा चाढ़ना के समीप उस समय हुआ जब एक स्विफ्ट कार (एचपी 88ए–6058) अनियंत्रित होकर करीब 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी हरिपुरधार की टीम घटनास्थल पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दुर्घटना के समय वाहन में तीन लोग सवार थे। मृतकों की पहचान गुलशन (18), निवासी जिला सिमडेगा, झारखंड और नरेश कुमार (29), निवासी कुपवी जिला शिमला के रूप में हुई है। वहीं कार चालक विपिन (29), निवासी जिला कांगड़ा हादसे में घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए नौहराधार अस्पताल भेजा गया है। मृतकों के शवों को खाई से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए राजगढ़ अस्पताल भेजा गया है।

खाई में गिरी कार।

पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के परिजनों को 25 हजार रुपए की फौरी राहत राशि प्रदान की जाएगी। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है।
विनोद कुमार, तहसीलदार

इस दुर्घटना में दो युवकों की मौत और एक घायल हुआ है। जिसे उपचार के लिए नौहराधार अस्पताल भेजा गया है।
विनोद कुमार, तहसीलदार

स्कूटी की टक्कर से व्यक्ति घायल, केस दर्ज

अनंत ज्ञान, नाहन। पुलिस थाना पांवटा साहिब में दर्ज शिकायत के अनुसार बीरबल निवासी भूपपुर ने बताया कि वह अपनी दुकान पर मौजूद था, तभी सड़क की दूसरी ओर से आ रही एक स्कूटी ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से व्यक्ति सड़क पर गिर गया और उसे गंभीर चोटें आईं। घायल की पहचान हरि राम निवासी गांव टोकियों, तहसील माजरा के रूप में हुई है। शिकायत में बताया गया है कि स्कूटी चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने स्कूटी नंबर एचपी -85-2070 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

न्यूज ब्रीफ

हर्षवर्धन चौहान दो दिवसीय सिरमौर प्रवास पर

अनंत ज्ञान, नाहन। उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 4 से 6 अप्रैल को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 4 व 5 अप्रैल को शिलाई में लोगों की जन समस्याएं सुनेंगे तथा 6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे हिमाचल पथ परिवहन निगम की नई बस को हरी झंडी दिखाकर शिलाई से शिमला वाया पांवटा साहिब के लिए रवाना करेंगे।

जनसमस्याओं पर प्रशासन को अल्टीमेटम

अनंत ज्ञान, नाहन। क्षेत्र की मूलभूत जनसमस्याओं को लेकर युवाओं और समाजसेवियों का गुस्सा फूट पड़ा। सतौन-रेणुका सड़क की बदहाली, सतौन पुल की जर्जर हालत और बंद पड़ी उपतहसील को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सात दिन के भीतर ठोस कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम कफोटा की अनुपस्थिति में सुपरिंटेंडेंट व तहसीलदार कमरऊ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान युवाओं ने साफ कहा कि वर्षों से लंबित समस्याओं पर जल्द समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र में बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। ज्ञापन में सतौन-रेणुका जी सड़क की खस्ता हालत को प्रमुख मुद्दा बनाया गया। युवाओं ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा है, लेकिन लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। बंद पड़ी सतौन उपतहसील का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि उपतहसील का बंद होना क्षेत्र की जनता के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने इसे तत्काल प्रभाव से बहाल करने की मांग की।

कंडाघाट के बाबा थड़ा मूला का यज्ञ आज

अनंत ज्ञान, कंडाघाट। रामायण और महाभारतकाल की प्रमुख घटनाओं से जुड़े करोल पर्वत के आगोश में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा थड़ा मूला जी कंडाघाट का यज्ञ और भंडारा आज आयोजित होगा। यह धार्मिक कार्यक्रम जय बाबा टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के सौजन्य से किया जाता हैं। यह पवित्र धार्मिक स्थान सोलन जिला के प्रथम पंक्ति में आने वाले धार्मिक स्थानों में शामिल हैं। यंहा स्थानीय इलाकों के लोगों, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और उत्तराखंड सहित उत्तरी भारत के बहुत से लोगों की श्रद्धा है। धार्मिक कारणों से यंहा महिलाओं का आना वर्जित माना गया हैं। लोगों की मान्यता अनुसार यह धार्मिक स्थान चमत्कारी फल देने वाला हैं। श्रद्धा से आने वाला इनकी चौखट से कभी खाली नहीं गया।

नवगांव में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम शुरू

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। पीएचसी नवगांव में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. पूजा की उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रथम लाभार्थी के रूप में 14 वर्षीय मिस नैना, पुत्री हरि राम, निवासी ग्राम असलू (चाखड़) को एचपीवी टीका लगाया गया। पीएचसी नवगांव में यह टीकाकरण अभियान 4, 5 अप्रैल तथा 12 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा।

कांग्रेस को कसौली में बड़ा झटका : ठाकुर दास ने थामा भाजपा का दामन

अनंत ज्ञान, परवाणु। कसौली निर्वाचन क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और नगर परिषद परवाणू के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर दास ने शनिवार को भाजपा की नीतियों पर भरोसा जताते हुए पार्टी का दामन थाम लिया। प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सेजल ने उन्हें भाजपा का पटका पहनाकर औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल किया। कहा जा रहा है कि ठाकुर दास के साथ उनके कई समर्थक भी इस मौके पर भाजपा में शामिल हो गए। इस स्वागत समारोह में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डेजी ठाकुर सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता के भाजपा में शामिल होने से कसौली विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। ठाकुर दास का यह कदम स्थानीय स्तर पर भाजपा को मजबूती प्रदान कर सकता है।

नौणी विवि को बागवानी श्रेणी में स्कोच अवार्ड (सिल्वर) से किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, सोलन। डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी को बागवानी श्रेणी में प्रतिष्ठित स्कोच अवार्ड (सिल्वर) से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परियोजना 'प्राकृतिक खेती आधारित एफपीसी के उद्यमिता सशक्तिकरण को संस्थागत तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से बढ़ावा देना' के लिए प्रदान किया गया। स्कोच अवार्ड, जिसकी स्थापना वर्ष 2003 में हुई, उन व्यक्तियों, परियोजनाओं और संस्थानों को सम्मानित करता है जो देश को बेहतर बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। यह पुरस्कार सुशासन, समावेशी विकास, प्रौद्योगिकी और सामाजिक प्रभाव में उत्कृष्टता को रेखांकित करता है तथा प्रभावी पहलों का एक महत्वपूर्ण ज्ञान भंडार भी तैयार करता है। कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि यह सम्मान प्राकृतिक और सतत् कृषि प्रणालियों को बढ़ावा देने के हमारे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है।

डीएवी की छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिता में हासिल किया द्वितीय स्थान

अनंत ज्ञान, नाहन। डीएवी सिरमौर पांवटा साहिब की छात्रा अहाना ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार पांवटा साहिब की नौवीं कक्षा की छात्रा अहाना ने अलीगढ़ के जयपुरिया स्टेडियम स्कूल में 28 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट नृत्य से जजों और दर्शकों को प्रभावित करते हुए यह उपलबिध हासिल की है। इस प्रतियोगिता के जज मशहूर कोरियोग्राफर व एक्टर धर्मेश रहे, जिन्होंने अहाना के प्रदर्शन की सराहना की।

केंद्र ने 250 करोड़ के विभिन्न विकासात्मक प्रोजेक्ट्स को दी स्वीकृति : आरुष

अनंत ज्ञान, सोलन। भाजपा आईटी सेल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आरुष गुप्ता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा और गति प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा लगभग 250 करोड़ रुपए के विभिन्न विकासात्मक प्रोजेक्ट्स को स्वीकृति प्रदान किया जाना गौरव का विषय है। यह निर्णय प्रदेश में पर्यटन अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन प्रोजेक्ट्स के अंतर्गत पर्यटन निगम के होटलों के नवीनीकरण, आधुनिक सुविधाओं के विस्तार तथा नए पर्यटन स्थलों के विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की योजना सहित अन्य परियोजनाएं प्रदेश के पर्यटन मानचित्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगी।

सोलन के कथेड़ी में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के निर्माण में आएगी तेजी

40 करोड़ रुपए की राशि हुई जारी शूलिनी मेले तक उद्घाटन का लक्ष्य

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। सोलन शहर के कथेड़ी क्षेत्र में बन रहे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अस्पताल का लगभग 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। अब तक इस पर 117 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जबकि कुल अनुमानित लागत 150 करोड़ रुपए है। सरकार ने हाल ही में 40 करोड़ रुपए अतिरिक्त जारी किए हैं, जो अब अस्पताल प्रशासन के पास पहुंच चुके हैं। प्रशासन इन धनराशि को शीघ्र लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सौंप देगा, जिससे बाकी कार्य में तेजी आएगी। यह परियोजना सोलन जिले के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करेगी। इससे न केवल स्थानीय निवासियों को लाभ होगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अस्पताल प्रशासन और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखे हुए है, ताकि निर्धारित समयसीमा में सब कुछ पूरा हो सके। स्थानीय विधायक व स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने भी इस प्रगति पर संतोष जताया है। शूलिनी मेले के दौरान होने वाले उद्घाटन से क्षेत्रवासियों में उत्साह है।

निर्माणाधीन हॉस्पिटल

मिलेंगी सभी आवश्यक सुविधाएं

इस आधुनिक अस्पताल में मरीजों को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। इसमें 200 बिस्तरों की क्षमता वाला मुख्य अस्पताल ब्लॉक के साथ 50 बिस्तरों का ट्रॉमा सेंटर और मातृ एवं शिशु अस्पताल (मेच्योरिटी एंड चाइल्ड हॉस्पिटल) भी बनाया जा रहा है। ट्रॉमा सेंटर बनने से आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

सरकारी घोषणा के बाद 40 करोड़ रुपए प्रशासन को मिल चुके हैं। इन्हें जल्द से जल्द पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित किया जाएगा। निर्माण एजेंसी पूरे जोश के साथ कार्य कर रही है। मां शूलिनी मेले तक अस्पताल को चालू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
डॉ. राकेश पंवार, चिकित्सा अधीक्षक, क्षेत्रीय अस्पताल सोलन

पैरा एथलीट अनिल, सविता का जज्बा कायम, सरकार से सहयोग की उम्मीद

अनंत ज्ञान

शिलाई। शिलाई क्षेत्र से जुड़े पैरा एथलीट अनिल ठाकुर और सविता नेगी अपनी अद्भुत प्रतिभा, कड़ी मेहनत और अटूट जज्बे के लिए जाने जाते हैं। खेल उनके लिए केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जुनून रहा है। एक हादसे ने उनके जीवन को पूरी तरह बदल दिया। खासकर अनिल ठाकुर को, जो अब व्हीलचेयर पर जीवन बिताने को मजबूर हैं। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और पहले से अधिक दृढ़ संकल्प के साथ खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई। अनिल ठाकुर ने पैरा स्पोर्ट्स में शॉटपुट में राज्यस्तर पर पदक जीता और पैरा बैडमिंटन में राष्ट्रीय स्तर तक भाग लिया। परिस्थितियों के चलते उन्हें अपना पसंदीदा खेल छोड़ना पड़ा, लेकिन उन्होंने पैरा फेंसिंग को अपनाया और इस क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अब तक वह कई राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिताब अपने नाम कर चुके हैं। दूसरी ओर, सविता नेगी ने भी सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हाल ही में जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में उन्होंने क्वार्टर फाइनल तक पहुंचकर आठवां स्थान हासिल किया।

प्रदेश सरकार से अपील

दोनों खिलाड़ी प्रदेश सरकार से आर्थिक सहायता, बेहतर खेल सुविधाएं और रोजगार के अवसर की मांग कर रहे हैं। उन्होंने स्थानीय विधायक एवं उद्योग मंत्री ठाकुर हर्षवर्धन चौहान से सहयोग की अपील की है, ताकि भविष्य में कोई भी खिलाड़ी आर्थिक तंगी के कारण अपने सपनों से वंचित न रहे।

1905 कांगड़ा भूकंप की याद में निकली जागरुकता रैली

अनंत ज्ञान, राजगढ़। आपदा प्रबंधन को लेकर शनिवार को राजगढ़ में प्रशासन द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली एसडीएम कार्यालय से शुरू होकर राजगढ़ बाजार तक निकाली गई, जिसमें स्थानीय स्कूलों, आईटीआई और बीएड कॉलेज के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली के दौरान छात्रों ने हाथों में जागरूकता से जुड़े स्लोगन व बैनर लेकर आम जनता को प्राकृतिक आपदाओं के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया। रैली के कोऑर्डिनेटर प्रवक्ता प्रदीप चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 अप्रैल, 1905 को कांगड़ा में आए विनाशकारी भूकंप ने भारी तबाही मचाई थी, जिसमें हजारों लोगों की जान चली गई थी और लाखों लोग बेघर हो गए थे। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक त्रासदी को याद करते हुए लोगों को आज भी सतर्क रहने की जरूरत है।

अर्की बस स्टैंड का क्षेत्रीय प्रबंधक ने किया निरीक्षण

नवनिर्मित डीजल पंप जल्द होगा शुरू स्थानीय बस सेवाओं को मिलेगी राहत

अर्की बस स्टैंड का निरीक्षण करने पहुंचे क्षेत्रीय प्रबंधक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

कृष्ण रघुवंशी, अर्की। हिमाचल पथ परिवहन निगम सोलन के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेंद्र राजपूत ने बुधवार को अर्की बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने बस स्टैंड परिसर की साफ–सफाई, यात्रियों की सुविधाओं, बैठने की व्यवस्था, टिकट काउंटरों की कार्यप्रणाली तथा निगम स्टाफ की तैनाती की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के मुख्य बिंदुओं में बस स्टैंड में स्थापित निगम के नवनिर्मित डीजल पंप का मूल्यांकन शामिल रहा। राजपूत ने पंप के संचालन से जुड़ी तकनीकी प्रक्रियाओं और सुरक्षा मानकों का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि डीजल पंप से संबंधित अधिकांश औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि बहुत जल्द इस पंप को नियमित रूप से आरंभ कर दिया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि पंप के शुरू होने से अर्की उपमंडल में संचालित होने वाली स्थानीय और क्षेत्रीय बस सेवाओं को सीधा लाभ मिलेगा।

ओमैक्स रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन आज करेगी रक्तदान शिविर का आयोजन

श्री गुरु हरकृष्ण साहिब चेरिटेबल ट्रस्ट सोहाना की टीम करेगी रक्त एकत्रित

अनंत ज्ञान

बद्दी। औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन की सबसे पॉश रेजिडेंशियल सोसाइटी ओमैक्स रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आज रविवार को क्षेत्र के सबसे बड़े रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्री गुरु हरकृष्ण साहिब चेरिटेबल ट्रस्ट सोहाना की टीम ट्रस्ट के संयोजक रितेश गुलाटी की अगुआई में रक्त एकत्रित करेगी।

जानकारी देते हुए ओमैक्स रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जसविंदर सिंह लक्की व महासचिव देवेंद्र चौधरी ने बताया कि रक्तदान शिविर का विधिवत शुभारंभ सुबह 10.30 बजे दून के पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी करेंगे, जबकि जिला पुलिस कप्तान विनोद धीमान व डीएसपी बद्दी योगराज चंदेल विशेषतौर पर शिरकत कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाएंगे।



120 यूनिट रक्त एकत्रित करने का रखा लक्ष्य

ओमैक्स रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जसविंदर सिंह लक्की व महासचिव देवेंद्र चौधरी ने बताया कि शिविर में 120 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। जसविंदर सिंह लक्की ने कहा के ओमैक्स सोसायटी के चुनाव संपन होने के बाद यह पहला रक्तदान शिविर है।

मानवता की सेवा के लिए सोसायटी जारी रखेगी प्रयास

जसविंदर सिंह लक्की ने कहा कि भविष्य में भी समाज और मानवता के सेवा के लिए ओमैक्स रेजिडेंट सोसायटी अपने प्रयास जारी रखेगी। ओमैक्स को हरा भरा बनाने और पर्यावरण की रक्षा के लिए सफाई अभियान और पौधरोपण मुहिम भी शुरू की जाएगी। वहीं आने वाले समय में ओमैक्स सोसायटी स्वास्थ्य जांच व नेत्र जांच शिविरों का भी आयोजन करेगी।

3 युवकों से 6 .96 ग्राम चिट्टा व 30 प्रतिबंधित गोलियां बरामद

अनंत ज्ञान

सोलन। जिला सोलन पुलिस की एसआईयू टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सोलन शहर के एक होटल में दबिश देकर नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने होटल के कमरा नंबर–6 में ठहरे तीन युवकों से 6.96 ग्राम चिट्टा और 30 गोलियां प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बरामद की हैं। आरोपियों की पहचान सूरज, वैभव शांडिल और हर्ष दिलटा के रूप में हुई है, जो क्रमशः शिमला और सोलन जिले के निवासी हैं। पुलिस ने मौके पर ही तीनों को गिरफ्तार कर लिया और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है तथा उनके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

दुकान से 10 लीटर अवैध शराब पकड़ी

अनंत ज्ञान, नाहन। रेणूका ब्लॉक में एक मनयारी की दुकान में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तालाशी ली। दुकान से 10 लीटर 750 मिली लीटर कच्ची शराब बरामद की है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस थाना संगड़ाह में टीम को गश्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि संजीव कुमार पुत्र श्री प्रताप सिंह निवासी गांव कठोल, डाकघर चुरवाधार तहसील राजगढ़ जिला सिरमौर, लाना चेता में अपनी मनियारी की दुकान में कच्ची शराब बेचने का अवैध धंधा करता है। जिस पर पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान संजीव कुमार की दुकान से 10 लीटर 750 मिली शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी मामला दर्जकर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

सम्मान | उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रचा इतिहास, परिवार और क्षेत्र का बढ़ाया गौरव

शिलाई के संदीप शर्मा बने एनसीसी लेफ्टिनेंट

अनंत ज्ञान

शिलाई। जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के होनहार युवा लेफ्टिनेंट संदीप शर्मा ने एनसीसी ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी, काम्पटी, नागपुर में आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया।

चुन्नीलाल परेड ग्राउंड पर हुई इस गरिमामयी परेड की समीक्षा लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने की, जिसमें देशभर से आए 530 कैडेट्स ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया। गुरु गोविंद सिंह महाविद्यालय पांवटा साहिब में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में सेवा दे रहे संदीप शर्मा शिलाई क्षेत्र के इकलौते ऐसे अधिकारी हैं, जिन्होंने सीटीओ के तीन वर्षीय सफल कार्यकाल के बाद कमीशन प्राप्त किया।

पासिंग आउट परेड के दौरान संदीप शर्मा परिजनों के साथ। अनंत ज्ञान

परिवार ने कंधे पर स्टार लगाकर किया सम्मानित

शपथ परेड के बाद पासिंग सेरेमनी में उनके माता नतो देवी, पिता जगत राम शर्मा (हिमाचल राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित, शास्त्री शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त), बड़े भाई कुलदीप शर्मा (एसटीईओ), मामा रमेश चंद शर्मा और सूबेदार मेजर मोहन शर्मा ने कंधे पर लेफ्टिनेंट स्टार लगाकर उन्हें सम्मानित किया। यह क्षण परिवार और क्षेत्र के लिए भावुक और गौरवशाली रहा।

सेवा भावना युवाओं के लिए प्रेरणा

शिलाई तहसील के ग्राम पंचायत पंजोड़ निवासी संदीप का परिवार पहले से ही गौरवशाली परंपरा का वाहक है। इसमें आईएएस अधिकारी व वर्तमान विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा, एचपीएस अधिकारी, चिकित्सक और प्रोफेसर शामिल हैं। संदीप की कर्तव्यनिष्ठा, सौम्य स्वभाव और सेवा भावना क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

ईरान और अमेरिका-इसराइल युद्ध में मध्यस्थ बन रहे पाक को लगा झटका

यूएई ने दिखाया आईना, वापस मांगा 3.5 अरब डॉलर का कर्ज

एजेंसी, इस्लामाबाद।
ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए पाकिस्तान मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि इस बीच यूएई ने उसे आईना दिखाते हुए अपना 3.5 अरब डॉलर का कर्ज वापस मांग लिया है।

आर्थिक मोर्चे पर तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को संयुक्त अरब अमीरात के इस कदम से बड़ा झटका लगा है। यूएई की तरफ से कर्ज चुकाने की अवधि को बार-बार बढ़ाया जा रहा था। हालांकि, शुक्रवार को आई मीडिया रिपोर्ट्स में साफ किया गया है कि यूएई ने पाकिस्तान से इस महीने के अंत तक सारा कर्ज वापस करने के लिए कहा है। मौजूदा समय में पाकिस्तान के पास विदेशी मुद्रा भंडार में 21 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि है। विदेशी मुद्रा भंडार की राशि से पाकिस्तान फिलहाल यूएई को कर्ज चुका सकता है, लेकिन आने वाले महीनों में देश को बाहरी वित्तीय मदद की आवश्यकता पड़ सकती है।

हालांकि, पाकिस्तान दुनिया के अन्य देशों के सामने हाथ फैलाकर ही अपनी गाड़ी को आगे खींच रहा है। 31 मार्च 2026 तक पाकिस्तान ने आईएमएफ से लगभग 729 करोड़ डॉलर का कर्ज ले रखा है। ट्रेडिंग इकोनॉमिक्स के अनुसार, पाकिस्तान पर कुल विदेशी कर्ज दिसंबर 2025 की दूसरी तिमाही तक लगभग 138 अरब डॉलर पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)

पाकिस्तान ने कब लिया कर्ज

पाकिस्तान ने 1996-97 में सिर्फ एक साल के लिए 450 मिलियन डॉलर का कर्ज लिया। इसके बाद यूएई ने 2019 में पाकिस्तान को उसके भुगतान संतुलन (बैलेंस ऑफ पेमेंट) को स्थिर करने के लिए वित्तीय सहायता दी थी। इसे 2019 से कई बार बढ़ाया (रोलओवर) गया था। हाल के महीनों में इन विस्तारों की अवधि घटकर केवल एक महीने तक रह गई थी। ताजा फैसले के बाद अब अबू धाबी फंड फॉर डेवलपमेंट के जरिए जमा की गई रकम को लेकर अनिश्चितता खत्म हो गई है। पाकिस्तान 3.5 अरब डॉलर की इस पूरी राशि को इसी महीने में तीन किस्तों में लौटाएगा। अप्रैल की 11, 17 और 23 तारीख को पाकिस्तान क्रमश: 450 मिलियन डॉलर, 2 अरब डॉलर और 1 अरब डॉलर वापस करेगा।

ईरान में फंसे भारतीय मछुआरों की सुरक्षित वापसी : जयशंकर

एजेंसी, नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को ईरान में फंसे भारतीय मछुआरों की सुरक्षित निकासी में सहयोग के लिए आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारात मिर्जोयान और वहां की सरकार का आभार व्यक्त किया। डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि आर्मेनिया के सहयोग से भारतीय मछुआरों को ईरान से निकालकर आर्मेनिया के रास्ते सुरक्षित रूप से भारत लाया गया है। उन्होंने इस मानवीय सहायता के लिए आर्मेनियाई सरकार के प्रति कृतज्ञता जताई। विदेश मंत्रालय के अनुसार संबंधित एजेंसियों के समन्वय से यह निकासी अभियान पूरा किया गया। मछुआरे पहले ईरान में फंसे हुए थे, जिन्हें सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराते हुए आर्मेनिया के जरिए भारत वापस लाया गया। (अनंत ज्ञान)

◆ **आर्मेनिया के सहयोग पर जताया आभार**

अल्पसंख्यकों पर हमला करने वालों से केरल के मुख्यमंत्री की सांठगांठ : राहुल

एजेंसी, अलप्पुझा (केरल)
कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक गठबंधन (एलडीएफ) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि देश के अन्य हिस्सों में 'अल्पसंख्यकों पर हमला करने वाले' लोगों के साथ मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की सांठगांठ है।

गांधी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा-एलडीएफ के बीच गठजोड़ का आरोप दोहराया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर चुनाव प्रचार के दौरान शबरिमला मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेता के साथ मंच साझा करने वाले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पूर्व नेता जी सुधाकरन का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी मौजूदगी एलडीएफ के भीतर गहरी दरार का संकेत है। सुधाकरन अंबलप्पुझा से यूडीएफ के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। गांधी ने कहा कि मंच पर एक वरिष्ठ वामपंथी नेता बैठे हैं। इसके पीछे कारण है। ऐसा नहीं है कि उन्होंने अचानक अपनी सोच बदल ली है। जो लोग वर्षों तक किसी राजनीतिक संगठन में रहते हैं, वे उसके मूल्यों को आत्मसात कर लेते हैं। वे अवसरवादिता के कारण यहां नहीं हैं, बल्कि इसलिए हैं क्योंकि एलडीएफ में मूल भावना बदल गई है। उन्होंने कहा कि 'एलडीएफ का मतलब है 'वाम लोकतांत्रिक मोर्चा', लेकिन अब साफ तौर पर उसमें कुछ भी 'वामपंथी' नहीं रह गया है। चुनाव के बाद स्थिति और भी बदतर हो जाएगी।' गांधी ने आरोप लगाया कि एलडीएफ ऊपर से कुछ और दिखती है, लेकिन असल में उसकी दिशा कहीं और से तय हो रही है, इसी कारण उसके नेता व कार्यकर्ता भी असहज हैं।

उन्होंने कहा कि एलडीएफ पर ऐसी ताकतों का प्रभाव है जो सांप्रदायिक राजनीति करती हैं, भारत के संविधान को नहीं मानतीं, लोगों को बांटती हैं और नफरत फैलाती हैं। केरल में हर कोई भाजपा, आरएसएस तथा माकपा के बीच संबंध देख सकता है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एलडीएफ में दो तरह के नेता हैं- 'एक वे जो सत्ता के लिए अवसरवादी रुख अपनाते हैं और भाजपा-आरएसएस के समर्थन की परवाह नहीं करते, तथा दूसरे वे जो वर्षों तक पार्टी के लिए काम करने के बाद अब खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।' (अनंत ज्ञान)

संसद में गाली देने-माइक तोड़ने नहीं गया : राघव

एजेंसी, नई दिल्ली
आम आदमी पार्टी में अंदरूनी तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब राघव चड्ढा ने नया वीडियो जारी कर 'आप' के आरोपों पर पलटवार किया है। राघव ने कहा कि मेरे खिलाफ एक स्क्रिप्टेड कैंपेन चलाया जा रहा है। एक ही जैसी भाषा, एक ही जैसे आरोप, यह एक सोचा-समझा कैंपन है। उन्होंने कहा कि संसद में गाली देने-माइक तोड़ने नहीं गया। 'आप' ने मुझपर तीन आरोप लगाए। इन्हीं तीन आरोपों की वजह से मुझे संसद में बोलने से रोका गया। तीन आरोपों को निराधार और झूठा बताया है। उन्होंने विपक्ष के वॉकआउट पर साथ न देने, सीईसी हटाने की याचिका में सहयोग न करने के आरोपों का कड़ा खंडन किया है। उन्होंने कहा कि वे संसद में जनता के मुद्दे उठाने और प्रभावशाली काम करने के लिए गए थे, न कि शोरगुल मचाने। 'मैं विपक्ष के वॉकआउट के दौरान वहां बैठा रहता हूं, ये सरासर झूठ है।' 'आप' एक मौका ऐसा बता दे कि जब विपक्ष ने वॉकआउट किया हो और उन्होंने साथ न दिया हो। पार्लियामेंट में तो हर जगह सीसीटीवी कैमरा है। सीसीटीवी फुटेज निकालकर दिखा दे कि राघव ने वॉकआउट में विपक्ष का साथ न दिया हो। आम आदमी पार्टी के किसी भी नेता ने इस प्रस्ताव पर साइन करने को नहीं कहा, न औपचारिक तौर पर, न अनौपचारिक तौर पर। राघव ने कहा कि मैं राज्यसभा में चीखने चिल्लाने, गाली गलोच करने, माइक तोड़ने नहीं गया हूं। मैं वहां जनता के मुद्दे उठाने गया। मैं लोगों की ही बात की, मैंने जीएसटी से इनकम टैक्स की बात की। (अनंत ज्ञान)

चीन की ओर नहीं मुड़ा ईरान से आ रहा कोई जहाज, सरकार ने खबरों को बताया बेबुनियाद

एजेंसी, नई दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ईरानी कच्चे तेल की खेप को लेकर फैल रही खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट्स को सिरे से खारिज किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह दावा तथ्यात्मक रूप से गलत है कि भुगतान संबंधी दिक्कतों के कारण गुजरात के वडीनार से ईरान का कच्चा तेल चीन की ओर मोड़ा गया। मंत्रालय ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में सप्लाई से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद भारतीय रिफाइनरियों ने अपनी कच्चे तेल की जरूरतों को सुरक्षित कर लिया है, जिसमें ईरान से आयात भी शामिल है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि ईरानी कच्चे तेल के भुगतान को लेकर किसी तरह की कोई बाधा नहीं है, जैसा कि कुछ अफवाहों में दावा किया जा रहा है। सरकार ने दोहराया कि आने वाले महीनों के लिए भारत की कच्चे तेल की आवश्यकताएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और सप्लाई को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है। दरअसल, तेल बाजार पर नजर रखने वाली एजेंसी केप्लर ने दावा किया था कि ईरान से लगभग 6 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर भारत आ रहा एक जहाज अचानक अपना मार्ग बदलकर चीन की दिशा में बढ़ गया। यह जहाज, जिसका नाम 'पिंग शुन' है, वीरवार रात तक अरब सागर में भारत के रास्ते पर था और इसके गुजरात के वाडिनार बंदरगाह पहुंचने की संभावना जताई जा रही थी। (अनंत ज्ञान)

सुप्रीम कोर्ट ने एक साथ कर दिया 61 मुकदमों का निपटारा

32 साल बाद पति-पत्नी को मिला तलाक

एजेंसी, नई दिल्ली
सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसे तलाक को मंजूरी दे दी जो कि 32 साल पुराना केस था। इस मामले में कुल 61 जगहों पर मामले दर्ज किए गए थे। 1994 से चल रहे तलाक के मुकदमे को जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्ज्वल भुयान की बेंच ने सुनवाई की। इस मामले में संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए लंबे समय से अलग रह रहे पति-पत्नी के तलाक को मंजूरी दे दी। यह केस अवमानना के रूप में सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।

हालांकि, इसी साल जनवरी-फरवरी में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद इसे जल्द निपटारा करने का भरोसा दे दिया था। यह मामला अवमानना कार्यवाही के रूप में सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा था, लेकिन इस वर्ष जनवरी और फरवरी में हुई सुनवाई के दौरान, न्यायालय ने समाधान की संभावना तलाशने के लिए दोनों पक्षों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की। इसके बाद न्यायालय द्वारा सुगम बनाई गई एक सुनियोजित वार्ता प्रक्रिया शुरू हुई, जो अंततः आपसी सहमति से तलाक की मांग करने वाले संयुक्त आवेदन में शामिल हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की उपस्थिति दर्ज करते हुए, पीठ ने जारी अपने आदेश में इस बात पर जोर दिया कि समझौता बिना किसी दबाव या अनुचित प्रभाव के, उनकी स्वतंत्र इच्छा से हुआ था। इसके बाद अदालत ने समझौते की शर्तों की जांच की और उन्हें स्वीकार करने में कोई कानूनी बाधा नहीं पाई। (अनंत ज्ञान)

पत्नी को 1 करोड़ का स्थायी गुजारा भत्ता देना होगा

समझौते के अनुसार, पति को पत्नी को 1 करोड़ रुपए का स्थायी गुजारा भत्ता देना होगा, साथ ही लोनावला स्थित संपत्ति में उसका हिस्सा पंजीकृत उपहार विलेख के माध्यम से हस्तांतरित किया जाएगा। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को रजिस्ट्री में जमा 90 लाख रुपए राशि जारी करने का निर्देश दिया, जिससे समझौते की वित्तीय शर्तें पूरी हो गईं। इस समझौते में दोनों पक्षों के बीच सभी विवादों के पूर्ण समाधान को भी सुनिश्चित किया गया।

लंबित सभी 61 मामलों को किया रद्द: इस बात को ध्यान में रखते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने एक कदम आगे बढ़ते हुए दोनों पक्षों के बीच लंबित सभी 61 मामलों को रद्द कर दिया, जिनमें आपराधिक शिकायतें, घरेलू हिंसा की कार्यवाही, रिट याचिकाएं, अवमानना याचिकाएं और निचली अदालतों, उच्च न्यायालयों और यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय में दायर अपीलें शामिल थीं।

रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फैसला 15 को

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा को ईडी की ओर से समन जारी करने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज सुशांत चंगोट्रा ने 15 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि उसके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है। रॉबर्ट वाड्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर कोर्ट को संज्ञान नहीं लेना चाहिए। कोर्ट ने 2 अगस्त 2025 को वाड्रा समेत इस मामले के 10 आरोपितों को समन जारी किया था। 17 जुलाई 2025 को ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ हरियाणा के शिकोहपुर भूमि से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें वाड्रा और 10 अन्य लोगों के नाम हैं। उनकी कंपनी, मैसर्स स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्रा.लि. का नाम भी है। ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा और उनकी कंपनी की 37.64 करोड़ की 43 संपत्तियों को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जब्त किया है। इस मामले की शुरुआत 2008 में हुई थी। गुरुग्राम के शिकोहपुर में वाड्रा की कंपनी स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी ने साढ़े तीन एकड़ जमीन मात्र साढ़े सात करोड़ रुपये में खरीदी थी। वाड्रा इस कंपनी में डायरेक्टर थे। यह जमीन ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से खरीदी गई थी। इस जमीन का मालिकाना हक सिर्फ 24 घंटे में ही वाड्रा की कंपनी के नाम पर हो गया। स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी ने 2012 में वही जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ रुपए में बेच दी। (अनंत ज्ञान)

भाजपा कार्यालय पर ग्रेनेड हमले का खुलासा, 5 गिरफ्तार

आईएसआई समर्थित मॉड्यूल का खुलासा, पुर्तगाल व जर्मनी से चल रहे थे विदेशी हैंडलर : डीजीपी

एजेंसी, चंडीगढ़
पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस विंग ने चंडीगढ़ पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में सेक्टर-37 स्थित बीजेपी कार्यालय के बाहर हुए ग्रेनेड हमले का खुलासा किया है। इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से एक हैंड ग्रेनेड, एक .30 बोर जिगाना पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बलविंदर लाल उर्फ शम्मी (गांव माजरी, एसबीएस नगर), जसवीर सिंह उर्फ जस्सी (गांव भरापुर, एसबीएस नगर), चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी (गांव सुजावलपुर, एसबीएस नगर), रूबल चौहान (गांव ठाणा, शिमला) और मनदीप उर्फ अभिजोत शर्मा (धूरी, संगरूर) के रूप में हुई है। डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह मॉड्यूल पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के समर्थन से संचालित हो रहा था और इसके विदेशी हैंडलर पुर्तगाल और जर्मनी में बैठे हुए थे। यह एक संगठित नेटवर्क था, जिसमें कई स्तरों पर काम करने वाले सदस्य और सब-मॉड्यूल शामिल थे। उन्होंने बताया कि इस हमले में शामिल दो मुख्य आरोपियों की पहचान भी कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

गौरतलब है कि बुधवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के बाहर ग्रेनेड हमला किया गया था। इस संबंध में एआईजी स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी), एसएएस नगर दीपक पारीक ने बताया कि जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने हथियारों और ग्रेनेड की खेप को अलग-अलग माध्यमों से आगे बढ़ाया, जो अंततः हमलावरों तक पहुंचाई गई।

उन्होंने कहा कि पुर्तगाल में बैठे हैंडलर के निर्देश पर आरोपियों ने आपसी तालमेल से इस हमले को अंजाम दिया। फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। इस मामले में एफआईआर नंबर चार के तहत शस्त्र अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

घरेलू विवाद में पत्नी ने की पति की हत्या

एजेंसी, रेवाड़ी। रेवाड़ी जिले के गांव मोहनपुर में आपसी घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जहां पत्नी ने अपने ही पति की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान करीब 55 वर्षीय सतपाल के रूप में हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर बोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सतपाल का कुछ दिन पहले अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। यह विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया और झगड़ा हिंसक हो उठा। इसी दौरान गुस्से में आकर पत्नी ने सतपाल के सिर पर लोहे की रॉड से जोरदार वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत घायल सतपाल को इलाज के लिए रेवाड़ी के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन हालत गंभीर होने के चलते शुक्रवार रात को उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू कलह से जुड़ा बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस आरोपी पत्नी से पूछताछ कर रही है और पूरे घटनाक्रम की गहराई से जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

फरीदाबाद को देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम नायब सैनी

एजेंसी, फरीदाबाद
मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विश्वास और सबके विकास के लिए काम कर रही है। सरकार ने पिछले 11 सालों में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में 1321 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए है और आगे भी विकास का यह सिलसिला जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री नायब सैनी शनिवार को सेक्टर-12 स्थित हुडा मैदान में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री ने शहर के समग्र विकास को नई गति देते हुए 120 करोड़ 76 लाख रुपये की लागत से चार महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें रेस्ट हाउस के निर्माण पर 50 करोड़ 61 लाख रुपये, डिस्ट्रिक्ट-सह-सीएमओ कार्यालय के निर्माण पर 41 करोड़ 70 लाख रुपये, विभिन्न क्षेत्रों में सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य पर 25 करोड़ रुपये तथा ओल्ड फरीदाबाद में स्कूल भवन निर्माण पर 3 करोड़ 45 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रिमोट के माध्यम से जेसी बोस विश्वविद्यालय में पूर्व में आयोजित मेगा रोजगार मेले में चयनित लगभग 1331 युवाओं को इ-नियुक्ति पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि सरकार फरीदाबाद को देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने स्वच्छता शुभंकर और स्वच्छता कॉमिक का अनावरण किया तथा नगरवासियों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस क्षेत्र में पिछले साढ़े 11 वर्षों में 44 सीएम घोषणाएं की गईं, जिनमें से 24 पूरी हो चुकी हैं, जबकि शेष पर तेजी से कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार जो कहती है, वह करके दिखाती है। इसी का प्रमाण है कि संकल्प पत्र के 217 में से 60 वादे डेढ़ वर्ष में पूरे कर दिए गए हैं और बाकी पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को हरियाणा 'विकसित हरियाणा' के माध्यम से साकार कर रहा है। डबल इंजन सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को धरातल पर उतारा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सरकार विकास और जनहित की बात करती है, तो विपक्ष के कुछ नेताओं को यह रास नहीं आता और वे केवल भ्रम फैलाने तथा झूठ वादों की राजनीति करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी में कमी कर जनता को राहत देने के निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

नए कानूनों को रद्द करवाने की मांग पर नगूरां व अलेवा में गरजे किसान

एजेंसी, जींद। प्रदेश सरकार द्वारा मंडियों में किसानों पर फसल बेचने को लेकर थोपे जा रहे नए कानूनों को रद्द करवाने लेकर शनिवार को किसान तथा आढ़तियों ने हरियाणा संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अलेवा अनाज मंडी के मुख्य गेट पर ताला लगा कर तथा नगूरां खरीद केंद्र पर धरना देकर विरोध जताया। अलेवा धरने की अध्यक्षता मंडी प्रधान गोबिंद लोहान तथा नगूरां में धर्मपाल प्रधान ने की। धरने में मुख्य रूप से भारतीय किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कोथ पहुंचे। इस दौरान नए कानूनों को रद्द करवाने को लेकर किसानों तथा आढ़तियों ने मुख्य मांगों को लेकर अलेवा थाना प्रभारी रामकुमार तथा नायब तहसीलदार उचाना अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। (अनंत ज्ञान)

पंजाब में 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना' लागू, बैसाखी से शुरू होगा पंजीकरण

अनंत ज्ञान

◆ **हर माह सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1000, एससी वर्ग को मिलेंगे 1500 रुपए**

◆ **आंगनबाड़ी व सेवा केंद्रों में होगा फ्री पंजीकरण, डीबीटी से खाते में आएगी राशि**

◆ **ग्रामीण क्षेत्रों में फेसिलिटेटर और मोबाइल ऐप से होगी निगरानी**

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना' का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। राज्य में 13 अप्रैल को बैसाखी के अवसर पर इस योजना का पंजीकरण शुरू होगा। योजना के तहत राज्य की 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को हर महीने वित्तीय सहायता दी जाएगी। सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपए प्रति माह, जबकि अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपए प्रति माह प्रदान किए जाएंगे। इस योजना की घोषणा 8 मार्च को राज्य बजट के दौरान की गई थी।

योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी के पास पंजाब का आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड होना अनिवार्य है। इसके अलावा बैंक खाते की पासबुक और अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के लिए जाति प्रमाण पत्र भी जरूरी होगा। सरकार के अनुसार, योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 13 अप्रैल से शुरू होगी। महिलाएं अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों और सेवा केंद्रों पर जाकर निशुल्क आवेदन कर सकेंगी।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि योजना के तहत मिलने वाली राशि सीधे लाभार्थियों के आधार से जुड़े बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भेजी जाएगी, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर डिप्टी कमिश्नरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ग्रामीण और दूर-दराज क्षेत्रों में महिलाओं की सुविधा के लिए विशेष फेसिलिटेटर और मोबिलाइजर्स की नियुक्ति की जाएगी, जो बैंक खाता खुलवाने और आधार लिंक करने में मदद करेंगे। इसके साथ ही, फर्जीवाड़े को रोकने के लिए मोबाइल ऐप और डैशबोर्ड के जरिए निगरानी रखी जाएगी। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी लाभार्थी की मृत्यु होने पर सहायता राशि तुरंत बंद कर दी जाएगी। हालांकि, अंतिम संस्कार के लिए दी गई एडवांस राशि की वसूली नहीं की जाएगी।

घोषणा नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस कॉउंसिल ऑफ इंडिया की चंडीगढ़ इकाई की नई कार्यकारिणी गठित

एसए खान को मिली अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस काउंसिल ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में आयोजित हुई। कमल कांत जैन परिजाइडिंग ऑफिसर, केंद्रीय सरकार औद्योगिक न्यायाधिकरण-सह-श्रम न्यायालय, चंडीगढ़ एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे और उन्होंने नव-नियुक्त कार्यकारिणी का अभिनंदन किया।

नवनियुक्त प्रेसिडेंट एसए खान की अध्यक्षता में गठित नई कार्यकारिणी में राकेश के शर्मा, गुलशन वर्मा और अशोक कुमार गोयल को स्टेट ऑर्गेनाइज़र बनाया गया है। जसपाल सिंह को स्टेट ऑब्ज़र्वर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मानव बेदी को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। मनमोहन सिंह को सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, विकार अहमद को वाईस प्रेसिडेंट, जीशान उल हक को जनरल सेक्रेटरी, संजीव कपूर को फाइनेंस सेक्रेटरी, आरिफ हुसैन - निर्मल सिंह और सुरेश कुमार बंसल को सेक्रेटरी, पुनीत मोहन सिंह को ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी और अजय कुमार व साहिल बेदी को प्रेस सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा रामदीप सिंह, अतुल राय मरवाहा और गुरमीत सिंह काका संस्था में नए सदस्य शामिल हुए है।

कमल कांत जैन ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस कॉउन्सिल ऑफ इंडिया ने अपनी नई नेतृत्व टीम के साथ चंडीगढ़ इकाई में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। जिसका उद्देश्य न्याय और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करना है। एस ए खान को इस नई टीम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जो संगठन के लक्ष्यों को आगे बढ़ाएंगे। मुख्य अतिथि ने मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने में मानवाधिकार परिषद के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस कॉउंसिल ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ के अध्यक्ष और टीम को सभी पहलुओं में अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने पूरी टीम को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई भी दी।

नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस कॉउंसिल ऑफ इंडिया के नवनियुक्त अध्यक्ष एस ए खान ने कहा कि नई टीम के साथ संगठन ने मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए अपनी जमीनी पकड़ मजबूत करने का लक्ष्य रखा है। इसका उद्देश्य लोगों को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करना और समानता और न्याय के आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाना है। उन्होंने सभी व्यक्तियों का कल्याण सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। एस ए खान ने नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस काउंसिल ऑफ इंडिया के लक्ष्य एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यक्रम में उनके समर्थन और सक्रिय भागीदारी के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। संगठन ने सामूहिक रूप से जनता के अधिकारों की रक्षा करने और उनकी रक्षा करने की प्रतिज्ञा की और इस उद्देश्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

एस ए खान ने महिलाओं के उत्पीड़न, दहेज हत्या, श्रम शोषण, बाल श्रम और शारीरिक अधिकारों सहित सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में संस्था के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा है प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए।

स्पोर्ट्स विंडो

'गोल्डन बूट वाला खिलाड़ी' से मशहूर गिलबर्टसन संगमा का निधन

एजेंसी, गुवाहाटी। 'गोल्डन बूट वाला खिलाड़ी' का विशेषण पाने वाले असम के मशहूर फुटबॉलर गिलबर्टसन संगमा का शनिवार को गुवाहाटी स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। संगमा पिछले कुछ वर्षों से बढ़ती उम्र से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को होने की संभावना है। फुटबॉल में अपने शानदार कौशल के लिए संगमा को 'गोल्डन बूट वाला खिलाड़ी' कहा जाता था। वह राज्य पुलिस टीम का हिस्सा थे और उन्होंने संतोष ट्रॉफी में कई सत्र तक असम का प्रतिनिधित्व भी किया था। संगमा को 2022 में राज्य के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, 'असम सौरभ' से सम्मानित किया गया था। उन्होंने असम पुलिस टीम को बोरदोलोई ट्रॉफी और स्वतंत्रता दिवस कप सहित कई ट्रॉफियां जीतने में भी मदद की। संगमा को 1970 के दशक के मध्य में इंडोनेशिया और थाईलैंड में खेले गए तीन अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए भारतीय टीम में भी चुना गया था। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, 'हम असम के मशहूर फुटबॉलरों में से एक गिलबर्टसन संगमा के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं जिन्हें गोल्डन बूट वाला खिलाड़ी कहा जाता था।' (अनंत ज्ञान)

श्याम सुंदर स्वामी ने कांस्य पदक जीता राकेश और अंजुम चौथे स्थान पर रहे

एजेंसी, बैंकॉक। श्याम सुंदर स्वामी ने अपने सीनियर साथी खिलाड़ी और पेरिस पैरालंपिक के पदक विजेता राकेश कुमार को कड़े मुकाबले वाले प्लेऑफ में हराकर विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में कांस्य पदक जीता। पुरुषों की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा के कांस्य पदक मैच में स्वामी प्लेऑफ में 10-9 से विजयी रहे। इससे पहले दोनों खिलाड़ियों ने समान 143 अंक बनाए थे और इसलिए टाईब्रेक का सहारा लेना पड़ा। पेरिस पैरालंपिक्स में मिश्रित टीम के कांस्य पदक विजेता राकेश ने टाईब्रेक में हार के कारण चौथे स्थान पर रहकर अपना अभियान समाप्त किया। महिला वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में अंजुम तनवार भी दक्षिण कोरिया की प्रतिद्वंदी के खिलाफ कांस्य पदक मैच में 2-6 से हारने के बाद चौथे स्थान पर रहीं। बैंकॉक में हाल में इसी स्थान पर खेले गए एशिया कप के पहले चरण में भारत ने दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य सहित 10 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था। (अनंत ज्ञान)

सनराइजर्स के खिलाफ एलएसजी के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

एजेंसी, हैदराबाद। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां होने वाले मैच में अगर जीत दर्ज करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अहम भूमिका निभानी पड़ेगी। सनराइजर्स की टीम ने अपने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराया था जिससे वह अपने घरेलू मैदान पर सत्र के पहले मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। उप्पल के स्टेडियम में दोपहर के खेल में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है जिससे कि एलएसजी के लिए यह मैच अधिक चुनौतीपूर्ण बन गया है। सनराइजर्स को यहां की परिस्थितियां पसंद हैं और इसलिए वह मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। अपने पहले दो सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने के बावजूद संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली एलएसजी की टीम पिछले कुछ वर्षों से खराब प्रदर्शन कर रही है। इस बार भी उसका अभियान अच्छा नहीं रहा है। (अनंत ज्ञान)

मिशेल वी की खूबसूरती बेमिसाल

मिशेल वी वेस्ट एक प्रसिद्ध अमेरिकी पेशेवर गोल्फर हैं।10 साल की उम्र में सबसे कम उम्र की यूएस वूमेन एमेच्योर पब्लिक लिंक्स क्वालीफायर बनने के बाद, उन्होंने 2014 में अपनी पहली मेजर चैंपियनशिप, 'यूएस वूमेन ओपन' जीती। उन्होंने अपने करियर में चोटों का सामना किया और अब गोल्फ के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में सक्रिय हैं।

आईपीएल : दिल्ली कैपिटल्स की लगातार दूसरी जीत

मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हराया, इम्पैक्ट प्लेयर रिजवी ने बनाए 90 रन

एजेंसी, नई दिल्ली

आईपीएल के 8वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हरा दिया। यह दिल्ली की लगातार दूसरी जीत है। शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम दिल्ली में डीसी ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। मुंबई ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। 163 रन का टारगेट दिल्ली ने 4 विकेट खोकर 18.1 ओवर में हासिल कर लिया।

दिल्ली के लिए इम्पैक्ट प्लेयर समीर रिजवी ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 51 बॉल पर 90 रन बनाए। उनकी सीजन में यह लगातार दूसरी फिफ्टी रही। उनके अलावा पाथुम निसांका ने 44 और डेविड मिलर ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया। मुंबई के लिए दीपक चाहर, कॉर्बिन बॉश और मिचेल सैंटनर को 1-1 विकेट मिला। वहीं, नीतीश राणा को जसप्रीत बुमराह ने रन आउट किया।

इससे पहले, मुंबई के लिए स्टैंड-इन कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतक (51 रन) लगाया। उनके अलावा रोहित शर्मा ने 35, नमन धीर ने 28 और मिचेल सैंटनर ने नाबाद 18 रन बनाए। दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, विपराज निगम और टी नटराजन को 1-1 विकेट मिला। मुंबई इंडियंस के रेगुलर कप्तान हार्दिक पंड्या आज के मैच में नहीं खेले। (अनंत ज्ञान)

धीमी ओवर गति के कारण अय्यर पर लगा 24 लाख रुपए का जुर्माना

पंजाब ने सीएसके के खिलाफ बहुत स्लो गति से की थी बॉलिंग

एजेंसी, चेन्नई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नंबर 7 में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर बड़ी कार्रवाई की गई है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले के दौरान टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण उन पर जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़ा है, यह पंजाब किंग्स का इस सीजन का दूसरा अपराध था। इसके चलते श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं, प्लेइंग इलेवन के अन्य खिलाड़ियों और इम्पैक्ट प्लेयर पर भी कार्रवाई करते हुए या तो 6 लाख रुपए या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना लगाया गया है। शुक्रवार को खेले गए इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 210 रनों के मुश्किल लक्ष्य को 18.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। टीम ने 8 गेंद शेष रहते हुए 5 विकेट से जीत दर्ज की। यह इस सीजन में पंजाब की लगातार दूसरी जीत है, जिससे अंक तालिका में उसकी स्थिति मजबूत हुई है। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों में 50 रन बनाकर पारी को संभाला और टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। वहीं इम्पैक्ट प्लेयर प्रियांश आर्य ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 11 गेंदों में 39 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उनकी आक्रामक शुरुआत ने मैच का रुख पंजाब की ओर मोड़ दिया। (अनंत ज्ञान)

भारतीय बल्लेबाज विशेष प्रतिभा के धनी : पोंटिंग

पंजाब किंग्स में शामिल हैं श्रेयस, अर्शदीप और चहल जैसे शानदार भारतीय खिलाड़ी

एजेंसी, चेन्नई

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने टीम में शामिल भारतीय खिलाड़ियों को विशेष प्रतिभा का धनी करार देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य इन खिलाड़ियों को लेकर टीम को नए सिरे से तैयार करना था। पंजाब किंग्स ने मेगा नीलामी से पहले केवल प्रभसिमरन सिंह और शशांक सिंह को ही अपनी टीम में बनाए रखा था। वह 110.5 करोड़ रुपए के भारी बजट के साथ नीलामी में उतरी थी तथा उसने श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह जैसे खिलाड़ियों को मोटी कीमत पर अपनी टीम से जोड़ा था। पोंटिंग ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा, 'हमारे युवा भारतीय खिलाड़ी विशेषकर शीर्ष क्रम के बल्लेबाज विशेष प्रतिभा के धनी हैं। उनके साथ ऑस्ट्रेलिया के कुछ खिलाड़ियों को लेकर टीम तैयार करने के लिए नीलामी (2024) से पहले हमारी स्पष्ट रणनीति थी कि हम इस पूरी टीम को नए सिरे से तैयार करेंगे, एक फ्रेंचाइजी के रूप में बदलाव लाएंगे और अलग पहचान बनाएंगे।' युवा सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 11 गेंद पर 39 रन की तूफानी पारी खेली थी और इस तरह से उन्होंने पोंटिंग के शब्दों को सही साबित कर दिया। पोंटिंग ने कहा, 'प्रभसिमरन और शशांक को ही रिटेन करने से मुझे उन खिलाड़ियों को चुनने का मौका मिला जिनके साथ मैं काम करना चाहता था।' उन्होंने कहा, 'श्रेयस निश्चित तौर पर सूची में पहले नंबर पर थे, लेकिन अर्शदीप और युजी (चहल) जैसे शानदार भारतीय खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करना वास्तव में महत्वपूर्ण था।' चहल ने बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने चेन्नई के खिलाफ तीन ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। (अनंत ज्ञान)

◆ बोले- टीम में ऑस्ट्रेलिया के भी कुछ जबरदस्त खिलाड़ी शामिल

न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को 66 रन से हराकर जीती सीरीज

मैडी ग्रीन ने खेली नाबाद 141 रन की पारी, ब्रूक हॉलिडे 98 रन बनाकर शतक से चूकीं

एजेंसी, वेलिंगटन

न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को तीसरे वनडे मुकाबले में 66 रन से हराकर सीरीज अपने नाम कर ली। वेलिंग्टन के बेसिन रिजर्व मैदान पर शनिवार (4 अप्रैल) को खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम महज 3 रन पर 3 विकेट गंवा बैठी। तुमी सेखुखुने ने सूजी बेट्स और अमेलिया केर को आउट कर शुरुआती झटके दिए, जबकि अयांडा ह्लूबी ने जॉर्जिया प्लिमर को पवेलियन भेजा।

इसके बाद मैडी ग्रीन और ब्रूक हॉलिडे ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 211 रनों की बड़ी साझेदारी की। मैडी ग्रीन ने नाबाद 141 रन बनाए, जबकि ब्रूक हॉलिडे 98 रन बनाकर शतक से चूक गईं। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 306 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम ने अच्छी शुरुआत की और ओपनर्स ने 68 रन जोड़े। इसके बाद कप्तान लॉरा वोलवार्ड्ट और एनरी डर्कसन ने 77 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हालांकि, वोलवार्ड्ट के आउट होते ही टीम लड़खड़ा गई और स्कोर 145/1 से 154/4 हो गया। इसके बाद साउथ अफ्रीका की पारी बिखर गई और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे।

रोजमेरी मेयर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए और पूरी टीम को 46.1 ओवर में 240 रन पर समेट दिया। (अनंत ज्ञान)

फिडे कैंडिडेट्स-2026, राउंड 5 के परिणाम

जावोखिर ने नाकामुरा को हराकर बढ़त रखी बरकरार

एजेंसी, साइप्रस

फिडे कैंडिडेट्स-2026 के पांचवें राउंड में जावोखिर सिंदारोव ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हिकारू नाकामुरा को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सिंदारोव 5 राउंड के बाद 4.5 अंकों के साथ एकमात्र बढ़त पर बने हुए हैं।

सिंदरोव ने मुकाबले में सही समय पर सेंटर में ब्रेक और सक्रिय रूख के खेल के जरिए नियंत्रण हासिल किया। उन्होंने 14वीं चाल से व्हाइट के क्वींसाइड विस्तार को सजा दी, इसके बाद 16वीं चाल में दबाव बनाया और धीरे-धीरे अपने मोहरों को बेहतर स्थिति में पहुंचाया। इसके बाद उन्होंने 41वीं चाल में निर्णायक प्रहार करते हुए मुकाबला अपने नाम किया।

चौथे राउंड में हार के बाद भारत की दिव्या देशमुख ने वापसी करते हुए तान झोंगयी के खिलाफ ड्रॉ खेला। मुकाबला शुरुआत से ही संतुलित रहा, जहां दोनों खिलाड़ियों ने जल्दी कास्टलिंग कर अलग-अलग विंग्स पर खेलना शुरू किया। 42वीं चाल के बाद उन्होंने पर्पेचुअल चेक के जरिए ड्रॉ सुनिश्चित किया। अन्य मुकाबलों में कातेरिना लाग्नो ने बिबिसारा असाउबायेवा को हराया। ओपन वर्ग में फैबियानो कारुआना ने मथियास ब्लूबाउम को मात देकर 3.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि अनिश गिरी और वेई यी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। महिला वर्ग के एक अन्य मुकाबले में झू जिनर ने आर वैशाली को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

प्रज्ञानानंद ने लगातार दूसरे मैच में ड्रॉ खेला

भारत के आर प्रज्ञानानंद ने लगातार दूसरे मुकाबले में ड्रॉ खेला। उन्होंने आंद्रेई एसिपेंको के खिलाफ थ्रीफोल्ड रिपीटेशन के जरिए अंक बांटे। आर प्रज्ञानानंद ने संतुलित शुरुआत की, लेकिन दोनों खिलाड़ी कोई भी निर्णायक बढ़त नहीं बना सके और अंत में मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ।

सीएसके के लिए गेंदबाजी सबसे बड़ी चिंता: गावस्कर

एजेंसी, चेन्नई। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए सबसे बड़ी चिंता उसकी गेंदबाजी है और उन्हें अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए इस विभाग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सीएसके को मौजूदा सत्र के अपने पहले दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा, जिसमें शुक्रवार को पंजाब किंग्स के हाथों पांच विकेट से मिली हार भी शामिल है।



गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, 'हमने अब तक जो देखा है उससे लगता है कि टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों में सीएसके के लिए सबसे बड़ी चिंता उसकी गेंदबाजी होगी। इसका मतलब है कि उन्हें अपने गेंदबाजों को मौका देने के लिए लगातार 225-230 के आसपास रन बनाने होंगे।' उन्होंने कहा, ''आजकल अधिकतर टीमों की बल्लेबाजी में गहराई है। पंजाब किंग्स को ही लीजिए जिसके पास सातवें नंबर पर मार्कस स्टोइनिस जैसा धाकड़ बल्लेबाज है। कई टीम की बल्लेबाजी में इस गहराई को देखते हुए सीएसके को अपनी गेंदबाजी मजबूत करनी होगी।'

गावस्कर ने कहा, 'मेरा मानना है कि आयुष म्हात्रे के लिए बल्लेबाजी क्रम में तीसरा नंबर अच्छा है। उन्होंने अंडर-19 टीम की तरफ से निचले क्रम में बल्लेबाजी की है, लेकिन नंबर तीन उनके लिए उपयुक्त हो सकता है।' (अनंत ज्ञान)

टी-20 में अब फिनिशर की भूमिका प्रासंगिक नहीं रही

एजेंसी, चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पंजाब किंग्स के हाथों सीएसके की पांच विकेट से हार के बाद पत्रकारों से कहा, 'मुझे नहीं लगता कि टी-20 क्रिकेट में अब फिनिशर जैसी कोई चीज रह गई है। इनिंग की पहली गेंद से ही हर कोई ताबड़तोड़ बैटिंग कर रहा है। अब ऐसा नहीं है कि 16वें ओवर तक रन गति कुछ धीमी रखकर फिर तेजी से रन बनाए जाएं। पहली गेंद से ही प्रत्येक बल्लेबाज आक्रामक अंदाज में खेल रहा है। इसलिए आपके पास ऐसे बल्लेबाज होने चाहिए, जो शुरू से लेकर आखिर तक आक्रामक खेल खेलें और निश्चित रूप से हमारे पास वही टीम है।' (अनंत ज्ञान)

आईपीएल अपने होम ग्राउंड में दूसरी जीत हासिल करने उतरेगी आरसीबी की टीम

लगातार दो हार के बाद सीएसके को जीत की दरकार

एजेंसी, बेंगलुरु

अपने पहले मैच में शानदार जीत हासिल करने के बाद पर्याप्त आराम पाने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम रविवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में लगातार दूसरी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। सीएसके के लिए संजू सैमसन की फॉर्म और गेंदबाजी विभाग का कमजोर होना चिंता का विषय है।

मानसिक और शारीरिक ताजगी के अलावा आरसीबी अब अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में कहीं बेहतर टीम नजर आ रही है। आरसीबी के पास विराट कोहली की अगुवाई में शीर्ष क्रम में दमदार बल्लेबाज हैं। कोहली ने अपने बेजोड़ कौशल के दम पर पावर हिटिंग के इस जमाने में खुद को प्रासंगिक बनाए रखा है। देवदत्त पडिक्कल ने अपने भीतर के असली बल्लेबाज को जगा दिया है जो सनराइजर्स के खिलाफ उनकी 26 गेंद पर खेली गई 61 रन की तूफानी पारी में स्पष्ट नजर आया।

रजत पाटीदार टीम की कप्तानी करने और आरसीबी के मध्य क्रम को मजबूती देने की दोहरी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं।

जहां तक सीएसके का सवाल है तो उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। उसके स्पिनर नूर अहमद और राहुल चाहर शुक्रवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ बुरी तरह फ्लॉप रहे। चेपॉक में ओस का नामोनिशान नहीं होने के बावजूद दोनों ने मिलकर आठ ओवरों में 84 रन लुटाए। तेज गेंदबाज मैट हेनरी, खलील अहमद और अंशुल कंबोज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। (अनंत ज्ञान)

संभावित टीमें

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की ओस्तवाल, सात्विक देसवाल।

चेन्नई सुपर किंग्स: रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, एमएस धोनी, मुकेश चौधरी, रामकृष्ण घोष, संजू सैमसन, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, खलील अहमद, आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, सरफराज खान, अमन खान।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

'अनंत ज्ञान' की प्रति प्राप्त करने
समाचार, विज्ञापन, शुभकामना संदेश
एवं निविदा प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें।

''अनंत ज्ञान – आपकी आवाज, आपका समाचार पत्र''

शिमला – सत्यदेव भारद्वाज, ब्यूरो चीफ, मो. 70181-60595
धर्मशाला – राजेश कुमार, जिला प्रभारी, मो. 98164-48474
सोलन – मोहन चौहान, जिला प्रभारी, मो. 94181-57519
मंडी – अनिल शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 94189-80288
हमीरपुर – विक्रम ढटवालिया, ब्यूरो चीफ, मो. 94180-03422
बिलासपुर – अरुण डोगरा, जिला प्रभारी, मो. 90159-09310
चंबा – राहुल सहगल, वरिष्ठ संवाददाता, मो. 78278-66759
ऊना – राजेश शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 98163-96500
कुल्लू एवं लाहौल/स्पीति – कमलेश वर्मा, जिला प्रभारी, मो. 86298-97600
पठानकोट – अशोक ठाकुर, विशेष संवाददाता, मो. 94184-85666
चंडीगढ़/मोहाली – गुरनाम सागर, स्टाफ रिपोर्टर, मो. 99153-26615

Head Office:- Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H. P.)- 176047
Contact: 01892-299098, 98168-75517
Email: anantgyaanmedia@gmail.com